

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

## बिहार चुनाव

कुल सीट- 243

बहुमत- 122

| | |
|---|---|
| एनडीए | 202 |
| भाजपा | 89 |
| जेडीयू | 85 |
| महागठबंधन | 35 |
| आरजेडी | 25 |
| कांग्रेस | 06 |
| अन्य+ | 06 |

### ये दिग्गज जीते

राघोपुर — तेजस्वी यादव — जीते



मोकामा — अनंत कुमार — जीते



तारापुर — सम्राट चौधरी — जीते



अलीनगर — मैथिली ठाकुर — जीतीं



लखीसराय — विजय कुमार सिन्हा — जीते



रघुनाथपुर — ओसामा साहब — जीते



### ये दिग्गज हारे

महुआ — तेज प्रताप यादव — हारे




छपरा — खेसारीलाल यादव — हारे



चनपटिया — मनीष कश्यप — हारे



दरभंगा — पुष्पम प्रिया — हारीं



**राहुल व तेजस्वी का वोट चोरी का मुद्दा फेल...एनडीए का जंगलराज का मुद्दा छा गया... इस बार जाति राजनाति नहीं चली, विकास व सुशासन पर वोट पड़े एमवाई (मुस्लिम-यादव) की जगह भाजपा का चला एमवाई (महिला-युवा) फैक्टर, एनडीए को 2020 के मुकाबले 70 से ज्यादा सीटों का फायदा**

## 2010 के बाद एनडीए की सबसे बड़ी विजय...देश बोला- ई त गजब हो गईल

# एनडीए ने 'गर्दा उड़ा दिया'

202 / 243

- भाजपा अब सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी
- जनता दल यूनाइटेड दूसरा सबसे बड़ा दल
- तेजस्वी का राजद व राहुल की कांग्रेस पानी मांग गई, तेजस्वी को तो खुद ही जीत के लाले पड़ गए
- राहुल की वोटर अधिकार यात्रा व तेजस्वी की बिहार अधिकार यात्रा फ्लॉप
- प्रशांत किशोर की 'जनसुराज' पार्टी का डिब्बा गोल, खाता ही नहीं खुला

मप्र-महाराष्ट्र के बाद अब बिहार...डेढ़ करोड़ महिलाओं को 10 हजार मानधन देना बना बड़ा गेमचेंजर...वे बनी खेवनहार....पहुंचा दिया 200 पार...तेजस्वी के 30 हजार के वादे पर भारी पड़े ये 10 हजार

### 5 कारण, जिनसे जीता एनडीए

1 भाजपा व जेडीयू ने परिवारवाद, जंगलराज व करप्शन का मुद्दा उठाया, वह असर कर गया है

2 सामाजिक न्याय के तहत डेढ़ करोड़ महिलाओं को बांटे गए 10 हजार मानधन ने बदला माहौल

3 पीएम मोदी का प्रभाव व उपस्थिति ने जीत का वातावरण बना दिया, उन्होंने महिलाओं से कहा कि आपके दो भाई- मैं व नीतीश

4 वोटरों ने नीतीश के नेतृत्व व सुशासन पर भरोसा जताया। उनकी बेदाग छवि बनी एक बड़ा फैक्टर। सत्ता विरोधी छवि नहीं बन सकी

5 चिराग पासवान ने भी झोंकी ताकत, बंपर मतदान भी जीत का बड़ा कारण रहा

एजेंसी ▸▸पटना/नई दिल्ली

बिहार चुनाव को लेकर आए एग्जिट पोल लगभग सही साबित हुए। नतीजों में तेजस्वी व राहुल के महागठबंधन की जबरदस्त दुर्दशा हुई। वहीं, भाजपा व जेडीयू ने जबरदस्त जीत दर्ज की। एक तरह से यह एनडीए की ऐतिहासिक जीत थी तो महागठबंधन की ऐतिहासिक हार। मतदाताओं ने ऐसी नमो सुनामी चलाई कि राहुल-तेजस्वी और यहां तक जनसुराज के प्रशांत किशोर तक को कोई ठौर नहीं मिला। इस जीत में साफ फर्क नजर आया कि एनडीए ने वोटर्स के लिए काम किया और महागठबंधन ने वोट के लिए।

नतीजों पर वोट चोरी के मुद्दे ने उल्टा ही असर डाल दिया। जबकि, एनडीए के विकास और सुशासन के नारे ने राज्य में जाति की राजनीति की धज्जियां उड़ा दीं। यह पहली बार ही हुआ कि वोटर्स ने जाति नहीं, विकास देखा। सुशासन देखा। एनडीए की जीत में महिलाओं ने एक नया मुहावरा रच दिया। डेढ़ करोड़ महिलाओं के खाते में 10-10 हजार रुपए मानधन के डाले गए और सारा का सारा खेल एकतरफा हो गया। वादा तो तेजस्वी ने भी 30-30 हजार रुपए डालने का किया था पर मतदाताओं ने उनके वादे पर यकीन नहीं किया। उनसे पूछा गया कि इतना पैसा लाएंगे कहां से? वे हर घर से एक सदस्य को नौकरी देंगे कहां से? यानी, मप्र और फिर महाराष्ट्र के बाद महिलाओं ने बिहार में एनडीए को जबरदस्त जीत का तोहफा दिया। फिर, लालू परिवार और राजद को जंगलराज व करप्शन का मुद्दा भी भारी पड़ गया। वे इस मुद्दे की काट नहीं ढूंढ पाए जबकि भाजपा व नीतीश ने इसे तार्किक परिणिति पर पहुंचा दिया। तेजस्वी ▸▸शेष पेज 4 पर







पटना भाजपा कार्यालय के बाहर जीत का जश्न

## पीएम मोदी ने कहा कि ये प्रचंड जीत, ये अटूट विश्वास

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा के दिल्ली स्थित कार्यालय पहुंचे। उन्होंने एनडीए की बड़ी जीत पर सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। पीएम मोदी ने कहा कि ये प्रचंड जीत, ये अटूट विश्वास बिहार के लोगों ने गर्दा उड़ा दिया। हम एनडीए के लोग, हम तो जनता जनार्दन के सेवक हैं। हम अपनी मेहनत से जनता का दिल खुश करते रहते हैं, और हम तो जनता जनार्दन का दिल चुरा कर बैठे हुए हैं, इसलिए आज बिहार ने बता दिया है-फिर एक बाद एनडीए सरकार। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में नीतीश कुमार का भी जिक्र किया और जोर देकर कहा कि उन्होंने अच्छा शासन दिया। ▸▸पढ़ें पेज 07 भी



### 5 कारण, जिनसे हारा महागठबंधन

1. राहुल का वोट चोरी का न एटम बम चला न हाइड्रोजन बम, चुनाव आयोग की छवि खराब करना बना बड़ी फांस
2. नामांकन की आखिरी तारीख तक महागठबंधन में सीटों के बंटवारे की स्थिति साफ नहीं थी, वह बिखरा रहा
3. राहुल नहीं चाहते थे कि तेजस्वी सीएम फेस बनें क्योंकि एनडीए के जंगलराज के मुद्दे को इससे ज्यादा हवा मिली
4. राहुल ने तेजस्वी से हाथ मिलाने का खमियाजा भुगता या तेजस्वी ने कांग्रेस से दोस्ती की कीमत चुकाई, या ये दोनों फैक्टर प्रभावी रहे
5. तेजस्वी ने हर घर से एक को नौकरी व महिलाओं को 30 हजार देने का वादा किया, पर वोटरों को यह विश्वसनीय नहीं लगा



राहुल गांधी ने कहा कि महागठबंधन जीत हासिल नहीं कर सका क्योंकि चुनाव की प्रक्रिया शुरुआत से ही निष्पक्ष नहीं थी। यह लड़ाई संविधान और लोकतंत्र की रक्षा की है। परिणाम की गहराई से समीक्षा करेंगे और प्रयासों को प्रभावी बनाएंगे।

## बिहार और आगे बढ़ेगा : नीतीश

सीएम नीतीश कुमार ने एक्स पर लिखा कि बिहार विधान सभा चुनाव 2025 में राज्यवासियों ने हमें भारी बहुमत देकर हमारी सरकार के प्रति विश्वास जताया है। इसके लिए राज्य के सभी सम्मानित मतदाताओं को मेरा नमन, हृदय से आभार एवं धन्यवाद। गठबंधन के सभी साथियों चिराग पासवान, जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा को भी धन्यवाद एवं आभार। आप सबके सहयोग से बिहार और आगे बढ़ेगा और बिहार देश के सबसे ज्यादा विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल होगा।



16 अक्टूबर से शुरू कर दिया था बिहार में चुनाव प्रचार

## 84% रहा सीएम डॉ. यादव का स्ट्राइक रेट, 25 में से 21 सीटें जीतीं



इंदौर के गोपाल मंदिर में सीएम ने माथा टेका और कार्यकर्ताओं को लड्डू खिलाए

### कुल 28 सभाएं लीं और रोड शो किए | 9 नवंबर को ली थी अंतिम सभा

विशेष प्रतिनिधि ▸▸भोपाल

भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से बिहार को लेकर जो उम्मीद की थी, उसमें वे पूरी तरह से खरे उतरे। उन्हें बिहार विधानसभा चुनाव में यादव बाहुल्य सीटों में यदुवंशियों को जोड़ने की जवाबदारी सौंपी गई थी। यह अपेक्षा पूरी करने में वे काफी हद तक सफल रहे। डॉ. यादव ने बिहार चुनाव में 25 विधानसभा सीटों पर प्रचार किया था। इन सीटों पर उनका स्ट्राइक रेट 84 फीसदी रहा। 25 में से 21 सीटों पर एनडीए उम्मीदवार जीतने में सफल रहे। उन्होंने 16 अक्टूबर से प्रचार शुरू किया था और आखिरी सभा उन्होंने 9 नवंबर को ली थी। डॉ. यादव ने लगभग आधे बिहार में 28 सभाएं और रोड शो किए। जिन सीटों पर उन्होंने प्रचार किया, उनमें से अधिकांश में भाजपा और उसके सहयोगी दल ने जीत दर्ज की। शुक्रवार को डॉ. यादव ▸▸शेष पेज 4 पर

### पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा और एनडीए की लहर: डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एनडीए की जीत पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार में कांग्रेस ने राजद को डुबाने का काम किया है। देश ने प्रधानमंत्री मोदी की विकासपरक राजनीति वर्ष 2014 से देखी है। हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली के बाद बिहार के परिणाम यह बता रहे हैं कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा और एनडीए की लहर चल रही है। कांग्रेस और उनके सहयोगी दलों की कुव्यवस्था से जनता का मन टूट चुका है।

## कौन बनेगा सीएम?

बिहार के नतीजे ने बताया 'देश का मूड'

### 'विकसित बिहार' में विश्वास रखने वालों की जीत : शाह



एनडीए की प्रचंड जीत पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि ये विकसित बिहार में विश्वास रखने वालों की जीत है। ये पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस है। शाह ने कहा कि ज्ञान, परिश्रम और लोकतंत्र की रक्षक 'बिहार भूमि' की जनता को कोटि-कोटि नमन। बिहारवासियों द्वारा एनडीए को यह प्रचंड जनादेश, बिहार में विकास, महिलाओं की सुरक्षा, सुशासन और गरीब कल्याण की एनडीए की संकल्प सेवा पर जनता की मुहर है। बिहारवासियों का एक-एक वोट भारत की सुरक्षा और संसाधनों से खेलने वाले घुसपैठियों और उनके हितैषियों के खिलाफ मोदी सरकार की नीति में विश्वास का प्रतीक है। वोटबैंक के लिए घुसपैठियों को बचाने वालों को जनता ने करारा जवाब दिया है।

बिहार भाजपा प्रभारी के बयान ने बढ़ाई अटकलें

### क्या नीतीश कुमार नहीं बनेंगे मुख्यमंत्री?



एनडीए की तरफ से कौन मुख्यमंत्री बनेगा? बिहार भाजपा प्रभारी विनोद तावड़े से जब सवाल किया गया कि एनडीए की तरफ से बिहार का मुख्यमंत्री कौन होगा? इस सवाल के जवाब में तावड़े ने कहा कि समय पर सब पता चल जाएगा। तावड़े के इस बयान ने अटकलें और कयासों को बल दे दिया है कि क्या नीतीश कुमार बिहार के मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे। और भाजपा अपना कोई नेता सीएम फेस के लिए आगे करेगा। तावड़े ने कहा कि हमने बिहार का चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा है। सीएम कौन होगा इसका फैसला पांचों पक्ष मिलकर तय करेंगे।

महागठबंधन के सहयोगी दलों की ऐसी दुर्गति

### जिन्हें डिप्टी सीएम बनना था उनका खाता भी नहीं खुला



मुकेश सहनी ने साल 2018 में विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) का गठन किया था। यह पार्टी निषाद-मल्लाह समुदाय के हितों की पैरोकार होने का दावा करती है। बिहार में इस समुदाय की कुल आबादी महज 2.6 प्रतिशत ही है। मुकेश सहनी महागठबंधन के डिप्टी सीएम पद के चेहरे थे, लेकिन उनकी पार्टी के खराब प्रदर्शन ने उनकी राजनीतिक संभावनाओं पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। वीआईपी को मिली सीटों में से पांच पर तो उसे महागठबंधन की सहयोगी पार्टियों सीपीआई, सीपीआईएमएल, कांग्रेस और राजद के उम्मीदवारों की ही चुनौती का सामना करना पड़ा।

## बिहार ने इस चुनाव में 'परिवर्तन' नहीं, बल्कि 'स्थिरता' को प्राथमिकता दी और यही पूरे परिणाम का सार

सबसे बड़ी चुनौती महागठबंधन की अंदरूनी असहमति और नेतृत्वहीनता रही

## लालू कहा करते थे- राज करब त ठोक के करब...ये नतीजा बताता है कि बिहार अब ऐसी सामंती सोच से बाहर आ चुका है

### एनडीए ने अपने मुद्दों को सुसंगत रखा, संगठन और विश्वसनीय नेतृत्व को चुनाव की धुरी बनाया



राजेश रंजन
वरिष्ठ पत्रकार, पटना


एक्सपर्ट व्यू

बिहार चुनाव के नतीजों ने इस आकलन को सही साबित कर दिया कि महागठबंधन का कमजोर प्रदर्शन किसी आकस्मिक घटना का परिणाम नहीं है। सही मायनों में कहें तो यह महीनों से बन रहे उन राजनीतिक संकेतों का निष्कर्ष था, जिनसे उनकी हार साफ झलक रही थी। चुनाव अभियान के दौरान महागठबंधन न केवल रणनीतिक एकजुटता बनाने में विफल रहा, बल्कि जनता के बीच एक विश्वसनीय विकल्प के रूप में भी खुद को प्रस्तुत नहीं कर पाया। महागठबंधन की रणनीतिक बिखराव, नेतृत्व की अस्पष्टता, जमीन पर कमजोर संगठन और जनता से टकराव में पड़ती चुनावी भाषा ने उसके अभियान को लगातार कमजोर किया। दूसरी ओर एनडीए ने मुद्दों की स्पष्टता, नेतृत्व की विश्वसनीयता और संगठित चुनावी ढांचे के सहारे एक अपेक्षाकृत सहज जीत दर्ज की। बिहार ने इस चुनाव में परिवर्तन नहीं, बल्कि स्थिरता को प्राथमिकता दी और यही पूरे परिणाम का सार है।

सबसे बड़ी चुनौती महागठबंधन की अंदरूनी असहमति और नेतृत्वहीनता रही। कांग्रेस और राजद के बीच तालमेल शुरुआत से ही डगमगाता दिखा। राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के बाद तेजस्वी यादव का अलग यात्रा निकालना इस दरार को और स्पष्ट करता है। टिकट बंटवारे से लेकर संयुक्त सभाओं तक, हर स्तर पर समन्वय की कमी खुलकर सामने आई। तेजस्वी यादव का खुद को मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करने का दबाव और कांग्रेस की मजबूरी में इसे स्वीकार करना रणनीतिक तालमेल से अधिक भीतर की उलझनों को उजागर करता है। स्थिति तब और जटिल हुई जब वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने खुद को डिप्टी सीएम फेस बताने की कोशिश की, जिससे गठबंधन की एकजुटता पर और सवाल खड़े हुए।

### नीतीश की विश्वसनीयता एनडीए के लिए एक 'स्थिर स्तंभ' बनी

एनडीए की चुनावी मशीनरी बेहद संगठित, केंद्रित और आक्रामक दिखी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर गृह मंत्री अमित शाह तक, शीर्ष नेतृत्व ने जंगलराज, आंतरिक सुरक्षा, घुसपैठ और स्थिर शासन जैसे मुद्दों को फिर से धारदार बनाया। शाह की बिहार में निरंतर मौजूदगी, सीट-वार समीकरणों की प्रत्यक्ष निगरानी और असंतुष्ट नेताओं से व्यक्तिगत संवाद, इन सभी ने एनडीए को बढ़त दिलाई। एनडीए ने न केवल अपने मुद्दों को सुसंगत रखा, बल्कि जमीनी स्तर के संगठन और विश्वसनीय नेतृत्व को चुनाव की धुरी बना दिया। महागठबंधन की कथा मतदाताओं से जुड़ नहीं पाई। एसआईआर जैसे ▸▸शेष पेज 4 पर



देश के सबसे बड़े जनजातीय बहुल राज्य होने का

हमें गर्व है

# राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह

जनजातीय महानायक धरती आबा बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर सम्मान स्वरूप प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों एवं विकासखंड मुख्यालयों तथा ग्राम पंचायतों में आयोजन







प्रधानमंत्री
**नरेन्द्र मोदी**
मुख्य अतिथि
(वर्चुअल माध्यम से)

विशिष्ट अतिथि
**मंगुभाई पटेल**
राज्यपाल, मध्यप्रदेश

अध्यक्षता
**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश



**15 नवम्बर 2025**
प्रातः 10:00 बजे- आलीराजपुर
अपराह्न 1:00 बजे - जबलपुर

डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश

## सशक्त होता जनजातीय समाज

### आर्थिक सशक्तिकरण

- जनजाति विकास के लिए ₹ 47,296 करोड़ का बजट प्रावधान
- पेसा कानून से जल, जंगल, जमीन पर अधिकार मजबूत
- तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक ₹ 3000 से बढ़कर ₹ 4000 प्रति बोरा
- 1,069 वनोपज समितियों से जुड़े 41 लाख संग्राहक
- वन अधिकार अधिनियम में 2.89 लाख व्यक्तिगत और 28,754 सामुदायिक दावे स्वीकृत

### धरती आबा एवं पीएम जनमन – बेहतर होता जीवन

- ₹ 500 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का शिलान्यास-लोकार्पण
- 21 जिलों में 66 मोबाइल मेडिकल यूनिट्स संचालित
- 18,000 से अधिक पीवीटीजी घरों का विद्युतीकरण
- 126 वन-धन केंद्र स्थापित, 83 नए स्वीकृत
- एक हेक्टेयर तक के भूमिधारकों को 5HP तक के पंप पर निःशुल्क बिजली

### शिक्षा और अवसर

- 40 लाख से अधिक छात्रों को ₹ 1,566 करोड़ की छात्रवृत्ति
- ₹ 12,000 वार्षिक राष्ट्रीय माध्यमिक मेधा छात्रवृत्ति
- 210 नए जनजातीय छात्रावास और 3 एकलव्य पॉलीटेक्निक कॉलेज स्वीकृत
- 'आकांक्षा' योजना से NEET, JEE, CLAT की कोचिंग सुविधा
- राष्ट्रीय संस्थानों में प्रवेश पर ₹ 50,000 प्रोत्साहन राशि
- विदेश अध्ययन हेतु छात्रवृत्ति
- सिविल सेवा परीक्षाओं में सफल अभ्यर्थियों को प्रोत्साहन राशि

### रोज़गार और आत्मनिर्भरता

- 18,000 से अधिक जनजातीय युवाओं को कौशल प्रशिक्षण
- भगवान बिरसा मुंडा स्व-रोज़गार योजना एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना से 9,000 युवाओं को ₹ 418 करोड़ की स्व-रोज़गार ऋण सहायता
- रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क में 115 प्रशिक्षणार्थियों का प्रवेश

### स्वास्थ्य और सुरक्षा

- सिकल सेल मिशन से 1.17 करोड़ से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग
- बैगा, सहरिया, भारिया बहनों को ₹ 1,500 प्रतिमाह आहार अनुदान

### विरासत से विकास तक

- रानी दुर्गावती एवं राजा भभूत सिंह की स्मृति में कैबिनेट बैठकें
- जबलपुर एयरपोर्ट और मदन महल फ्लाय-ओवर रानी दुर्गावती के नाम पर
- पचमढ़ी अभयारण्य राजा भभूत सिंह के नाम पर
- छिंदवाड़ा में श्री बादल भोई जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय एवं जबलपुर में राजा शंकर शाह तथा रघुनाथ शाह संग्रहालय का लोकार्पण
- सीधी-सिंगरौली में बनेगा बैगा विकास प्राधिकरण
- भगोरिया महोत्सव को मिला राजकीय उत्सव का दर्जा
- शहडोल, धार, खंडवा एवं मंडला में ट्राइबल मार्ट की स्थापना

सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh @jansamparkMP
JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी
D-11141/25
आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2025

भोपाल, शनिवार 15 नवंबर 2025 ■ अगहन मास कृष्ण पक्ष -11 ■ वर्ष : 12, अंक : 225 ■ पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 26 न्यून.13 haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



बिहार में एनडीए की जीत के बाद दिल्ली के भाजपा मुख्यालय में पीएम नरेंद्र मोदी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित कर उत्साहवर्धन किया। पीएम मोदी पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया।

**बिहार चुनाव में जीत का जश्न दिल्ली में...** पीएम शाम को पहुंचे भाजपा कार्यालय कार्यकर्ताओं का गमछा लहराकर अभिवादन किया, इस दौरान सारे कार्यकर्ताओं ने भी गमछा लहराया

## जनता ने जंगलराज वालों का एमवाई फॉर्मूला ध्वस्त किया

# बिहार की जीत ने नया सकारात्मक एमवाई फॉर्मूला दिया है और वो है महिला और युवा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार शाम को बिहार में एनडीए की जीत पर कहा कि बिहार में कुछ दलों ने एमवाय तुष्टिकरण का फॉर्मूला बनाया था, लेकिन आज की जीत ने एक नया सकारात्मक एमवाय फॉर्मूला दिया है ▶▶ शेष पेज 4 पर



प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को मिठाई खिलाते हुए सांसद वीडी शर्मा।

*ढोल की थाप पर नाचे कार्यकर्ता*

## मप्र में जश्न, प्रदेश भर में आतिशबाजी

**भोपाल।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत पर मप्र भाजपा में जश्न का माहौल रहा। प्रदेश भाजपा कार्यालय में बड़ी संख्या में नेताओं और कार्यकर्ता ने पहुंचकर जीत का जश्न मनाया। प्रदेशभर में आतिशबाजी हुई और मिठाइयां बांटी गईं। ▶▶ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### पत्नी और 3 बच्चों की हत्या कर दी जान

**श्रावस्ती।** उप्र के श्रावस्ती में पति ने पहले पत्नी और तीन बच्चों की हत्या की, फिर खुद भी जान दे दी।



पत्नी और बच्चों की लाशें बिस्तर पर थीं, जबकि पति का शव फंदे पर लटक रहा था। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। सुबह जब पांचों सोकर नहीं उठे, तो घरवाले उन्हें जगाने पहुंचे। खिड़की से झांककर देखा तो पत्नी-बच्चों के शव पड़े। फिर दरवाजा तोड़कर परिवार वाले अंदर गए। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है।

### अभिनेत्री कामिनी कौशल का निधन

**मुंबई।** हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री कामिनी कौशल 98 साल की उम्र में इस दुनिया को



अलविदा कह गईं। कामिनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रही थीं। कामिनी कौशल 40 के दशक की सबसे कामयाब एक्ट्रेसेस में शामिल थीं। बॉक्स ऑफिस इंडिया की लिस्ट में 1947 और 1948 में वो टॉप एक्ट्रेस रही हैं। 2022 में आउटलुक इंडिया की 75 बेस्ट बॉलीवुड एक्ट्रेसेस शामिल किया गया था।

### पहला स्वदेशी चैटबॉक्स क्यवेक्स लॉन्च

**नई दिल्ली।** 28 साल के पर्ल कपूर ने भारत का पहला स्वदेशी एआई चैटबॉट लॉन्च कर दिया है।



यह चैटबॉट भी चैटजीपीटी या ग्रोक की तरह काम करता है। इसका नाम क्यवेक्स है। यह एक फ्री-टू-यूज़ एआई आंसर इंजन जो खुद के डेवलप किए गए लार्ज लैंग्वेज मॉडल पर चलता है। यह प्लेटफॉर्म सिर्फ सवाल-जवाब नहीं देता बल्कि डीप रिसर्च और सही कॉन्टेक्स्ट के साथ इनसाइट्स भी देता है।

## सीएम ने मोरतलाई में भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा का किया लोकार्पण

# मप्र जनजातियों का 'अपना घर' जनजातियां हमारी मुकुट मणियां

अबुआ दिशुम-अबुआ राज यानी हमारी धरती, हमारा राज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र जनजातियों का अपना घर है, जिसे ट्राइबल स्टेट भी कहा जाता है। यह उपमा ही हमारे अस्तित्व का सबसे बड़ा अभिनंदन है। जनजातियां, हमारी मुकुट मणियां हैं, यह प्रत्येक मध्यप्रदेशवासी के लिए अत्यंत गौरव और सम्मान की बात है।

अबुआ दिशुम-अबुआ राज यानी हमारी धरती, हमारा राज। हमारी धरती और संस्कृति ही हमारी पहचान है और इसी पहचान का उत्सव हम सब बड़वानी में मना रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को बड़वानी जिले की पानसेमल विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मोरतलाई में जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस वह शंखनाद है, जिसने नई पीढ़ी को वीर जननायकों के बलिदान, शौर्य और साहस से परिचित कराया है। ▶▶ शेष पेज 4 पर

सीएम ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस वह शंखनाद है, जिसने नई पीढ़ी को वीर जननायकों के बलिदान, शौर्य और साहस से परिचित कराया

**पानसेमल में बनेगा रेस्ट हाउस और हाई सेकंडरी स्कूल एसडीओपी कार्यालय भी खुलेगा**

*पूरे प्रदेश में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती भव्य स्वरूप में मनाई जा रही*



सीएम डॉ. यादव ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए

### बड़वानी आते ही मन जनजातीय रंग में रंग गया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे जनजातीय भाई-बहनों ने सदैव अपनी माटी और अपनी संस्कृति के लिए जी-जान एक किया है। राजा भभूत सिंह से लेकर रानी अवंतिबाई तक अनेक जनजातीय नायकों की कहानी हमें आश्चर्य से भर देती है। उन्होंने कहा कि बड़वानी आते ही मन जनजातीय रंग में रंग गया है। मैं वीरों की भूमि बड़वानी की माटी से तिलक करता हूं, क्योंकि इस मिट्टी के कण-कण में रण है। यहां की मिट्टी ने भीमा नायक, खाज्या नायक और वीर बिरजू नायक जैसे अमर बलिदानियों को जन्म दिया। इन वीरों ने अपने पराक्रम से अंग्रेजों को छठी का दूध याद दिला दिया।



ग्राम मोरतलाई में जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर सीएम डॉ. मोहन यादव

### 133 करोड़ की लागत वाले विकास कार्यों का लोकार्पण

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्राम मोरतलाई में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की भव्य आदमकद प्रतिमा का लोकार्पण किया। साथ ही बड़वानी जिले के लिए 133 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले 6 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 5 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर पानसेमल और बारला में उदवहन सिंचाई परियोजना के विस्तार की* ▶▶ शेष पेज 4 पर

### सरकार जनजातीय समुदाय को मान-सम्मान लौटा रही

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार जनजातीय समुदाय को मान-सम्मान और अधिकार सबकुछ लौटा रही है। पेसा कानून देकर हमने आपको मजबूत किया है। वन अधिकार अधिनियम ने लगभग 3 लाख परिवारों को सशक्त किया है। सरकार बनते ही तेंदूपत्ता संग्रहण राशि 3 हजार रुपए प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर 4 हजार रुपए प्रति मानक बोरा कर दी। वनोपज* ▶▶ शेष पेज 4 पर

## कश्मीर घाटी के पुलिस थाने में धमाका

# जब्त अमोनियम नाइट्रेट में हुआ विस्फोट, कई घायल

विस्फोट उस समय हुआ जब एफएसएल टीम विस्फोटक सामग्री की जांच कर रही थी



नौगाम पुलिस थाने में रखा था अमोनियम नाइट्रेट

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के दक्षिण श्रीनगर इलाके में गुरुवार को रात करीब 11:45 बजे एक जबरदस्त ब्लास्ट हुआ। नौगाम में पुलिस स्टेशन के अंदर ये धमाका हुआ। कई लोगों के हताहत होने की आशंका है। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। पुलिस के मुताबिक, यह विस्फोट अमोनियम नाइट्रेट में हुआ है, जिसे कुछ वक्त पहले जब्त किया गया था। यह विस्फोट उस ▶▶ शेष पेज 4 पर

### जैश के पोस्टर लगाने के का यहीं हुआ था पर्दाफाश

नौगाम के थाना प्रभारी ने ही इलाके के विभिन्न स्थानों पर आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के पोस्टर लगाने के मामले का पर्दाफाश किया था। जिसमें डॉक्टरों सहित उच्च-योग्य पेशेवर शामिल थे। अक्टूबर में गिरफ्तार डॉक्टरों में से एक अदील अहमद राठेर कश्मीर में सुरक्षा बलों और बाहरी लोगों पर बड़े हमलों की चेतावनी देने वाले पोस्टर लगाते हुए देखा गया था। जो बाद में दिल्ली में हुए विस्फोट के पीछे पाया गया, जिसमें इस हफ्ते की शुरुआत में 13 लोगों की जान चली गई थी।

## दिल्ली बम धमाका मामला

# पुलवामा में रातों-रात आतंकी उमर नबी का मकान धराशायी

कार्रवाई से पहले डीएनए मैच किया था



पुलवामा में डॉ. नबी (इनसेट में) का ध्वस्त घर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में 10 नवंबर को लाल किले के पास हुए धमाके के मामले में आतंकी डॉ. उमर नबी के पुलवामा स्थित घर को सुरक्षाबलों ने ध्वस्त कर दिया है। यह कार्रवाई 13-14 नवंबर की दरमियानी रात पुलवामा के कोईल इलाके में की गई, जहां घर को विस्फोटक सामग्री का उपयोग करके गिराया गया। धमाके में इस्तेमाल की गई आई20 कार, जिसमें भारी मात्रा में विस्फोटक रखा गया था, जिसे उमर नबी ही चला रहा था। जांच एजेंसियों ने उमर की पहचान घटनास्थल से मिले डीएनए नमूने उसकी मां के डीएनए से मैच होने के बाद पक्की की। जांच में सामने आया है कि पाकिस्तानी हैंडलर आतंकी डॉ. उमर को पल-पल की अपडेट दे रहा था। मुजम्मिल की गिरफ्तारी के बाद हैंडलर ने डॉ. उमर को कहा कि तुम यहां से जल्दी निकलो। पाकिस्तानी हैंडलर ने उमर को मेवात समेत आस-पास के इलाके में छिपने के ठिकाने बताए। इस दौरान पाकिस्तानी हैंडलर ने ही डॉ. उमर ▶▶ शेष पेज 4 पर

## यूएन महासचिव से जयशंकर की मुलाकात

# भारत की प्रगति के समर्थन के लिए गुटरेस की सराहना की



वैश्विक हालात और भारत की भूमिका पर अहम चर्चा

**नई दिल्ली।** घरेलू और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों के बीच विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर की न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासचिव (यूएनएसजी) एंटोनियो गुटेरेस से एक महत्वपूर्ण मुलाकात हुई। जिसमें वर्तमान में बनी हुई अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था और बहुपक्षवाद के प्रभावों पर उनके आकलन की सराहना की गई। एक्स पर एक पोस्ट के जरिए विदेश मंत्री ने बताया कि न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासचिव से हुई मुलाकात ▶▶ शेष पेज 4 पर

## पं. धीरेंद्र शास्त्री की तबीयत बिगड़ी

# चलते-चलते सड़क पर लेट गए डॉक्टर बोले- फेफड़ों में धूल भरी



बुखार-सांस लेने में आ रही है समस्या

**मथुरा।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सनातन एकता पदयात्रा का शुक्रवार को आठवां दिन था। लगातार तीसरे दिन उनकी तबीयत बिगड़ गई। बुखार, बीपी और सांस लेने में तकलीफ की वजह से उन्होंने बीच सड़क पर ही आराम किया। धीरेंद्र शास्त्री सड़क पर लेटे नजर आए। लोगों ने उनकी गमछे से हवा की। शुक्रवार को 16 किमी की पदयात्रा चली। मथुरा में 55 किलोमीटर लंबी यात्रा चार दिन में पूरी होगी ▶▶ शेष पेज 4 पर

## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर हादसा

# कार की स्पीड थी 150 किमी खाई में जा गिरी, 5 की मौत



शादी से लौट रहे थे, ड्राइवर को लग गई थी झपकी

**रतलाम।** रतलाम में एक कार बेकाबू होकर खाई में गिर गई। हादसे में पांच लोगों की मौत हुई है। इनमें 15 साल का बच्चा और 60 साल के बुजुर्ग शामिल हैं। हादसा सी सी टी वी कैमरे में कैद हुआ है। दुर्घटना रतलाम जिले के रावटी थाना अंतर्गत भीमपुरा गांव के पास माही नदी ब्रिज के पहले हुआ। सुबह करीब साढ़े 7 बजे महिंद्रा एक्सयूवी (एमएच03ईएल1388) दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर रैलिंग तोड़कर नीचे जा ▶▶ शेष पेज 4 पर

## चेन्नई के पास भारतीय वायुसेना का ट्रेनर विमान क्रैश

# बाल-बाल बचे पायलट, कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश जारी

पायलट ने खुद को सुरक्षित बाहर निकाला

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु के तंबरम में शुक्रवार दोपहर भारतीय वायुसेना का पिलेटस पीसी-7 एमके-2 ट्रेनर विमान एक ट्रेनिंग मिशन के दौरान हादसे का शिकार हो गया।

करीब 2 बजे हुए इस क्रैश में पायलट ने बहादुरी दिखाते हुए खुद को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। वायुसेना ने घटना के तुरंत बाद कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश जारी कर जांच शुरू कर दी है। विमान ने दोपहर करीब 1:45 बजे तंबरम एयर स्टेशन से नियमित ट्रेनिंग सोर्टी के लिए उड़ान भरी थी। पायलट बेसिक फ्लाइंग प्रशिक्षण पूरा कर रहे थे जब अचानक विमान में संभावित तकनीकी खराबी आ गई। आपातकालीन प्रक्रिया अपनाते हुए पायलट ने नियंत्रण बनाए रखने का प्रयास किया, लेकिन विमान जमीन से टकरा ▶▶ शेष पेज 4 पर



हादसे के बाद दुर्घटनाग्रस्त पीसी-7 एमके-2 ट्रेनर विमान

## 78वें आलमी तब्लीगी इज्तिमा का आगाज, आयोजन 17 नवंबर तक चलेगा, जिसमें 12 लाख से अधिक लोग आएंगे

फजिर से शुरु हुआ देश का सबसे बड़ा समागम


# 20 देशों से पहुंचे जमाती, मलेशिया, सउदी अरब ईरान, अमेरिका और जॉर्डन की जमातें शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के ईंटखेड़ी स्थित घासीपुरा में शुक्रवार से शुरु हुए 78वें आलमी तब्लीगी इज्तिमा का आगाज सुबह फजिर से हो गया है। प्रख्यात इस्लामी विद्वान मौलाना हारून भिवंडी ने इसकी शुरुआत अपने बयान से की, जिसमें कहा कि अल्लाह ने बिना किसी नमूने, साधन या ▶▶ शेष पेज 4 पर

पहले ही दिन अस्सी फीसदी फुल हुए पंडाल

### असिर की नमाज के बाद करीब 300 जोड़ों के निकाह पढ़ाए गए



जुमे की नमाज के मौके पर लोगों ने एक साथ सजदा किया

### इज्तिमा में 30 हजार से अधिक वॉलंटियर्स शामिल

जुमे की नमाज के मौके पर यहां लाखों लोगों ने एक साथ रब के सामने सजदे किए। इज्तिमा कमेटी के मीडिया प्रभारी डॉ. उमर हफीज खान ने बताया कि इज्तिमा में शिरकत करने मस्कज के उलेमा भोपाल पहुंच चुके हैं और अब हर नमाज के बाद उलेमा इकराम की तकरीर होगी और 17 नवंबर को सामूहिक दुआ का आयोजन होगा, जिसमें लाखों लोग शामिल होंगे। इज्तिमा में 30 हजार से अधिक वॉलंटियर्स शामिल हैं। यह वॉलंटियर्स पंडाल में जमातियों की खिदमत के अलावा, खाना-पान, साफ-सफाई, ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 07 भी

### *वुजु के पानी से ग्राउंड वाटर लेवल बढ़ाने का प्रयास*

*इज्तिमा में इस बार पानी बचाने के लिए नया प्रयोग किया जा रहा है। इज्तिमा स्थल पर 1.70 करोड़ लीटर वुजु के पानी को रिसाइकिल किया जाएगा। इसके बाद इसे जमीन के अंदर छोड़ा जाएगा, जिससे ग्राउंड वाटर लेवल बढ़ सके। वुजू में हाथ-पैर धोने के दौरान यह पानी वुजू खाने में बनी टीन की नाली में गिरता है।*

### स्टार प्रचारक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने बिहार में बताया मध्यप्रदेश का विकास मॉडल

# सीएम डॉ. यादव ने बिहार में एनडीए प्रत्याशियों को विजयश्री तक पहुंचाने दिन-रात किए एक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को दो तिहाई से अधिक प्रचंड बहुमत मिला। एनडीए की इस विजयश्री में मप्र के लोकप्रिय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की भी अहम भूमिका रही।

भाजपा ने उन्हें स्टार प्रचारक का दायित्व देकर 25 सीटों पर चुनाव प्रचार अभियान की कमान सौंपी थी। हरियाणा के बाद अब लगातार दूसरे राज्य के चुनाव में मोहन का मैजिक असरदार रहा। उनके चुनाव कैंपेन में शामिल 21 सीटों पर भाजपा-एनडीए प्रत्याशी को जीत मिल रही है।

इसी तरह मप्र संगठन के कार्यों को भी देखा जा सकता है। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बिहार को 5 जोन में बांटा गया था। इसमें से सबसे बड़े जोन मिथिला एवं तिरहुत की जिम्मेदारी प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह को प्रभारी एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद को संगठन की दृष्टि से जिम्मेदारी सौंपी गई थी। मिथिला एवं तिरहुत जोन में 10 लोकसभा, 12 जिले और 58 विधानसभा में बड़ी जिम्मेदारी दी गई थी। बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान मिथिला और तिरहुत संभाग के 58 विधानसभाओं में से 50 विधानसभा में एनडीए प्रत्याशी विजयी हुए।

### भाजपा नेतृत्व ने स्टार प्रचारक बनाते हुए सौंपी थी बिहार की 25 सीटों पर चुनाव कैंपेन की जिम्मेदारी

**मिथिला एवं तिरहुत की जिम्मेदारी प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद को सौंपी थी**



फाइल फोटो

### प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व का मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया गुणगान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनसभाओं में जनता को विश्वास दिलाया कि दो भाइयों की जोड़ी प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही बिहार को विकास की ऊंचाइयों पर पहुंचा सकते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश के विकास कार्यों, औद्योगीकरण की गति, धार्मिक पर्यटन के प्रोत्साहन, श्रीकृष्ण पाथेय, श्रीराम वन गमन पथ, महाकाल लोक जैसे महत्वपूर्ण कार्यों और योजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने सीतामढ़ी में माता जनकी का लोक बनाने और गया को मेट्रो जैसी आधुनिक विकास परियोजनाओं के सौगात एनडीए सरकार में मिलने का भरोसा दिलाया। साथ ही मध्यप्रदेश में सुशासन और पारदर्शी सरकार संचालन का भी स्पष्ट तौर पर उल्लेख किया।

### 25 सीटों पर सिर्फ 4 यादव कैंडिडेट्स थे

*भाजपा के स्टार प्रचारकों में शामिल मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बिहार की 25 विधानसभा सीटों पर धुआंधार रैली, रोड शो और जनसभाएं कीं। इन सीटों पर भाजपा और उसके सहयोगी दल-जेडीयू, एलजेपी के कई प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। उन्होंने प्रचार अभियान में भाजपा और एनडीए के सभी प्रत्याशियों को विजय श्री तक पहुंचाने के लिए दिन-रात एक कर दिया। परिणाम ये रहा है कि मतगणना में भाजपा के 12 प्रत्याशी और सहयोगी दलों के 9 प्रत्याशी निर्णायक बढ़त के साथ ऐतिहासिक जीत में भागीदार बने। बिहार चुनाव में मिली यह सफलता पुख्ता प्रमाण है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की स्वीकार्यता और राजनीतिक छवि किसी दल और जाति से ऊपर एक जननेता की बन चुकी है।*

### एनडीए की जीत पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा

# 'कांग्रेस आरोपों की राजनीति छोड़ बिहार चुनाव में मिली हार पर करे आत्मचिंतन'



भाजपा प्रदेश कार्यालय में बिहार विस चुनाव में जीत का उत्सव मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को मिली जीत पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में उत्सव मनाया। भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, मंत्री प्रहलाद पटेल, राहुल कोठारी, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल सहित पदाधिकारी उपस्थित थे। सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

### बिहार की जनता ने दिया सुशासन और विकास का साथ : डॉ. महेंद्र

खण्डेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकासवादी नीतियों से बिहार में एनडीए को ऐतिहासिक विजय प्राप्त हुई है। कांग्रेस सहित विपक्षी दलों को आरोपों की राजनीति छोड़ बिहार चुनाव में मिली असफलता पर आत्मचिंतन करना चाहिए। भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए को भारी बहुमत मिला है। जनता ने विकास के प्रति विश्वास पुनः प्रकट किया है।

### नेतृत्व की भूमिका पर विचार करे विपक्ष: खंडेलवाल

खण्डेलवाल ने कहा कि इन चुनाव परिणामों को दृष्टिगत रखते हुए मैं विपक्षी दलों और विशेषकर कांग्रेस पार्टी से यह आग्रह करता हूं कि वे अपने नेतृत्व की भूमिका पर फिर से विचार करें। उन्हें उन नेताओं की भूमिका पर भी विचार करना चाहिए, जिनके नेतृत्व में देश और प्रदेश में एक के बाद एक लगातार हार मिल रही है। कांग्रेस पार्टी को यह देखना चाहिए वर्तमान नेतृत्व के चलते क्यों उन्हें बार-बार हार का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस और राहुल गांधी को बिहार की जनता ने नकार दिया है। कांग्रेस पार्टी को आरोपों की राजनीति छोड़कर आत्मचिंतन करना चाहिए कि आखिर जनता उनसे इतनी नाराज क्यों है ? हमारे लोकतांत्रिक देश में प्रत्येक दल का नेतृत्व इस प्रकार का होना चाहिए, जो लोकतंत्र को मजूबत कर सके। राहुल गांधी संवैधानिक संस्थाओं पर मिथ्या आरोप लगाकर लोकतांत्रिक गरिमा को कमजोर करने का प्रयास करते रहे हैं।

## बिहार हार पर दिग्विजय बोले, 62 लाख नाम मतदाता सूची से हटाए, प्रह्लाद बोले- शिकायत करने वाले करते रहें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बिहार चुनाव परिणाम के बाद कांग्रेस ने अपनी हार की वजह एक बार फिर एसआईआर प्रक्रिया और ईवीएम को बताया है। इसी कड़ी में पूर्व



मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि चुनाव को लेकर उनकी जो शंका थी, वह अब सही साबित होती दिख रही है।

मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने कहा कि शिकायत करे वाले शिकायत करते रहें। मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने बिहार में एनडीए द्वारा बहुमत का आंकड़ा पार करने पर कहा कि इस प्रचंड जीत पर केवल खुशी ही व्यक्त की जा सकती है। जहां तक मैं देख रहा हूं, चुनावी राजनीति में ऐसी ऐतिहासिक जीत दुर्लभ होंगी। आकलन करने वाले आकलन करते रहें, शिकायत करने वाले शिकायत करते रहें। जनता ने नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकास की अवधारणा को स्वीकार किया है।

### ईवीएम को लेकर संदेह अभी भी जस का तस



*दिग्विजय सिंह के अनुसार, चुनाव के दौरान 62 लाख नाम मतदाता सूची से हटाए गए, जबकि 20 लाख नए नाम जोड़े गए। इनमें भी करीब 5 लाख वोट बिना एसआईआर फॉर्म भरे जोड़े जाने का आरोप है। उन्होंने दावा किया कि हटाए गए वोटों में बड़ी संख्या गरीब, दलित और अल्पसंख्यक तबके के मतदाताओं की है। दिग्विजय सिंह ने लिखा कि ईवीएम को लेकर संदेह अभी भी जस का तस है।*

### नवनियुक्त पदाधिकारियों के लिए भाजपा प्रदेश कार्यालय में हुई कार्यशाला

# प्रदेश में बूथ स्तर तक संगठन को और सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को नवनियुक्त पार्टी पदाधिकारियों एवं विभिन्न मोर्चों के अध्यक्षों की महत्वपूर्ण कार्यशाला हुई। पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद की उपस्थिति में संगठन की वर्तमान स्थिति, आगामी कार्यक्रमों तथा योजनाओं पर मार्गदर्शन दिया गया।

भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने नए पदाधिकारियों को संगठन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों, प्राथमिकताओं और आगामी महीनों की कार्ययोजना से अवगत कराते हुए कहा कि आने वाले समय में प्रदेश में बूथ स्तर तक संगठन को और सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मूल आधार बूथ संगठन है और प्रत्येक पदाधिकारी को



बैठक में चर्चा करते भाजपा पदाधिकारी

यह सुनिश्चित करना होगा कि संगठन की योजनाएं, कार्यक्रम और नीतियां आम कार्यकर्ता और जनसामान्य तक प्रभावी रूप से पहुंचे। कार्यशाला को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने भी संबोधित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कार्यशाला का संचालन प्रदेश महामंत्री लता वानखेडे.ने किया।

### मोर्चों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने पर विशेष जोर

*राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने जनसंपर्क अभियानों को तेज करने, सामाजिक व राजनीतिक मुद्दों पर जनता के बीच सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराने तथा मोर्चों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने पर विशेष जोर दिया। पार्टी ने उन्हें जो दायित्व सौंपा है, वह केवल पद नहीं बल्कि संगठन के प्रति जिम्मेदारी है। इसलिए सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रियता, समर्पण और बेहतर समन्वय के साथ कार्य करें। प्रदेश नेतृत्व ने विश्वास व्यक्त किया कि नए पदाधिकारियों और मोर्चा अध्यक्षों के सक्रिय सहयोग से संगठन आने वाले महीनों में और अधिक प्रभावी, परिणामोन्मुखी एवं जनसमर्थन प्राप्त करने में सफल होगा।*



## मेट्रों स्टेशनों पर 8 घंटे से ज्यादा समय तक रही सीएमआरएस की टीम...

# मेट्रो ट्रेन में घूमे अफसर, इमरजेंसी ब्रेक से जांचा सिस्टम और सुरक्षा पैमानों को परखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सीएमआरएस की टीम ने शुक्रवार को मेट्रो स्टेशनों का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने सुभाष नगर से एम्स स्टेशन तक ट्रैक, सिंगलिंग और सुरक्षा पैमानों को बारीकी से परखा। सुभाष नगर डिपो में पूरी प्रोजेक्ट रिपोर्ट को बारीकी से परखा। केवी विद्यालय और बोर्ड आफिस चौराहे के स्टेशन पर टीम तीन घंटे से अधिक समय तक रही। मेट्रो ट्रेन में टीम के सदस्य घूमे और बारीकी से हर एक सुरक्षा पहलू को चैक किया। इस दौरान एमपी नगर और रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के बीच चलती मेट्रो में इमरजेंसी ब्रेक लगाकर सिस्टम जांचा गया। टीम ने सुभाषनगर, केंद्रीय स्कूल, डीबी मॉल और डीआरएम तिराहा स्टेशन पर भी ब्रेकिंग सिस्टम चेक किया।

टीम ने सुबह 10 बजे निरीक्षण शुरू कर दिया गया था। निरीक्षण शाम पांच बजे तक चलता रहा। सीएमआरएस के तीन दिवसीय दौरे के शनिवार को अंतिम दिन निरीक्षण और समीक्षा की जाएगी। इसके बाद टीम भोपाल से रवाना हो जाएगी। राजधानी में मेट्रो का कामर्शियल रन इसी माह शुरू होने की उम्मीद है।

### कामर्शियल रन को मंजूरी इसी माह मिलने के पूरे आसार

### बोर्ड ऑफिस और केंद्रीय विद्यालय के स्टेशनों पर ही टीम 3 घंटे रही

*केवी स्टेशन के नीचे ऐसी तेजी कि गुरुवार तक एक जेसीबी लगी थी, शुक्रवार को टीम के सामने 5 जेसीबी काम में लगी नजर आईं*

### आरकेएमपी स्टेशन पर पानी गिराकर ट्रैक लेवल चैक किया



बोर्ड ऑफिस चौराहा स्टेशन पर बने ब्रिज को चैक करती टीम।

टीम ने आरकेएमपी स्टेशन पर पानी गिराकर ट्रैक लेवल भी चेक किया ताकि ढाल और जल निकासी की स्थिति का आंकलन किया जा सके। सुभाषनगर डिपो में पूरे प्रोजेक्ट की रिपोर्ट भी देखी थी। टीम के लोगों ने मेट्रो ट्रेन में सवार होकर ट्रैक व ट्रेन के अंदर कई तकनीकी पहलुओं की जांच की। पहली बार भोपाल आए मेट्रो कमिश्नर नीलाभ्र सेनगुप्ता भी टीम के साथ मौजूद रहे।

### पांच जेसीबी काम में लगाईं, जल्द हो काम

एक दर्जन से ज्यादा वाहनों के काफिले वाली सीएमआरएस की टीम के स्टेशनों पर पहुंचने के पूर्व ही अधिकांश तैयारी पूरी कर ली गई थीं। अूधरे कामों को तेजी से पूरा किया तो वहीं केवी स्टेशन के नीचे रोड पर चल रहे काम को तेजी से करने के लिए चार जेसीबी मशीनें काम करती नजर आईं।

### टीम जल्द देगी अपनी रिपोर्ट

जिस तरह से सीएमआरएस की टीम ने बीते दो दिन में गहन निरीक्षण किया उसे यह पूरी तरह से साफ हो गया है कि मेट्रो का संचालन अब बेहद जल्द शुरू होने जा रहा है। टीम जल्द ही अपनी रिपोर्ट सरकार को भेजेगी। हालांकि शनिवार को टीम के निरीक्षण का अंतिम दिन है।



टीम ने ट्रेन में बैठकर ट्रैक के सभी सुरक्षा मापदंडों को परखा।

### मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए सुरक्षा की अंतिम स्वीकृति देते हैं सीएमआरएस

सीएमआरएस किसी भी मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए सुरक्षा की अंतिम स्वीकृति देते हैं। उनकी रिपोर्ट के बाद ही मेट्रो पर यात्रियों का संचालन शुरू किया जा सकता है।



आरकेएमपी स्टेशन पर निरीक्षण करते अधिकारी।

# गणना पत्रक का स्टेटस देखने कलेक्टर ने खुद ही खटखटाया मतदाताओं का दरवाजा

## लोगों ने वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में नाम खोजने की बताई दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दस दिन से चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के काम की धीमी गति को लेकर शुक्रवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह खुद फील्ड में उतरे। उन्होंने नरेला क्षेत्र के शबरी नगर में लोगों के दरवाजे खटखटाकर गणना पत्रक मिलने की जानकारी ली।

लोगों ने बताया कि गणना पत्रक तो मिले गए हैं, लेकिन वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में नाम खोजने में दिक्कत आ रही है। जिस पर कलेक्टर ने कहा कि इसके लिए बीएलओ और वार्ड दफ्तरों में बनाई गई हेल्प डेस्क से मदद ली जा सकती है।



नरेला के शबरी नगर में लोगों से गणना पत्रक मिलने की जानकारी लेते कलेक्टर।

### ऑनलाइन भी भरा जा सकता है गणना पत्रक

*भारत निर्वाचन आयोग ने एसआईआर में गणना पत्रक भरने की डेडलाइन 4 दिसंबर तय की है। मतदाता को अगर गणना पत्रक नहीं मिला है, तो वह ऑनलाइन भी गणना पत्रक भर सकता है। कलेक्टर ने बताया कि मतदाता निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर जाकर एसआईआर 2026 पर जाकर अपना गणना पत्रक सर्च कर भर सकता है। हालांकि ऑनलाइन गणना पत्रक भरने वाले मतदाताओं का बीएलओ को मौके पर जाकर वेरिफिकेशन करना पड़ेगा।*

## सभी ईआरओ अपने सुपरवाइजर व बीएलओ से निरंतर संवाद कर शंकाओं और समस्याओं का करें निराकरण

संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राम प्रताप सिंह जादौन ने शुक्रवार को सभी जिलों के उप जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ निर्वाचन सदन भोपाल से वर्चुअल बैठक की। प्रदेश के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी ईआरओ अपने अपने सुपरवाइजर व बीएलओ से निरंतर संवाद कर उनकी शंकाओं और समस्याओं का निदान करें, जिससे एसआईआर का कार्य बेहतर ढंग से पूरा हो सके।

■ वर्चुअल बैठक में बोले जेसीईओ

जादौन ने कहा, गणना पत्रक का शत-प्रतिशत वितरण कार्य शीघ्र सुनिश्चित करें। साथ ही औसत वितरण से कम वितरण वाले जिलों के उप जिला निर्वाचन अधिकारियों से कार्य में आ रही कठिनाइयों का जल्द से जल्द निराकरण के निर्देश दिए। संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी जादौन ने कहा कि गणना पत्रक के डिजिटलीकरण में भी तेजी लाएं। जिस जगह पर नेटवर्क की समस्या आ रही हो वहां विशेष प्रयास और नियमित रूप से मॉनिटरिंग भी करें। एसआईआर में सहयोग के लिए वालेंटियर्स की भी मदद लें।

### एसआईआर से संबंधित जानकारी के लिए मतदाता टोल फ्री नंबर 1950 पर करें कॉल

संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी जादौन ने कहा कि मतदाता की सुविधा के लिए सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय और ईआरओ कार्यालय में हेल्प डेस्क बनाना सुनिश्चित करें। ये हेल्प डेस्क सुबह 8 से रात 8 बजे तक नियमित रूप से संचालित रहे, जिससे मतदाताओं को समुचित मार्गदशर्न व सहयोग मिल सके। उन्होंने कहा कि एसआईआर से संबंधित जानकारी, समस्याओं के निराकरण के लिए मतदाता टोल फ्री नंबर 1950 पर कॉल कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## एम्स में हुआ तीसरा हार्ट ट्रांसप्लांट सफल, नॉर्मल लाइफ में लौटी महिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एम्स भोपाल ने शुक्रवार को अपना तीसरा सफल हृदय प्रत्यारोपण पूरा किया है। यह हृदय एक ब्रेन-डेड मरीज से प्राप्त किया गया, जिसके परिजनों ने अंगदान को मंजूरी देकर मानवता की मिसाल पेश की और एक गंभीर रूप से बीमार मरीज को जीवन का दूसरा अवसर दिया। अस्पताल की कार्डियोथोरेसिक एंड वैस्कुलर सर्जरी (सीटीवीएस) टीम ने कार्डियोलॉजी और कार्डियक एनेस्थीसिया विभाग के विशेषज्ञों के साथ मिलकर इस जटिल प्रक्रिया को अंजाम दिया। दरअसल, 40 वर्षीय महिला की 26 अक्टूबर को हार्ट ट्रांसप्लांट सर्जरी हुई थी। करीब 5 दिन तक महिला बेहोश और वेंटिलेटर सपोर्ट पर रहीं। इसके बाद उन्हें होश आया। महिला की इम्यूनिटी वर्तमान में काफी कमजोर है, ऐसे में उन्हें स्पेशल वार्ड में भर्ती रखा गया था। मरीज के पास जाने वाले हर व्यक्ति को सैनिटाइजेशन की पूरी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता था, ताकि उन्हें किसी भी इन्फेक्शन और वायरस से बचाया जा सके। 14 नवंबर को महिला को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है और वे सागर जिले स्थित अपने निवास के लिए रवाना हो गईं।

### भोपाल में डेढ़ डिग्री बढ़ा तापमान

**भोपाल।** पिछले एक हफ्ते से राजधानी में आठ डिग्री सेल्सियस के आसपास अटका पारा बीती रात डेढ़ डिग्री उछाल पर आ गया, जिससे राजधानी में सर्दी का असर कुछ कम रहा। जबकि शिवपुरी में पारा आठ डिग्री के साथ सबसे कम रहा। अब राजधानी में शुक्रवार की रात में भी पारा दस डिग्री से नीचे रहने की उम्मीद है।

मौसम विभाग के अनुसार भोपाल में तापमान 9.6 डिग्री रहा। पिछले सात दिन से पारा 8 डिग्री के आसपास था। इस वजह से ठंड का असर ज्यादा दिखाई दे रहा था। इंदौर में भी पारा 8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबलपुर में 9.4 डिग्री, ग्वालियर में 10.5 डिग्री और उज्जैन में 11.8 डिग्री रहा। मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह का कहना है कि उत्तर से आने वाले बर्फीली हवाओं का असर ग्वालियर, चंबल, उज्जैन, इंदौर, सागर और भोपाल संभाग के जिलों में ज्यादा दिखाई दे रहा है।

### इज्तिमा बाद मिलेंगे आरा मशीन के संचालकों को नोटिस

**भोपाल।** पुल पातरा स्थित आरा मशीन संचालकों को नगर निगम इज्तिमा के बाद नोटिस जारी करेगा। दरअसल, बीते दिनों बरखेडी अंडर ब्रिज के पास पटरी किनारे करीब 8 दुकानों में आग लग गई थी। इससे लाखों का नुकसान हुआ था। दूसरे दिन फायर अमले के सुरक्षा मानकों को देखने पहुंची टीम को अग्नि सुरक्षा के लिए उपकरण नहीं मिले थे और फायर एनओसी नहीं थी। इसे लेकर निगम नोटिस जारी करेगा।







## जैकेट का शेष

### एनडीए ने 'गर्दा...

को सीएम फेस घोषित करना भी महागठबंधन के लिए आत्मघाती साबित हुआ। महागठबंधन के साथ जुड़े छोटे दलों का भी सूपड़ा साफ हो गया जबकि एनडीए के छोटे सहयोगी दलों ने चमत्कारिक प्रदर्शन किया। बिहार चुनाव में 243 में से 202 सीटों के साथ एनडीए रिकॉर्ड जीत हुई है। जबकि महागठबंधन के खाते में 33 सीटें आई हैं। एनडीए को 2020 के मुकाबले 70 से ज्यादा सीटों का फायदा हो रहा है, वहीं महागठबंधन को लगभग इतनी ही सीटों का नुकसान हो रहा है। प्रचंड जीत के बीच सम्राट चौधरी, ललन सिंह ने नीतीश कुमार से मुलाकात की। पिछली बार 43 सीटों पर सिमटी जेडीयू की झोली में इस बार 80 प्लस सीटें हैं। वहीं 90 सीटों के साथ भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। बड़े चेहरों में राघोपुर से तेजस्वी यादव करीब 12 हजार वोटों से जीत गए हैं। तेजप्रताप यादव महुआ से चुनाव हार गए हैं। महागठबंधन में राजद के खाते में 26, जबकि कांग्रेस 6 सीटों पर जीती है। प्रशांत की पार्टी जन सुराज और वीआईपी का खाता भी नहीं खुला है। निर्दलीय समेत अन्य 3 सीटों पर बढ़त बनाए हुए हैं।

**एनडीए के छोटे सहयोगियों का भी दबदबा**: कांग्रेस से आगे निकली जीतन राम मांझी की हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम), उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा पार्टी भी दमदार। कांग्रेस, माकपा और माले से भी दोनों दल आगे रहे।

### 84% रहा सीएम डॉ. ...

अचानक इंदौर के गोपाल मंदिर पहुंचे और माथा टेका। इस दौरान उन्हें देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोग उन्हें बिहार चुनावों के रिजल्ट को लेकर बधाई देने लगे। यहां उन्होंने कार्यकर्ताओं को जीत पर लड्डू खिलाए।

**भाजपा के अन्य नेता भी रहे सफल**: पार्टी नेतृत्व ने प्रदेश भाजपा के अन्य नेताओं को भी बिहार चुनाव में जवाबदारी सौंपी थी, वे भी सफल रहे। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा को 19 विधानसभा सीटों की जिम्मेदारी दी थी। इनमें से 17 पर एनडीए ने जीत प्राप्त की। करीब एक महीने तक वे बिहार में ही रहे और बूथ प्रबंधन का काम देखा। हितानंद और डॉ. महेंद्र सिंह को तिरहुत और मिथिला क्षेत्र की 58 सीटों की जिम्मेदारी दी गई थी। दोनों टीम के साथ लगभग डेढ़ माह बिहार में रहे। उन्होंने बूथ प्रबंधन को लेकर काम किया, जिसका लाभ यह हुआ कि तिरहुत क्षेत्र की 28 में से 26 और मिथिला की 30 में से 24 सीटें एनडीए ने जीती हैं। विश्वास सारंग भी बिहार में रहे।

### नीतीश की विश्वसनीयता...

मुद्दों पर उनका अधिक फोकस आम मतदाता के जीवन से दूर महसूस हुआ। वहीं, राहुल गांधी का लंबे समय तक बिहार से दूर रहना और अभियान में असंबद्धता ने उनकी विश्वसनीयता को कमजोर किया। कांग्रेस, जिसे कभी बिहार में बड़ा जनाधार हासिल था, इस चुनाव में पूरी तरह राजद-निर्भर नजर आई। टिकट बंटवारे में असंतोष और संगठन स्तर पर ऊर्जा की कमी ने उसके प्रदर्शन को और गिरा दिया। चुनाव के अंतिम चरण तक महागठबंधन में सिंबल और सीट तालमेल की स्पष्टता नहीं होना, पूरे अभियान को लगातार कमजोर बनाता रहा। इसके विपरीत, नीतीश कुमार की राजनीतिक विश्वसनीयता एनडीए के लिए एक स्थिर स्तंभ बनी रही। जदयू को यह फायदा साफ तौर पर चुनावी नतीजों में मिला। कांग्रेस द्वारा प्रधानमंत्री मोदी पर निजी हमलों, विशेषकर वोट चोरी जैसे आरोपों को केंद्र में रखकर चलाया गया कैंपेन भी शायद उलटा पड़ा है। मतदाताओं ने इसे मुद्दाविहीन राजनीति माना और एनडीए ने इस अभियान का पलटकर लाभ उठाया।

**राजद का सामाजिक न्याय का नैरेटिव बेअसर**: राजद का सामाजिक न्याय का नैरेटिव इस बार उतना असरदार नहीं रहा। लालू यादव की राजनीति भले ही सामंतवाद के विरुद्ध उठी हो, लेकिन जनता को यह भी लगा कि उन्होंने एक वैकल्पिक सामंती संस्कृति कायम करने की कोशिश की, जिसे आज का बिहार पूरी तरह नकार चुका है। कभी लालू कहते थे- राज करब त ठोक के करब- लेकिन, बिहार की नई पीढ़ी इस शैली की राजनीति से आगे बढ़ चुकी है। प्रशांत किशोर सबसे ज्यादा चर्चाओं के केंद्र में थे। उनके प्रदर्शन ने तमाम तरह के सवालों को जन्म दिया है। ये भी चर्चा कि उनकी मुहिम का सीधा फायदा एनडीए को हुआ है। आखिर प्रशांत का एजेंडा क्या था? करीब तीन साल से बिहार में सक्रियता रही। गांव-गांव तक हवा बनाई जनसुराज ने लेकिन नतीजों तक नहीं पहुंच सके। एक काबिल रणनीतिकार आखिर कैसे चूक गया? जमीन पर बेहद कमजोर उम्मीदवार के साथ ही शुरुआती आक्रामकता के बाद लगातार सुस्त पड़ते जाना भी उन पर सवाल खड़े करता है।

OFFICE OF THE CHIEF GENERAL MANAGER (BHOPAL REGION)
M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.
Nishtha Parisar, Bijlinagar, Govindpura, Bhopal-462023, Phone : 0755-2588291, E-mail : sepurchasebr@gmail.com
NIT No:- CGM/BR/02/Pur/7681 Bhopal, Date 14.11.2025
NOTICE INVITING E-TENDER (OPEN TENDER)
E-tenders are invited from eligible bidders for following work :-

| Tender Specification | Particular | Approx. Value of Stock Inventory (In Lakh) | Tender Fee (In Rs.) | Due Date of Opening of Bid Online |
|---|---|---|---|---|
| CGM/ BR/TS-144 | Annual Maintenance Contract of Fire Hydrant System installed at Area Store MPMKVVCL Bhopal for a period of 3 years | 6.57 Lakh | 1000/- + GST @ 18 % Extra | 01.12.2025 at 15:30 Hrs. |

Other details, terms and conditions are available on company website : https://portal.mpcz.in & https://mptenders.gov.in or the under signed office.
M.P. Madhyam/123009/2025 CHIEF GENERAL MANAGER (BHOPAL REGION)

कार्यालय नगर पालिक निगम, (यांत्रिक विभाग) भोपाल
// निविदा आमंत्रण सूचना //
क्र. 280/यां.वि./2025 भोपाल, दिनांक - 13.11.2025
निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website https://www.mptenders.gov.in पर है।

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रू में) | निविदा क्रय करने की अंतिम दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_462510_1 | Const. of Nala Wall Near Regal Civic Center Awadhpuri W-61, Z-14 | 16,33,004/- | 15 Dec 2025 | 05:30 PM |

नोट - संशोधन वेबसाईट पर ही देखे जा सकेंगे समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होंगे।
नि.क्र. : 2675/025/026
कार्यपालन यंत्री (सिविल)
नगर निगम, भोपाल

## पेज 1 का शेष

### बिहार की जीत ...

और वो है महिला और युवा। आज बिहार देश के उन राज्यों में है जहां युवाओं की संख्या सबसे ज़्यादा है, और इसमें हर धर्म और जाति के युवा शामिल हैं। उनकी इच्छाओं, आकांक्षाओं और सपनों ने जंगलराज वालों के पुराने एमवाय फॉर्मूले को ध्वस्त कर दिया है। पीएम मोदी शाम 6 बजकर 51 मिनट पर दिल्ली में भाजपा मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने कार्यकर्ताओं का गमछा लहराकर अभिवादन किया। इस दौरान सारे कार्यकर्ताओं ने भी गमछा लहराया। उन्होंने कहा कि आज सिर्फ एनडीए की जीत नहीं हुई है, यह लोकतंत्र में, भारत के लोकतंत्र में विश्वास रखने वालों की जीत है। इस चुनाव ने चुनाव आयोग में जनता के विश्वास को और मजबूत किया है। पिछले कुछ वर्षों में उच्च मतदान प्रतिशत चुनाव आयोग के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

### मप्र में जश्न...

भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी प्रदेश पदाधिकारी, जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने ढोल-ढमाकां तथा आतिशबाजी कर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर उत्सव मनाया। भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक के दौरान एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। सीएम डॉ. मोहन यादव ने स्टेट हैंगर पर मंत्री कृष्णा गौर और विधायक रामेश्वर शर्मा को मिठाई खिलाकर बिहार की जीत की बधाई दी। उज्जैन में टावर चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की। ग्वालियर में भाजपा संभागीय कार्यालय मुखर्जी भवन पर कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया। एक दूसरे को मिठाई खिलाई और आतिशबाजी की गई है। सागर में भाजपा कार्यकर्ता ढोल-नगाड़ों की थाप पर थिरके।

### मप्र जनजातियों का...

उन्होंने सभी को राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस (15 नवंबर) की अग्रिम बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती भव्य स्वरूप में मनाई जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 5 साल पहले जनजातीय नायकों को सम्मान देने की परंपरा की शुरुआत की।

### 133 करोड़ की लागत...

घोषणा करते हुए कहा कि अब क्षेत्र के सभी 51 गांवों के किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। मुख्यमंत्री ने पानसेमल में रेस्टहाउस, यहीं पर अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) का कार्यालय (एसडीओपी आफिस) खोलने, टेमला में हायर सेकंडरी स्कूल, मोरतलाई के मिडिल स्कूल को हायर सेकंडरी स्कूल में प्रोन्नत करने की घोषणा की।

### सरकार जनजातीय समुदाय ...

सहकारी समितियां आपके अधिकारों की संरक्षक बनी हैं। मोटा अनाज (श्रीअन्न) उत्पादन में किसानों की बड़ी भूमिका है। प्रदेश को मिलेट कैपिटल बनाने का सपना आप सबकी मेहनत से ही पूरा होगा। अब पाठ्यक्रमों में सभी जननायकों की जीवनी को शामिल किया गया है, जिससे आने वाली पीढ़ी अपने असली नायकों से परिचित हो सके। राजा शंकरशाह और कुंवर रघुनाथ शाह की वीरता को पहुंचाने और उनकी स्मृतियों को सहेजने के लिए जबलपुर में राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय का निर्माण कराया है।

### भारत की प्रगति के...

से प्रसन्नता हुई है। मौजूदा वक्त में वैश्विक व्यवस्था, बहुपक्षवाद पर उनके आकलन और विभिन्न क्षेत्रीय हॉटस्पॉट्स पर यूएन महासचिव के दृष्टिकोण की सराहना की गई। जयशंकर ने भारत की प्रगति, विकास के लिए एंटोनियो गुटेरेस के स्पष्ट और लगातार बने हुए समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होंने देश में यूएन महासचिव का स्वागत करने के लिए उत्सुकता जताई है। बताते चलें कि विदेश मंत्री की यूएन महासचिव से यह मुलाकात जी-7 के देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए की गई कनाडा की उनकी मौजूदा यात्रा के समापन के बाद स्वदेश लौटने से ठीक पहले हुई है। कनाडा में जयशंकर ने अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो से मुलाकात की थी। जिसमें रुबियो ने दिल्ली के लालकिले के पास हुई बम धमाके की हालिया घटना को साफ तौर पर एक आतंकी हमले के रूप में स्वीकार किया था। इसके अलावा उन्होंने भारत की सराहना करते हुए कहा था कि नई दिल्ली मामले की गहराई से जांच करने में पूरी तरह से सक्षम है। इसलिए उसे अमेरिका की मदद की कोई आवश्यकता नहीं है। अमेरिका ने बम धमाके के इस प्रकरण में भारत को मदद देने की इच्छा जताई थी।

### चलते-चलते सड़क पर ...

और 16 नवंबर को इसका समापन होगा। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि यूपी में हम ज्यादा सुरक्षित हैं। हमें डरने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि उनके पढ़े-लिखे डॉक्टर भी बम फोड़ते हैं। बताइए, उस डॉक्टर को क्या कमी है? पैसा भी खूब था, 8 एकड़ जमीन थी, बंगला था। फिर भी वह क्या कर रहा है? क्योंकि उनकी तालीम यानी शिक्षा नीति में लिखा है कि अगर तुम ऐसा करोगे तो 72 हूरों के पास जाओगे।

### अपने ही घर नीचे...

पहुंचाया लेकिन राणा की मौत पहले ही हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही कलेक्टर ऋतुराज सिंह एसपी पुनीत गेहलोद, एएसपी जयवीर भदौरिया, एएसपी एच एन बाथम, सीएसपी सुमित अग्रवाल और सिविल लाइन थाना प्रभारी हितेश पाटिल तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। राणा करीब 20 वर्ष पहले डीएसपी पद से रिटायर हुए थे। वे होली ट्रिनिटी स्कूल के पास विजय नगर स्थित उनके निजी आवास पर अपने परिवार सहित रहते थे। हादसे के वक्त वे बरामदे में बैठकर अखबार पढ़ रहे थे। उस समय घर में उनका परिवार था। एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया ने बताया कि विजयनगर मेन रोड स्थित मकान का छज्जा अचानक गिरा। पुलिस निर्माण संबंधी किसी कमी या अन्य वजहों की जांच कर रही है।

### कार की स्पीड...

गिरी। पुलिस के मुताबिक हादसा ड्राइवर को झपकी आने के कारण हुआ। कार सवार चार लोग मुंबई जबकि एक गुजरात के वडोदरा का रहने वाला है। वे दिल्ली से मुंबई जा रहे थे। सभी शवों को रतलाम मेडिकल कॉलेज में रखा गया है। सभी मृतक एक ही परिवार के हैं। मूल रूप से यूपी के गोंडा के रहने वाले हैं। मृतक रसूल अहमद की बहन की बेटी और बेटे की शादी 8 अक्टूबर को थी। उसी में परिवार गया था।

### जब्त किए गए अमोनियम...

यह विस्फोट उस समय हुआ जब एफएसएल टीम, तहसीलदार और पुलिस की टीम विस्फोटक सामग्री की जांच कर रही थी। जम्मू कश्मीर पुलिस ने इस घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया। यह कोई आतंकवादी हमला नहीं है। विस्फोट में पुलिस स्टेशन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। यह धमाका इतना भीषण था कि आसपास की इमारतों के साथ-साथ वाहनों को भी नुकसान पहुंचा है।

### पुलवामा में रातों-रात...

की मदद के लिए अन्य लोगों को भी काम पर लगाया। आतंकी डॉ. उमर के साथ जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवात-उल-हिंद (जीयूएच) से जुड़े तीन आतंकी 2022 में तुर्किये गए थे। वहां अंकारा में उनकी मुलाकात हैंडलर उकासा से हुई। टेलीग्राम एप पर शुरू हुई बातचीत बाद में सिग्नल और सेशन पर स्थानांतरित हो गई। इसी दौरान साजिश रची, जिनमें गाड़ियों में आईईडी से धमाके शामिल थे।

### बाल-बाल बचे पायलट...

गया। वायुसेना का कहना है कि विशेषज्ञों की टीम फ्लाइट डेटा, मलबे और प्रत्यक्षदर्शियों की जानकारी के आधार पर दुर्घटना के कारणों की जांच करेगी।

### 20 देशों से पहुंचे जमाती...

सहयोग के पूरी कायनात को बनाया। उसी के खजानों से पूरी मखलूक को उनकी जरूरत के मुताबिक रोजी पहुंचाई जाती है। सब कुछ उसी के कब्जे में है। जुमे की नमाज के बाद मौलाना शरीफ ने दीन के रास्ते में निकलने के फायदे बताए। असिर की नमाज के बाद करीब 300 जोड़ों के निकाह पढ़ाए गए। जबकि मगरिब की नमाज के बाद तब्लीगी इज्तिमा के जिम्मेदार और दिल्ली के जिम्मेदार मौलाना साअद ने बयान किया। यह आयोजन 14 से 17 नवंबर तक चलेगा। जिसमें 12 लाख से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना है। इज्तिमा शुरु होने के पहले ही यहां इंडोनेशिया, केन्या, मलेशिया, सऊदी अरब, ईरान, मोरक्को, अमेरिका सहित 20 देशों से जमाती पहुंच गए थे।

### इज्तिमा में 30 हजार से...

पार्किंग व अन्य व्यवस्थाएं संभाले हुए हैं। 71 पार्किंग बनाई गई हैं। हर पार्किंग में 2 से 5 हजार वाहनों की क्षमता है। शहर के प्रमुख चौराहों पर वॉलेंटिसर्स ट्रैफिक का इंतजाम देख रहे हैं।

pfrda पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण
PENSION FUND REGULATORY AND DEVELOPMENT AUTHORITY
ई–500, टावर ई, पांचवीं मंजिल, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली–110029
एनपीएस न्यास के बोर्ड में न्यासी की नियुक्ति
पीएफआरडीए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास (एनपीएस न्यास) के बोर्ड में न्यासी के पद पर नियुक्ति हेतु पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है। यह नियुक्ति तीन वर्षों की अवधि के लिए होगी, जिसे दो अतिरिक्त वर्षों तक बढ़ाया जा सकता है।
विस्तृत जानकारी के लिए कृपया www.pfrda.org.in पर जाएँ।
आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख: 15 दिसम्बर 2025।
अधोहस्ताक्षरी/–
मुख्य महाप्रबंधक
विनियमन विभाग–निधि प्रबंधन (एनपीएस न्यास)

म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल
// आम सूचना //
सर्जना गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित गौतम नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल भूखण्ड/भवन क्र. एम.आई.जी.-314 मण्डल द्वारा श्री मोहम्मद जमा खान आत्मज श्री मोहम्मद उस्मान खान के पर नाम पर आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 03/05/1978 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। श्री मोहम्मद जमा खान (पिता) की दिनांक 27/08/2006 को मृत्यु होने के उपरांत उनके पुत्र श्री जीमल अख्तर खान आत्मज स्व. श्री मोहम्मद जमा खान के द्वारा उक्त संपत्ति अपने एकल नाम पर नामान्तरण आदेश क्र. 113 दिनांक 01/02/2011 को नामान्तरित किया गया है। नामान्तरी द्वारा लीज नवीनीकरण दिनांक 04/05/2016 को उप पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत करवा ली गई है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्री गजेन्द्र प्रताप पटेल आत्मज श्री परम लाल पटेल एवं श्रीमती ज्योति पटेल पत्नी श्री गजेन्द्र प्रताप पटेल (पुत्री श्री राजेन्द्र पटेल) के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 12/10/2025 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्री गजेन्द्र प्रताप पटेल आत्मज श्री परम लाल पटेल एवं श्रीमती ज्योति पटेल पत्नी श्री गजेन्द्र प्रताप पटेल (पुत्री श्री राजेन्द्र पटेल) के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।
संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2, भोपाल

म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल
// आम सूचना //
अयोध्या नगर फेस-5 पार्ट-2 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस. 188 मण्डल द्वारा श्रीमती संगीता श्रोती पत्नी श्री संतोष श्रोती के नाम पर आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 14/07/2015 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्रीमती सोनू त्रिपाठी पत्नी श्री जगप्रवेश गुप्ता (पुत्री श्री प्रभुदयाल शर्मा) के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 14/10/2025 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्रीमती सोनू त्रिपाठी पत्नी श्री जगप्रवेश गुप्ता (पुत्री श्री प्रभुदयाल शर्मा) के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।
संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2, भोपाल

सार्वजनिक सूचना
(भूखण्ड क्रमांक- 22 अरण्या इंकलेव ग्राम बागमुंगालिया वार्ड 53 के संबंध में)
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार बैंक म.प्र. राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, शाखा-अरेरा कॉलोनी, भोपाल से ऋण प्राप्त करने के लिये श्री देवांश यादव आत्मज श्री यशबीर सिंह यादव एवं सीमा यादव पत्नि यशबीर सिंह ने सम्पत्ति एक आवासीय भूखण्ड क्रमांक 22 जो कि खसरा नं- 370/5 रकबा 1.41 एकड़ एवं खसरा नं-370/6 रकबा कुल 4.41 एकड़ का अंश भाग है जो 2448.43 वर्गफिट अर्थात 227.55 वर्गमीटर स्थित अरण्या इंकलेव ग्राम बागमुंगालिया वार्ड 53 (पुराना वार्ड-54) तहसील कोलार जिला भोपाल म.प्र. में स्थित है जिसकी चतुर्थ सीमाये, पूर्व में -प्लाट नं 23, पश्चिम में- प्लाट नं- 21, उत्तर में- प्लाट नं- 27, दक्षिण में- 9.00 मीटर चौड़ा रोड, को बंधक रखकर ऋण प्राप्त करने का आवेदन प्रस्तुत किया है, जो विचाराधीन है। अतः भविष्य मे उक्त सम्पत्ति को बंधक रखकर ऋण प्रदान किया जाना प्रस्तावित है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की उपरोक्त भूखण्ड क्रमांक-22 यदि किसी वित्तीय संस्थान, बैंक, सोसायटी, व्यक्ति या संस्था के पास विक्रय, बंधक, दान विक्रय अनुबंध, अधिकार पत्र हो, अथवा उक्त भूखण्ड क्रमांक-22 में किसी भी प्रकार का हित धारित करता हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में मय दस्तावेजों के साथ मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नही होगी और मेरी पक्षकार बैंक भूखण्ड कमांक-22 को बंधक रखकर ऋण प्रदान करने को अग्रसर होवेगी।
भवदीय सुभाष धोटे अधिवक्ता
ऑफिस-506, आलिव-59-डी, ई-8-एक्सटेंशन, बावडियाकलॉं, भोपाल-462026 मो.- 9425079041

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644, 9977912473



Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644
नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल



हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473
प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोप्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यवस्थापक

## राशिफल

**मेष**: कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों को लेकर सतर्क रहें। व्यवधान आ सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृष**: बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। अनाश्यक कार्यों से खर्च की अधिकता बढ़ सकती है।

**मिथुन**: नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान की प्राप्ति भी हो सकती है।

**कर्क**: कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ख्याल रखें। माता का साथ मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**सिंह**: मन प्रसन्न तो रहेगा। फिर भी संयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**कन्या**: मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कार्य की शुरुआत होगी।

**तुला**: कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक**: संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। माता का सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूरस्थ स्थान पर जाना हो सकता है।

**धनु**: नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के योग बन रहे हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार भी बढ़ेगा। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**मकर**: वाणी में मधुरता तो रहेगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कारोबार में भाग-दौड़ अधिक रहेगी। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कुंभ**: मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में अभी निवेश करने से बचें। आय की स्थिति में सुधार आएगा, लेकिन खर्च भी बढ़ेंगे।

**मीन**: पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। किसी रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

## शब्द पहेली - 6048

**बाएँ से दाएँ**
1.लूटमार,डाका-4
5.रपटना -4
9.डोली उठानेवाले-3
10.पुत्र,लड़का-3
12.अधिकार-2
14.नवीन,नया-2
15.एक विदेशी शराब-2
16.कला,हुनर-2
17.मां का प्यार-3
19.दम,बल,जोर-3
21.पपीहा,पपीहरा-3
22.करामात,कारनामा-4
24.शमशीर,कृपाण-4
25.तरंगित,लहरीय-5
26.बोरिया-बिस्तर-4
29.साले की पत्नी-4
33.प्रयास,यत्न-3
34.सहायता,सहयोग-3
36.लीन,तल्लीन-3
37.गहन वन,बुनाई कर्म-2
38.टुकड़ा,कण-2
39.मैं का बहुवचन-2
41.भीगा हुआ-2
42.अंधकार,अंधेरा-3
43.द्रव मापने की इकाई-3
45.प्राचीर,स्तंभ-4
46.बादला,जरबाफ-4

**ऊपर से नीचे**
2.अधिकार-2
3.जगत,दुनिया-3
4. सुनसान शांति,-4
5.आदत-4
6.साजन, बालम-3
7.क्रमबद्धता-2
8.मूर्ख,बेवकूफ-4
11.बुनाई करने वाला-4
13.कटि,मध्यांग-3
16.धार्मिक आज्ञा-3
18.पितामह-2
20.कमर में पहनने वाला आभूषण -5
21.चलने का ढ़ंग-2
23.पिया,साजन-3
24.दया,रहम-3
26.बेमिसाल, अनूठा-4
27.स्वदेश,मातृभूमि-3
28.जनता,आम लोग -2
30.मैं का बहुवचन-2
31.अभिरुचि,तल्लीनता-3
32.जनता की राय-4
34.उपाधि,पदवी-4
35.देहरी,चौखट-4
38.कक्ष,रूम-3
40.बटाणा,काबुली-3
42.स्तर,परत-2
44.ईश्वर,खुदा,भगवान-2

शब्द पहेली- 6047 का हल

## सूडोकू नवचाल - 6058

★★★★ कठिनतम

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकू नवचाल - 6057 का हल

MANGAL SENACHA, BANGALORE

## ईमामी ने की रणनीतिक रीब्रांडिंग की घोषणा, केश किंग गोल्ड पेश किया

# केश किंग अब बना केश किंग गोल्ड, लोगो भी बदला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलकाता

केश किंग, भारत का एक प्रमुख आयुर्वेदिक हेयरकेयर ब्रांड है। इस ब्रांड ने अपने आपको एक नया रूप देने के लिए रीब्रांडिंग की पहल करते हुए पेश किया है। केश किंग गोल्ड। इससे ब्रांड की पहचान, प्रस्तुति और पैकिजंग को एक नया और आकर्षक दर्जा मिला है। इस रीब्रांडिग के ज़रिये ईमामी ने अपने ब्रांड केश किंग के लिए एक अलग रणनीति को अपनाया है। अब यह केवल अपने पारंपरिक आयुर्वेदिक बुनियाद तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसने एक दमदार नई सोच आयुर्वेद प्सल विज्ञान को को अपनाया है।

उत्पाद के इस नए अवतार से ग्राहकों को बेहतरीन गुणवत्ता, प्रभावशीलता और उपयोगिता का लाभ मिलेगा और वो भी बिल्कुल नए रूप में। ब्रांड के आयुर्वेद की परंपरा को पूरी तरह से बरकरार रखते हुए इस नए उत्पाद को ग्राहकों की मांगों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। मौजूदा समय में ग्राहक विशुद्ध, प्रभावशाली और वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित उत्पाद ही पसंद करते हैं। केश किंग गोल्ड ग्राहकों की इन सभी मांगों को पूरा करता है क्योंकि इसमें है ग्रो बायोटिन और प्लांट ओमेगा 3-6-9 जैसे प्रमुख वैज्ञानिक उपादानों के साथ 21 भरोसेमंद आयुर्वेदिक जड़ीबूटियों के तत्व। बालों की वृद्धि और बालों के झड़ने को कम करने में इन उपादानों की उपयोगिता क्लिनिकली प्रमाणित है।




इस रणनीतिक बदलाव के हिस्से के रूप में केश किंग बालों से संबंधित बढ़ती समस्याओं के लिए कुछ नई कैटेगरीज में भी अपना विस्तार करने जा रहा है। इस विस्तार के जरिए समस्याओं के लिए उपयुक्त समाधान प्रदान किए जाएंगे। बालों की वृद्धि जैसी प्रमुख ज़रूरत को पूरा न किए जाने की बात को पहचानते हुए यह ब्रांड केश किंग गोल्ड रेंज के अधीन लेकर आया है एक नया आधुनिक उत्पाद, एडवांस्ड हेयर ग्रोथ सेरम। इस सेरम पैक में सर्वाधिक मात्रा में ग्रोथ एक्टिव्स हैं - आयुर्वेदिक जड़ीबूटियों और रेडेन्सिल, एनागेन, कोपेक्सिल एक्वा और प्रोकैपिल जैसे शक्तिशाली मॉलीक्यूल्स का अनोखा मिश्रण। इससे प्रत्यक्ष बालों की वृद्धि नज़र आती है।

### रीब्रांडिंग सिर्फ दिखावा नही बल्कि उल्लेखनीय परिवर्तन

ईमामी लिमिटेड की एग्जीक्यूटिव डाइरेक्टर, सुश्री प्रीति ए. सुरेका ने कहा कि केश किंग की यह रीब्रांडिंग सिर्फ दिखावे के लिए किया गया कोई बदलाव नहीं है, इसमें रणनीतिक रूप से उल्लेखनीय परिवर्तन किए गए हैं। यह ब्रांड बालों की संपूर्ण देखभाल में केश किंग को गोल्ड स्टैंडर्ड के रूप में स्थापित करना चाहता है, जो कि इसकी भविष्य की योजनाओं का एक हिस्सा है। केश किंग गोल्ड में आयुर्वेद के ज्ञान और आधुनिक शोध के सटीक नतीजों को एक साथ मिलाया गया है। इस नई पहचान को विशेष रूप से उस पीढ़ी के लिए तैयार किया गया है जो कि भरोसेमंद उपादान, महत्वाकांक्षी एवं प्रगतिशील मूल्यों की उम्मीद रखते हैं और प्रत्यक्ष नतीजा देखना चाहते हैं।

### वास्तविक दावों के साथ ब्रांड की नई पहचान को किया जाएगा सबके सामने पेश

पहले की तरह ब्रांड ऐम्बेसडर शिल्पा शेट्टी ही केश किंग को एंडोर्स करेंगी और वेलनेस आयकन के रूप में उनकी पहचान से ब्रांड के दर्शन को विश्वसनीयता और भरोसा हासिल होगा। प्रचार की नई रणनीति में ग्राहकों की सच्ची कहानियों पर अधिक बल दिया जाएगा। प्रभावशीलता के वास्तविक दावों के साथ ब्रांड की नई पहचान को सबके सामने पेश किया जाएगा। लॉन्च को अधिक सफल बनाने के लिए केश किंग द्वारा टेलीविजन, डिजिटल प्लेटफॉर्म, प्रिंट मीडिया और इन-स्टोर चैनल्स में एक ज़बरदस्त 360-डिग्री इंटीग्रेटेड कैम्पेन चलाया जाएगा।

**सार्वजनिक सूचना**

(भूमि ख-क्र- 308, ग्राम पूरा छिंदवाड़ा भोपाल के संबंध में)

मेरे पक्षकार के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है राकेश मीणा पिता श्री छोटे राम मीणा निवासी ग्राम भीलखेड़ा हुजूर जिला भोपाल के स्वयं की भूमि है जिसका खसरा क्रमांक 308 रकबा 1.882 हे. स्थित पूराछिंदवाड़ा प.ह.न. 01 तहसील हुजूर भोपाल नगर निगम की सीमाओं के बाहर पंचायत के क्षेत्राधिकार की क्रय कर मेरे पक्षकार ने टोकन रसीद का भुगतान कर दिया है एवं निकट भविष्य में उक्त संपत्ति का पंजीयन कराया जाना है अतएव उक्त संपत्ति को विक्रय किए जाने में जिस किसी व्यक्ति (जन साधारण) बैंक सोसाइटी संस्था सरकारी समिति शासकीय अशासकीय विभागों को कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति से कोई संबंध रखता हो या उक्त संपत्ति पर कोई लेनदारी या देनदारी हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रशासन से 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में लिखित साक्ष्य मूल्य दस्तावेज के साथ प्रस्तुत करें म्याद गुजरने के पश्चात मेरे पक्षकार उक्त वर्णित संपत्ति का संपूर्ण भुगतान कर विक्रय पत्र का पंजीयन कर लेंवेंगे तथा बाद में कोई भी आपत्ति मेरे पक्ष कर पर बंधनकारी नहीं होगी।

भवदीय, धीरज पाटीदार
(अधिवक्ता), अधिवक्ता दुकानदार नंबर 2
दोराहा जोड़ एन.एच.46 सीहोर
मो.8359084636, 6265450686, 7400956381

### टैक्स लॉ बार एसोसिएशन की मांग

# आयकर ऑडिट रिपोर्ट तारीख की भांति वैट ऑडिट रिपोर्ट की भी तारीख बढ़ाई जाए

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

उपभोक्ता वस्तुओं पर जीएसटी दर लागू की प्रक्रिया लागू होने के बाद भी वेट अधिनियम के तहत 1 जुलाई 2017 से पेट्रोल-डीजल, देशी-विदेशी शराब और नेचुरल गैस में वेट दर लागू है।

- अभी व्यवसायियों को 15 नवंबर तक का समय है इसके बाद लगेगा जुर्माना

पूर्व में वेट अधिनियम के अंतर्गत वर्ष में 10 करोड़ रुपए से अधिक का व्यवसाय करने वाले व्यापारियों के लिए अलग से ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करने का प्रावधान था, परंतु अब विभाग ने पेट्रोल-डीजल, मदिरा और नेचुरल गैस का व्यापार करने वाले व्यापारियों को बिक्री पिछले वित्तीय वर्ष में एक करोड़ रुपए से ऊपर कर दी है और इन्हें आयकर की ऑडिट रिपोर्ट को मान्यता प्रदान कर दी गई है।




अतः आयकर अधिनियम के अंतर्गत कराए गए ऑडिट की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए 15 नवंबर 2025 तक का समय दिया गया है और रिपोर्ट प्रस्तुत करना अनिवार्य किया। अगर इस अवधि में ऑडिट रिपोर्ट पेश नहीं हुआ तो उक्त व्यवसायियों को जुर्माना भुगतना पड़ेगा।

### अभी तारीख 15 नवंबर सुनिश्चित है उसे बढ़ाई जाए : मृदुल आर्य



अतः उक्त व्यवसायियों और करसलाहकारों की ओर टैक्स लॉ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मृदुल आर्य ने सरकार और विभाग से मांग की है कि जिस प्रकार आयकर अधिनियम के अंतर्गत कराए गए ऑडिट की रिपोर्ट तारीख की समय सीमा में बढ़ोत्तरी की गई। उस प्रकार वाणिज्कि कर विभाग भी वेट की ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करने की समय सीमा जो 15 नवंबर सुनिश्चित है की तारीख में वृद्धि करें। ताकि वेट ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करने वाले व्यवसायियों और करसलाहकारों को राहत प्राप्त हो। क्योंकि सर्वर डाउन और पोर्टल के शटडाउन होने से रिवाइज्ड की सुविधा सही ढंग नहीं मिल पा रही है।

### सागराइट्स ने राष्ट्र की प्रगति और नेतृत्व को किया प्रस्तुत

# एसपीएस रातीबड़ के वार्षिक समारोह 'आरोह- द एसेंट-टू-एक्सीलेंस'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सागर पब्लिक स्कूल रातीबड़ ने शैक्षणिक और कौशल उत्कृष्टता को गौरवान्वित अपनी अपार प्रतिभा के प्रदर्शन के साथ अपना वार्षिक समारोह एक भव्य और यादगार सफर से प्रस्तुत किया। उत्साह से भरे सागराइट्स के असाधारण प्रयासों की प्रस्तुति देख अभिभावकों भी अचंभित हुए। उन्होंने राष्ट्र के नेतृत्व को प्रगति के साथ प्रस्तुत किया गया और आरोहण–द एसेंट-टू-एक्सीलेंस' को सदगुणों द्वारा उत्कृष्टता से चढ़ाव से दर्शाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शिवानी ढिल्लन, थेरेप्यूटिक स्टोरीटेलर, पूर्व बीबीसी रिपोर्टर और स्माइलिंग डैंडेलियन फाउंडेशन, चंडीगढ़ की संस्थापक उपस्थित रही। सागराइट्स ने भारत की समृद्ध विरासत और सांस्कृतिक गौरव को प्रस्तुत किया और देश के शाश्वत ज्ञान, प्रगति और परंपराओं का जश्न मनाते हुए कई आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। विक्रम और बेताल की नृत्य नाटिका, चतुरंग - एक संगीतमय सिम्फनी, रूट्स ऑफ वेलनेस - भारत में आयुर्वेद के महत्व पर हिंदी नाटक, और उपनिषद और भागवत गीता पर आधारित एक अंग्रेजी नाटक ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सागराइट्स ने प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रभावी ढंग से कैसे जड़ों से जुड़े रहे और साथ में ऊंची उड़ान भरने के लिए सशक्त रहने का संदेश दिया। शिवानी ढिल्लन ने अपने प्रेरक संबोधन में भारत की संस्कृति को हमारी विरासत के सच्चे सार के रूप में संरक्षित करने के महत्व पर जोर दिया और सागराइट्स को उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए किताबें पढ़ने और कहानी कहने के गहन महत्व से उन्हें व अभिभावकों को प्रेरित किया।

स्कूल की वाइस प्रिंसिपल नम्रता सिन्हा ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और शैक्षणिक, सांस्कृतिक और सह-पाठ्यचर्या उपलब्धियों को अभिभावकों संग साझा किया।

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना का प्रारूप**

मध्यप्रदेश शासन,
नगर पालिक निगम, ग्वालियर — दिनांक : 13/11/2025

जनसंपर्क RO क्रमांक 721 — //निविदा सूचना// — दिनांक : 13/11/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://gmc.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्र./ जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_ 462029_1 11.11.2025 | वार्ड 52 आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य बाबूजी की बगिया से बारहबीघा नाला होते हुए प्रीतमपुर कॉलोनी (सी.एम. मॉनिट) | 06 माह 1,17,75,888/- | 12500/- 58879/- | 12.12.2025 |

नोटः निविदा संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://gmc.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर निगम, ग्वालियर

### खबर संक्षेप

#### बॉयजेक्स और हैकर रैंक ने साझेदारी की

**हैदराबाद।** इंजीनियरिंग एजुकेशन में भारत की सबसे तेजी से बढ़ती एडटेक कंपनियों में से एक, बॉयजेक्स और हैकर रैंक के साथ एक अहम साझेदारी की घोषणा की है। हैकर रैंक, विश्व का एक प्रमुख तकनीकी असेसमेंट और इंटरव्यू प्लेटफॉर्म है। इस साझेदारी के जरिए बॉयजेक्स के पार्टनर संस्थानों के हजारों छात्रों को इंडस्ट्री-स्टैंडर्ड कोडिंग असेसमेंट और मॉक तकनीकी इंटरव्यू तक विशेष और सीधे पहुंच मिलेगी। भारत के शिक्षा क्षेत्र में यह अनूठी साझेदारी बॉयजेक्स के लर्निंग इकोसिस्टम में सीधे हैकर रैंक तक पहुंच को एक साथ लाएगी।

#### क्यूपिड का राजस्व 335 करोड़ रुपए हुआ

**मुंबई।** क्यूपिड लिमिटेड ने घोषणा की है कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में अब तक की सबसे अधिक मजबूती दर्ज की है। कंपनी का गति-क्रम बरकरार है, और तीसरी तिमाही और चौथी तिमाही दोनों ही तिमाहियां रिकॉर्ड प्रदर्शन की ओर अग्रसर हैं। परंपरागत रूप से, वर्ष का दूसरा आधा हिस्सा पहले से बेहतर रहा है मजबूत ऑर्डर विजिबिलिटी और बेहतर निष्पादन के चलते। क्यूपिड वित्त वर्ष 2026 के लिए अपने 335 करोड़ के राजस्व लक्ष्य को पार करने की दिशा में अग्रसर है। साथ ही, विभिन्न सेगमेंट्स में सकारात्मक प्रगति को देखते हुए कंपनी को उम्मीद है कि इस वर्ष 100 करोड़ से अधिक का शुद्ध लाभ हासिल करेगी।

#### टॉप रेटेड किताबों पर अमेजन की विशेष छूट

**बेंगलुरु।** बाल दिवस पर अमेजन ने ग्राहक बेस्टसेलिंग लेखकों और प्रकाशकों की विस्तृत रेंज में से अपनी पसंद की किताबें चुन सकते हैं। ग्राहक किताबों पर 45 फीसदी तक की छूट और कैनरा बैंक क्रेडिट कार्ड लेनदेन पर अतिरिक्त 10 फीसदी की तुरंत बैंक छूट का लाभ उठा सकते हैं। भारत के 100 फीसदी सर्विसेबल पिन कोड्स पर तेज़ और भरोसेमंद डिलीवरी का आनंद लें, जहाँ हर 3 में से 1 बच्चों की किताब अगले ही दिन डिलीवर की जाती है। द किड हू केम फ्रॉम स्पेसः बेस्टसेलिंग और विजेता लेखक रॉस वेलफोर्ड तथा प्रसिद्ध प्रकाशक हार्परकॉलिन्स की यह किताब हास्य, भावनाओं से ओतप्रोत है।

### अडाणी ग्रुप का बड़ा दांव, 15 अरब डॉलर के विजाग टेक पार्क विजन का भी अनावरण

# आंध्र प्रदेश में होगा 3.65 लाख करोड़ रुपए का निवेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आंध्र प्रदेश सरकार ने कई कंपनियों के साथ 3.65 लाख करोड़ रुपये के 35 निवेश समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इनसे 1.26 लाख नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। वहीं अडाणी समूह अगले दशक में आंध्र प्रदेश में एक लाख करोड़ रुपए का निवेश करने वाली है। ये सौदे 14 और 15 नवंबर को बंदरगाह शहर विशाखापत्तनम में होने वाले 30वें सीआईआई भागीदारी शिखर सम्मेलन से पहले अंतिम रूप दिए गए। सरकार का कहना है कि नई परियोजनाएं राज्य में औद्योगिक गतिविधियों और रोजगार के अवसरों को और गति देंगी। दो दिवसीय साझेदारी शिखर सम्मेलन के दौरान आंध्र प्रदेश का लक्ष्य 10 लाख करोड़ रुपए का निवेश आकर्षित करना है।



#### ये कंपनियां करेंगी इतना निवेश

शीर्ष निवेश प्रतिबद्धताओं में एबीसी क्लीनटेक और एक्सिस एनर्जी वेंचर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 1.1 लाख करोड़ रुपए, हरित ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करने के लिए रिन्यू एनर्जी ग्लोबल पीएलसी द्वारा 60,000 करोड़ रुपए, ईजौल इंडिया जेवी और अन्य द्वारा 18,000 करोड़ रुपये शामिल हैं। एक्सिस एनर्जी वेंचर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुरली के अनुसार, 1.1 लाख करोड़ रुपए के निवेश से 13,500 नौकरियां पैदा होंगी, इसके बाद ताइवान के एलीजेंस ग्रुप (50,000 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियां) और अन्य का स्थान होगा।

#### अडाणी समूह अगले 10 वर्षों में करेगी एक लाख करोड़ का निवेश

इस बीच अडाणी समूह अगले दशक में आंध्र प्रदेश में एक लाख करोड़ रुपए का निवेश करने वाली है। करण अडाणी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आंध्र प्रदेश निवेशक शिखर सम्मेलन में बोलते हुए उन्होंने कहा कि निवेश बंदरगाहों, सीमेंट, डेटा केंद्रों, ऊर्जा और उन्नत विनिर्माण में होगा। यह पहले से निवेशित 40 हजार करोड़ रुपये से अतिरिक्त है। करण अडाणी ने इस दौरान ग्रुप के 15 अरब डॉलर के विजाग टेक पार्क विजन का भी अनावरण किया।

#### सीएम नायडू ने यूरोपीय देशों को राज्य में निवेश करने के लिए किया आमंत्रित

मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को 15 बैठकों में भाग लिया और कहा कि वह आंध्र प्रदेश को निवेश आकर्षित करने वाला नंबर एक राज्य बनाने का प्रयास करेंगे। भारत-यूरोप गोलमेज बैठक को संबोधित करते हुए नायडू ने यूरोपीय देशों और व्यापारियों को राज्य में निवेश के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने इतालवी कंपनियों को कृषि-मशीनरी, नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में साझेदारी की संभावनाएं तलाशने के लिए आमंत्रित किया व दीर्घकालिक व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत करने के लिए आंध्र प्रदेश में एक इतालवी औद्योगिक क्लस्टर विकसित करने की संभावना पर भी विचार-विमर्श किया। इसी प्रकार, नायडू ने ताइवान के राजदूत से आंध्र प्रदेश में ताइवान की कंपनियों से निवेश की सुविधा प्रदान करने का अनुरोध किया।

### बिजनेस न्यूज

#### पीएनबी ने आयोजित 'मेगा रिटेल आउटरीच' में प्राप्त की 80 करोड़ रुपए की लीड

**भोपाल।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी)द्वारा शुक्रवार को पीएनबी मेगा रिटेल आउटरीच का आयोजन तिरुपति होम्स, अयोध्या नगर भोपाल में आयोजित किया गया। मंडल कार्यालय भोपाल के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में मौसमी माजूमदार, मुख्य महाप्रबंधक, प्रधान कार्यालय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुई तथा आउटरिच का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम भोपाल मण्डल प्रमुख धीरेंद्र कुमार झा, मंडल प्रमुख की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। पीएनबी रिटेल आउटरीच में इच्छुक हितग्राहियों को गृह निर्माण के लिए आवास ऋण, कार ऋण, माय प्रॉपर्टी ऋण एवं शिक्षा ऋण उपलब्ध कराने एवं वित्तीय समाधान के उद्देश्य से यह आउटरीच आयोजित किया गया। आउटरीच में बड़ी संख्या में हितग्राहियों द्वारा सहभागिता की गई। उपस्थित हितग्राहियों को बैंक की रीटेल स्कीमो जैसे आवास ऋण, कार ऋण, माय प्रोपर्टी ऋण एवं शिक्षा ऋण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस सफल आयोजन में हितग्राहियों की बहुत ही शानदार प्रतिक्रिया रही। पीएनबी ने मेगा रिटेल आउटरीच कार्यक्रम में लगभग 80 करोड़ रुपए की लीड प्राप्त हुई। इस अवसर पर उपस्थित ग्राहकों द्वारा बैंक के ऋण उत्पादों एवं ग्राहक सेवा के संबंध में अपने अनुभव भी साझा किए। उन्होंने बताया कि बैंक द्वारा 7.45 फीसदी, आवास ऋण, 7.80 फीसदी, वाहन ऋण,7फीसदी, शिक्षा ऋण और 9.30 फीसदी की दर से प्रॉपर्टी ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इन ऋणों में प्रसंस्करण और दस्तावेजीकरण शुल्क में भी विशेष छूट दी जा रही है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि में मौसमी माजूमदार एवं मंडल प्रमुख धीरेंद्र कुमार झा ने लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान की।




#### बाल मेला एवं आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी खालसा हायर सेकंडरी स्कूल में आयोजित

**भोपाल।** बाल दिवस के मौके पर राजधानी स्थित खालसा हायर सेकेंडरी स्कूल,रामनगर में एक आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक बाल मेला एवं आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मेले का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रदर्शित करना तथा उनमें नेतृत्व, सहयोग और व्यावहारिक कौशल का विकास करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. तेजकुलपाल सिंह पाली और सचिव मोहन सिंह कालरा की उपस्थिति रहे। विद्यालय की सेविका श्रीमती राज बुआ के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मेले में हस्तकला व कला स्टॉल पर विद्यार्थियों की बनाई पेंटिंग, क्राफ्ट, मिट्टी के मॉडल और सजावटी वस्तुओं ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में स्कूल के प्रधान डॉ.तेजकुलपल सिंह पाली, सचिव मोहन सिंह कालरा ने बच्चों द्वारा बनाई गई समस्त कलाकृतियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। मनोरंजन स्टॉल पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। उन्होंने बच्चों के आत्मविश्वास और नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के मेले बच्चों में सीखने की उत्सुकता और जिम्मेदारी की भावना पैदा करते हैं। प्राचार्या कवलजीत कौर ने कहा कि बाल दिवस हमें यह संदेश देता है कि बच्चे राष्ट्र का भविष्य हैं। ऐसे आयोजनों से उनकी रचनात्मकता, व्यवहारिक ज्ञान और नैतिक मूल्यों का विकास होता है। संपूर्ण कार्यक्रम उत्साह, आनंद और सीख से परिपूर्ण रहा। बाल मेले ने बच्चों को अपनी क्षमताएँ प्रदर्शित करने का अवसर दिया तथा बाल दिवस को अविस्मरणीय बना दिया।



#### डायसन डील डेज ब्लैक फ्राइडे से पहले बेहतरीन ऑफ़र

**नई दिल्ली।** डायसन ने साल के अपने सबसे बड़े ऑफर्स की घोषणा की है। जो शुरू हो गई और 20 नवंबर 2025 तक चलेगी। जिसके चलते डायसन डील डेज के ऑफर्स का लाभ ग्राहक उठा सकते हैं। डायसन डील डेज के दौरान, ग्राहक डायसन की एडवांस्ड टेक्नोलॉजी पर 25,000 तक की बचत कर सकते हैं। डायसन डील डेज के चलते स्टाइलिंग टूल्स को बेहद किफायती कीमत पर प्राप्त करें। अब मात्र 42,900 में डायसन एयर स्ट्रेट स्ट्रेटनर- पहली बार में ही सुखाने और सीधा करने के साथ अपनी स्टाइलिंग में क्रांतिकारी बदलाव लाए। अब 29,900 में डायसन कोरल हेयर स्ट्रेटनर चलते-फिरते भी आसान हेयर स्टाइलिंग के लिए परफेक्ट, बालों को कम से कम नुकसान पहुंचाता है।

#### ब्लेंडर्स फैशन टूर ने तय की फैशन की अगली दिशा

**नई दिल्ली।** ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर इस बार भी यह टूर फैशन, क्रिएटिविटी और संस्कृति को एक साथ लाकर एक शानदार मंच तैयार करेगा। यह मंच 'द वन एंड ओनली' की थीम पर आधारित होगा, जो आने वाले समय में फैशन की अगली दिशा तय करेगा। फैशन टूर इस बार अपनी सबसे साहसी दिशा में आगे बढ़ रहा है। यह फैशन को आगे ले जाने और 'फैशन'स नेक्स्ट मूव' तय करने के मायने को एक नए रूप में पेश कर रहा है।

#### एमार ने लांच किया नया 'सेरेनिटी हिल्स' प्रोजेक्ट

**गुरुग्राम।** रियल एस्टेट ब्रांड एमार प्रॉपर्टीज की एमार इंडिया ने सेक्टर 86, गुरुग्राम में अपने नए प्रीमियम हाउसिंग प्रोजेक्ट 'सेरेनिटी हिल्स' को लांच किया है। न्यू गुरुग्राम में स्थित यह प्रोजेक्ट एमार की गुणवत्ता, आधुनिक आर्किटेक्चर और पर्यावरण के प्रति संवेदी दृष्टिकोण का प्रतीक है। यह प्रोजेक्ट गुरुग्राम के सबसे ग्रीन और सस्टेनेबल प्रोजेक्ट्स में से एक होगा, जिसे आईजीबीसी प्लेटिनम प्री-सर्टिफिकेशन प्राप्त है। इसे चरणबद्ध तरीके से विकसित किया जा रहा है, और पहले चरण में 7 टावरों में करीब 1,000 यूनिट्स लॉन्च की जा रही हैं। बाजार की मांग को देखते हुए, एमार ने इसमें 3 बीएचके और 4बीएचके के प्रीमियम रेजिडेंशियल विकल्प शामिल किए हैं।

**कार्यालय नगर परिषद बरोदिया कलां, जिला सागर (म.प्र.)**

पता वार्ड क्रमांक 10, बरोदियाकलां पिनकोड- 470441 — Email-cmobarodiyakalan@mpurban.gov.in
क्रमांक / 1446/न.प./ नि.शा./ 2025 — बरोदियाकलां दिनांक 12/11/2025

:: निविदा अमांत्रण सूचना ::

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली से पंजीकृत समस्त ठेकेदरों विक्रेता / सप्लायर से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.gem.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | विड क्र. एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि | अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | GEM/2025/B/6883181 दिनांक 12/11/2025 | Supply of Big Plants in Nagar Parishad Barodiya Kalan | 3 Month | 10000.00 | 28/11/2025 |

नोटः निविदा में किसी भी के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन WWW.GEM.GOV.IN को बेवसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

(संजय कुमार समुन्द्रे)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बरोदियाकलां जिला सागर

**कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय हरदा जिला हरदा म.प्र.**

क्रमांक-2661 — दिनांक -11/11/2025

जिला चिकित्सालय हरदा मे स्थापित किचिन को माड्यूलर किचन बनाने एवं मरम्मत कार्य हेतु
पुनः-ई-निविदा आमंत्रण सूचना
// निविदा प्रक्रिया विवरण //

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा का विवरण | जिला चिकित्सालय हरदा में स्थापित किचिन को माड्यूलर किचिन बनाने एवं मरम्मत कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। |
| 2 | निविदा दस्तावेज ऑनलाईन क्रय हेतु उपलब्धता | शासकीय निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रू. 1000/- (एक हजार मात्र) है जो ई-प्रोक्योरमेंट (www.mptenders.gov.in) की वेबसाईट पर देय होगा। |
| 3 | ऑनलाईन निविदा जारी करने की दिनांक एवं समय | 14/11/2025, 10:30:00 AM |
| 4 | ऑनलाईन निविदा क्रय करने की दिनांक एवं समय | 14/11/2025, 11:30:00 AM |
| 5 | ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय | 27/11/2025, 17:30:00 AM |
| 6 | तकनीकी निविदा ऑनलाईन खोले जाने की दिनांक एवं समय | 28/11/2025 17:30 PM |
| 7 | वित्तीय निविदा ऑनलाईन खोले जाने की दिनांक एवं समय | 02/12/2025 13:30 PM |

टिप्पणीः- अधोहस्ताक्षरकर्ता को निविदा परिवर्तन/निरस्त करने के सभी अधिकार रहेंगे।

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला चिकित्सालय हरदा

G-21413/25 " स्वच्छता ही सेवा "

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला गुना (म.प्र.)**

क्रमांक/पुअ/गुना/रनि/3709/2025 — दिनांकः- 05/11/2025

// तृतीय आमंत्रण खुली निविदा विज्ञप्ति सूचना //

वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस इकाई के निम्नलिखित कार्य किये जाने हेतु खुली निविदा तृतीय आमंत्रण म.प्र. टेण्डर की ऑनलाईन https//mpetender.gov.in//hicgep/app पर आममंत्रित की जाती है, विवरण निम्नानुसार है-

| TENDER ID | क्र. | कार्य विवरण | निविदा प्रपत्र शुक्ल राशि | टेण्डर वेल्यू | धरोहर राशि रूपयों में (EMD) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2025_MPP_ 438573_3 | 1 | थाना सिरसी में रिपेयरिंग कार्य | 1000/- | 305289 | राशि 9159/- रुपये केवल पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन स्वीकार | 30 दिवस |

- खुली निविदा mpetender.gov.in पर प्रकाशन की दिनांक से मान्य होगी।
- निर्धारित दिनांक व समय के पश्चात कोई भी निविदा/दस्तावेज/प्रमाण पत्र पर स्वीकार नहीं किये जावेंगे।
- यदि निविदा दिनांक में यदि कोई भी परिवर्तन किया जाता है तो इसकी सूचना निविदाकर्ता को यथा समय दी जावेगी।
- खुली निविदा केवल ऑनलाईन mpetender.gov.in के माध्यम से स्वीकार की जावेगी। अन्य किसी माध्यम से निवादायें स्वीकार नही की जावेगी।

| क्र. | निविदा प्रक्रिया का विवरण | राशि / तिथि / समय |
|---|---|---|
| 1 | निविदा जमा करने की प्रारंभ दिनांक व समय | 05/11/2025 के 17:00 बजे |
| 2 | निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक व समय | 19/11/2025 के 17:00 बजे |
| 3 | निविदा खोलने की दिनांक व समय | 20/11/2025 के 17:00 बजे |
| 4 | निविदा खोलने का स्थान | पुलिस अधीक्षक कार्यालय जिला गुना |

पुलिस अधीक्षक
जिला गुना

G-21449/25 " स्वच्छता ही सेवा "

## चिंतन

# बिहार के नए जनादेश के पीछे सुशासन व स्थिरता

बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजग गठबंधन के लिए खुशी व उत्साह लेकर आए, वहीं राहुल गांधी की अगुवाई वाले इंडिया गठबंधन के लिए सीख हैं। उनके वोट चोरी के आरोपों को मतदाताओं ने गंभीरता से नहीं लिया है। जिस तरह से राजग उम्मीदवारों के पक्ष में भारी मतदात हुआ है, ये केवल और केवल एक राजनीतिक जीत नहीं बल्कि बिहार की जनता के मन में पनपे भरोसे, उम्मीद और बदलते राजनीतिक विवेक का बहुत प्रबल संदेश भी है। जिस तरह से जनता ने अपना फैसला सुनाया, वह दर्शाता है कि मतदाता अब न केवल सजग हैं, बल्कि वे नीति, नीयत और परिणाम आधार पर ही अपना मत निर्धारित कर रहे हैं। यह प्रचंड विजय इस बात का प्रमाण भी है कि बिहार की जनता सुशासन और स्थिरता पसंद कर रही है। बिहार में लंबे समय तक जाति समीकरण चुनाव जीतने के सरल सूत्र माने जाते थे। इस बार ये पुराना ढांचा पूरी तरह अप्रासंगिक साबित हुआ है। मतदाता अब केवल पहचान के आधार पर मतदान नहीं करता, वह विकास के अवसरों, सरकारी सेवाओं की उपलब्धता और स्थिर प्रशासन को प्राथमिकता देता है। राजग की नीतियों ने आम मतदाता के मन में यह विश्वास जगाया कि देश के अति पिछड़े राज्य बिहार के विकास का पहिया तेज़ गति से घूम सकता है। सड़क, बिजली, गैस, सिंचाई, उद्यमिता और शिक्षा के क्षेत्र में जो विस्तार हुआ, उसने मतदाता के मन में यह धारणा स्थापित हुई कि विकास की निरंतरता उसी राजनीतिक संगठन से संभव है, जिसने इन आधारभूत संरचनाओं को मजबूत किया। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की अगुवाई में विपक्ष की सबसे बड़ी भूल यह रही कि उसने सोशल मीडिया की चमक को वास्तविक जनभावनाओं का प्रतिनिधि मान लिया। डिजिटल अभियानों में ऊर्जा भले ही दिखी, पर ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में बूथ स्तर पर उनकी उपस्थिति कमजोर रही। सोशल मीडिया प्रचार में रंग तो जमाता है, लेकिन मतदान का फैसला तभी होता है जब मतदाता को यह भरोसा हो कि उसका जीवन सुरक्षित, स्थिर और प्रगतिशील दिशा में आगे बढ़ रहा है। इंडिया गठबंधन भरोसे की नींव तैयार करने में असफल रहा। इस चुनाव परिणाम से एक बात साफ हो गई कि जनता विरोध नहीं, विकल्प चाहती है। ऐसा विकल्प जो केवल व्यवस्था की आलोचना न करे, बल्कि बेहतर व्यवस्था का भरोसेमंद रोडमैप प्रस्तुत करे। एनडीए यह विश्वास दिलाने में सफल रहा कि शासन क्षमता, नीति की दृढ़ता और समाज के हर वर्ग से जुड़ने की शक्ति उसके पास है। विपक्ष केवल सरकार विरोध पर ही निर्भर होकर रह गया। तेजस्वी यादव एक के बाद एक ऐसी घोषणाएं कर रहे थे, जिन्हें पूरा करना संभव ही नहीं। सच यह है कि मतदाता अब भावनात्मक राजनीति से कहीं आगे निकल चुका है। अब वो सामाजिक चेतना विकास, आत्मनिर्भरता और स्थिर शासन को प्राथमिकता देता है। महिलाओं में बढ़ती राजनीतिक जागरूकता, युवाओं की आर्थिक आकांक्षाएं और ग्रामीण मतदाता की व्यावहारिक सोच, ये सभी मिलकर भारतीय राजनीति का नया ढांचा गढ़ रहे हैं। भाजपा इस परिवर्तन को समझने में जितनी सक्षम दिखी, विपक्ष उतना ही भटका नजर आया। बस इसी ने तय कर दिया बिहार का नया जनादेश। इस चुनाव का सबसे उल्लेखनीय पक्ष यह रहा कि राज्यभर में एकतरफा माहौल धीरे-धीरे विकसित होता गया।



जनजातीय गौरव दिवस
कैलाश विजयवर्गीय

# जननायकों को मिला उचित सम्मान


15 नवंबर को पूरा देश जनजातीय गौरव दिवस मना रहा है। मध्यप्रदेश, जहां देश की सबसे बड़ी जनजातीय आबादी निवास करती है, इस दिवस को और भी गौरवपूर्ण तरीके से मना रहा है। यह सिर्फ उत्सव मनाने का दिन नहीं, बल्कि उन अनगिनत आदिवासी नायकों के अदम्य साहस, बलिदान और संघर्ष को याद करने का अवसर है, जिन्हें स्वतंत्रता इतिहास में वह स्थान लंबे समय तक नहीं मिला जिसके वे अधिकारी थे।

बिरसा मुंडा एक ऐसे जननायक थे, जिन्होंने भगत सिंह, चंद्रशेखर आज़ाद और गांधी जी से भी बहुत पहले अंग्रेजों के अत्याचारों के विरुद्ध संघर्ष का प्रारंभ किया। भारत में जब संगठित स्वतंत्रता आंदोलन की शुरुआत भी नहीं हुई थी, तब झारखंड के दूरस्थ इलाकों और जंगलों में जहां संचार के साधन नगण्य थे उन्होंने आदिवासियों को संगठित किया और अंग्रेजी शासन को खुली चुनौती दी।

आदिवासी समाज उन्हें 'धरती आबा' यानी धरती पिता की उपाधि से सम्मानित करता है। उन्होंने अबुआ राज एते जाना, महारानी राज टुंडू जाना का नारा देकर स्वराज की अवधारणा को जंगलों, घाटियों और गांवों तक पहुंचाया। वर्ष 1900 में बिरसा मुंडा के नेतृत्व में आंदोलन के तेज फैलाव से घबराकर, तत्कालीन जिला मजिस्ट्रेट ने पुलिस और सेना बुलवाई और डोंबिवाड़ी हिल पर हो रही सभा पर गोलीबारी करवा दी, जिसमें लगभग 400 लोग मारे गए। यह घटना 19 साल बाद हुए जलियांवाला बाग हत्याकांड के समान थी, परंतु इस घटना को इतिहास में वह स्थान नहीं दिया गया। बिरसा मुंडा को पकड़ने के बाद अंग्रेजों ने निर्णय लिया कि उन्हें बेड़ियों में जकड़कर अदालत ले जाया जाए ताकि आमजन को पता चले कि अंग्रेजों के विरुद्ध बगावत करने का क्या नतीजा होता है। परंतु यह दांव उल्टा पड़ गया। बिरसा को देखने के लिए रोड के दोनों ओर हजारों की संख्या में लोग जमा हो गए। उन्हें तीन माह तक सोलिटरी कन्फाइनमेंट में रखा गया और यह भी कहा जाता है कि उन्हें स्लोपॉयज़न दिया गया। अंततः मात्र 25 वर्ष की आयु में वो शहीद हो गए।

अंग्रेजों ने भारत में अपनी जड़ें मजबूत करते ही यहां की प्राकृतिक संपदा, विशेषकर वन संपदा के दोहन की राह पकड़ी। जो आदिवासियों के साथ संघर्ष का कारण बना। 1857 की क्रांति से लगभग 25 साल पहले,शहीद बुधु भगतने छोटा नागपुर क्षेत्र में अंग्रेजों के जल, जमीन और वनों पर कब्जे की नीति के विरुद्ध विद्रोह का बिगुल बजाया। इसे लकड़ा विद्रोह के नाम से जाना जाता है। वीर बुधु भगत का विद्रोह इतना तीव्र था कि ईस्ट इंडिया कंपनी ने उनके नाम पर उस समय 1000 रुपए का इनाम रखा था। सिदू और कान्हू मुर्मूने वर्ष 1855–56 में संथाल विद्रोह- हूल आंदोलन का नेतृत्व किया। जून 1855 में भोगनाडीह में 400 गांवों के 50,000 संथालों की सभा हुई, जिसमें संथाल विद्रोह की शुरुआत हुई। इसका नारा था-करो या मारो अंग्रेजों हमारी माटी छोड़ो। अंग्रेजों के आधुनिक हथियारों का सामना संथालों ने तीर-कमान से किया। कार्ल मार्क्स ने नोट्स ऑन इंडियन हिस्ट्री में संथाल क्रांति को भारत की पहली जनक्रांति कहा।

मध्यप्रदेश के निमाड़ का नाम आते ही टांट्या मामा या टांट्या भील का स्मरण होता है। उन्हें निमाड़ का शेर कहा जाता हे वे लगभग पौने 7 फीट ऊंचे, तेजस्वी व्यक्तित्व वाले योद्धा थे। वे अंग्रेजों से लूटा धन और अनाज गरीबों तक पहुंचाते थे। उन्हें भारत का रॉबिन हुड कहा जाता था। अंततः अंग्रेजों ने छल से उन्हें पकड़ा, जबलपुर में फांसी दी और उनका शव पातालपानी क्षेत्र में लाकर रख दिया, ताकि आम लोगों को पता चले कि अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह करने का क्या नतीजा होता है। उनके



पकड़े जाने की खबर अंतर्राष्ट्रीय अखबारों में, विशेषकर अमेरिका के न्यूयॉर्क टाइम्स समाचार पत्र में नवंबर 1889 में छपी। इसी तरह राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह भारत के पहले ऐसे रजवाड़े थे जिन्हें वर्ष 1857 की क्रांति को कुचलने की कड़ी में अंग्रेजों द्वारा तोप के मुंह से बांधकर उड़ाया गया। बड़वानी क्षेत्र के भीमा नायकभीलों के योद्धा थे, जिन्होंने वर्ष 1857 की क्रांति में अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया था। शहीद भीमा नायक का कार्य क्षेत्र बड़वानी रियासत से महाराष्ट्र के खानदेश तक फैला था। उन्हें आदिवासियों का पहला योद्धा माना जाता है, जिसे अंडमान के 'काला पानी' में फांसी दी गई। वर्ष 1857 के संग्राम के समय अंबापावनी युद्ध में भीमा नायक की महत्वपूर्ण भूमिका थी। कहा जाता है कि जब तात्या टोपे निमाड़ आए थे, तो उनकी भेंट भीमा नायक से हुई थी और भीमा नायक ने उन्हें नर्मदा पार करने में सहयोग दिया था। प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अंग्रेजों को लोहे के चने चबवाने वाले पचमढ़ी के आदिवासी राजा भभूत सिंह नर्मदांचल के शिवाजी कहलाते थे। जंगलों में रहकर अंग्रेजों को तीन साल तक परेशान करने वाले राजा भभूत सिंह गोरिल्ला युद्ध के साथ-साथ मधुमक्खी के छत्ते से हमला करने में भी माहिर थे। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान तात्या टोपे की मदद भी की थी। मढ़ई और पचमढ़ी के बीच घने जंगलों में आज भी भभूत सिंह के किले का द्वार और लोहारों की भट्टियां मौजूद हैं, जिससे पता चलता है कि वे न केवल किला बनाकर लड़ रहे थे, बल्कि बड़े पैमाने पर हथियार बनाने की क्षमता भी रखते थे। भारतीय इतिहास में आदिवासी समाज का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। चाहे कोल क्रांति हो, उलगुलान हो, संथाल क्रांति हो, महाराणा प्रताप के साथ देने वाले वीर आदिवासी योद्धा हों या सह्याद्री के घने जंगलों में छत्रपति शिवाजी महाराज को ताकत देने वाले आदिवासी भाई-बहन-हर युग में आदिवासी समाज स्वतंत्रता और आत्मसम्मान के संघर्ष का अग्रदूत रहा है। लेकिन स्वतंत्रता के बाद इन योगदानों को उचित मान्यता या जगह नहीं मिली। कई बार इतिहास के महत्वपूर्ण अध्याय इसलिए दबा दिए गए ताकि एक ही पार्टी और परिवार को स्वतंत्रता संग्राम का श्रेय दिया जा सके। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जहां एक ओर आदिवासी जननायकों को इतिहास में उचित स्थान दिया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर विभिन्न योजनाओ द्वारा विकास की मुख्यधारा से पीछे छूट गए आदिवासी भाई-बहनों को आगे लाने का प्रयास भी किया जा रहा है। पीएम मोदी भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री थे, जो बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू (झारखंड) गए। भाजपा सरकार ने बिरसा मुंडा जयंती को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया। भारतीय जनता पार्टी ने श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति चुनकर जनजातीय समुदाय के वास्तविक गौरव को स्थापित किया है।

भाजपा सरकार ने मध्यप्रदेश में भी जनजातीय नायकों के सम्मान की परंपरा को पुनर्स्थापित किया गया है। छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय का नाम शंकर शाह के नाम पर रखा गया। भोपाल के रेलवे स्टेशन का नाम रानी कमलापति के नाम पर किया गया है, राजा भभूत सिंह को सम्मान देने के लिए पचमढ़ी वन्यजीव अभयारण्य का नामकरण उनके नाम पर और पातालपानी रेलवे स्टेशन का नाम टांटिया मामा के नाम करने की घोषणा हो चुकी है। राज्य सरकार आदिवासी जननायकों के सम्मान में सिंग्रामपुर (दमोह) और पचमढ़ी (नर्मदापुरम) में कैबिनेट की बैठक भी कर चुकी है। ये सभी कदम इसलिए हैं ताकि आदिवासियों को उनके योगदान के अनुसार सम्मान मिल सके।

(लेखक मप्र सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। ये उनके निजी विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

गौरव दिवस
डॉ. प्रवीण दाताराम गुगनानी



# वनवासी समाज में घुस रहे कालनेमि वर्ग को पहचानें

बिरसा मुंडा महान क्रांतिकारी थे, जनजातीय समाज को साथ लेकर उलगुलान किया था उन्होंने। उलगुलान अर्थात हल्ला बोल, क्रांति का ही एक देशज नाम। वे एक महान संस्कृतिनिष्ठ समाज सुधारक भी थे, वे संगीतज्ञ भी थे जिन्होंने सूखे कद्दू से एक वाद्ययंत्र का भी आविष्कार किया था जो अब भी बड़ा लोकप्रिय है। वस्तुतः बिरसा मुंडा की मूल कार्यशैली जनजातीय समाज को इसाइयों के धर्मांतरण से बचाने, अत्याचारों से समाज को बचाने, समाज मे व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने व शोषक वर्ग से समाज को बचाने की रही। जनजातीय समाज के समक्ष अब भी बड़ी चुनौतियां वैचारिक व सांस्कृतिक स्तर पर लगातार रखी जा रही हैं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण है समूचे भारत मे फैलाया जा रहा आर्य व अनार्य का विघटनकारी वितंडा। कथित तौर पर आर्य कहे जाने वाले लोग भी भारत मे उतने ही प्राचीन हैं जितने कि अनार्य का दर्जा दे दिए गए जनजातीय समाज के लोग। वस्तुतः वनवासी समाज को अनार्य कहना ही एक अपशब्द की भांति है, क्योंकि आर्य का अर्थ होता है सभ्य व अनार्य का अर्थ होता है असभ्य। सच्चाई यह है कि भारत का यह वनवासी समाज पुरातन काल से ही सभ्यता, संस्कृति, कला, निर्माण, राजनीति, शासन व्यवस्था, उत्पादकता और सबसे बड़ी बात राष्ट्र व समाज को उपादेयता के विषय में किसी भी शेष समाज के संग कदम से कदम मिलाकर चलता रहा है व अब भी चल रहा है। अपने विभेदकारी लक्ष्य की पूर्ति हेतु पश्चिमी विद्वानों ने भारतीय जातियों में विभेद उत्पन्न करना उत्पन्न किया व द्रविड़ों को भारत का मूलनिवासी व आर्यो को बाहरी आक्रमणकारी कहना प्रारंभ किया। ईसाइयों ने अपने धर्म की श्रेष्ठता सिद्ध करने हेतु इस प्रकार के षड्यंत्र रचना सतत चालू रखे।

भारत में इसी दूषित शिक्षा पद्धति ने आर्यन इंवेजन थ्योरी की स्थापना की व सामाजिक विभेद के बीज लगातार बोए गए। जर्मनी मे जन्मे किंतु संस्कृत के ज्ञान के कारण अंग्रेजों द्वारा भारत बुलाए गए मैक्समूलर ने आर्यन इन्वेजन थ्योरी का आविष्कार किया। 1921 मे हड़प्पा व मोहनजोदाड़ो सभ्यता मिलने के बाद आर्यन थ्योरी को बड़ा धक्का लगा किंतु अंग्रेजों ने अपनी शिक्षा पद्धति, झूठे इतिहास लेखन व षड्यंत्र के बल पर इस थ्योरी को जीवित रखा। सबसे बड़ी खेद की बात यह है कि अंग्रेजों के जाने के पश्चात भारत मे एक बड़ा वर्ग ऐसा जन्मा जो कहने को तो भारतीय संतति ही है किंतु उसकी मानसिकता भारत विरोधी है। आज सबसे महती आवश्यकता इस बात की है कि वनवासी समाज में घुसपैठ कर रहे इस कालनेमि वर्ग को पहचानना और उनके देशविरोधी, समाज विरोधी चरित्र पर ढंके हुए छदम आवरण को हटाना। इस विघ्नसंतोषी वर्ग की बातों को अलग कर यदि हम भारत के जनजातीय समाज व अन्य समाजों मे परस्पर एकरूपता की बात करें तो कई कई अकाट्य तथ्य सामने आते हैं। कथित तौर पर जिन्हें आर्य व द्रविड़ अलग अलग बताया गया उन दोनों का डीएनए परस्पर समान पाया गया है। दोनों ही शिव के उपासक हैं। प्रसिद्ध एन्थ्रोपोलाजिस्ट वारियर एलविन, जो कि अंग्रेजों के एडवाइजर थे, ने जनजातीय समाज पर किए अध्ययन मे बताया था कि ये आर्य और द्रविड़ शैविज़्म के ही एक भाग है और गोंडवाना के आराध्य शंभूशेक भगवान शंकर का ही रूप हैं। ऐसे वीर हजारों जनजातीय बंधुओं के नाम इतिहास में लिखे हैं जिनने अपना सर्वस्व भारत देश की संस्कृति व हिंदुत्व की रक्षा के लिए अर्पण कर दिया।

गोपालन व गो सरंक्षण का संदेश बिरसा मुंडा ने भी समान रूप से दिया है। और तो और क्रांतिसूर्य बिरसा मुंडा का उलगुलान संपूर्णतः हिंदुत्व आधारित ही है। ईश्वर यानी सिंगबोंगा एक है, गो की सेवा करो एवं समस्त प्राणियों के प्रति दया भाव रखो, अपने घर में तुलसी का पौधा लगाओ, ईसाइयों के मोह जाल में मत फंसो, परधर्म से अच्छा स्वधर्म है, अपनी संस्कृति, धर्म और पूर्वजों के प्रति अटूट श्रध्दा रखो, गुरुवार को भगवान सिंगबोंगा की आराधना करो व इस दिन हल मत चलाओ यह सब संदेश भगवान बिरसा मुंडा ने दिए हैं। जिन्हें आर्य कहा गया वे और वे जिन्हें अनार्य कहा गया वे, दोनों ही वन, नदी, पेड़, पहाड़, भूमि, गाय, बैल, सर्प, नाग, सूर्य, अग्नि आदि की पूजा हजारों वर्षों से करते चले आ रहे हैं। ऐसी स्थिति मे हम समस्त भारतीयों का यह कर्तव्य बनता है की आर्य विरुद्ध अनार्य के इस विघटनकारी विमर्श से इस देश को मुक्ति दिलाएं व एकरस, एकरूप व एकात्म होकर राष्ट्रनिर्माण मे अपना अपना योगदान दें।

# चेतना का मूल आधार है अस्तित्व का ज्ञान



संकलित
दर्शन

जब हम दर्शनशास्त्र का अध्ययन करते हैं, तो हमें यह ज्ञान होता है कि संपूर्ण विश्व एक है। आध्यात्मिक, भौतिक, मानसिक तथा प्राण-जगत भिन्न-भिन्न नहीं हैं। समस्त विश्व, यहां से वहां तक, एक है। बात इतनी ही है कि अलग-अलग दृष्टिकोण से देखे जाने के कारण वह विभिन्न प्रतीत होता है। 'मैं शरीर हूं, इस भावना से जब तुम अपनी ओर देखते हो तो यह भूल जाते हो कि मैं मन भी हूं'। और, जब तुम अपने को मनोरूप में देखने लगते हो, तो तुम्हें अपने शरीरत्व की विस्मृति हो जाती है। विद्यमान वस्तु केवल एक है और वह तुम हो। वह तुम्हें जड़ या शरीर के रूप में अथवा मन या आत्मा के रूप में दिख सकती है। जन्म, जीवन, मरण ये सब भ्रम मात्र हैं। न कोई कभी मरता है और ना कोई कभी जन्म लेता है। होता इतना ही है कि मनुष्य एक स्थिति से दूसरी स्थिति में चला जाता है। लोगों को मृत्यु से इतना भय पाते देख मुझे बहुत दुख होता है। वे मानो जीवन को पकड़ कर रखने की सतत चेष्टा करते रहते हैं। वे कहते हैं कि मृत्यु के बाद हमें जीवन दो। हमें मरणोत्तर जीवन दो। यदि कोई आए और उन्हें बताए कि मृत्यु के बाद भी वे विद्यमान रखेंगे, तो वे कितने आनंदित होते हैं? वस्तुतः मनुष्य के अमरत्व में मैं अविश्वास ही किस तरह कर सकता हूं? मैं मृत हूं, यह कल्पना ही मैं किस प्रकार कर सकता हूं? तुम यदि अपने को मृत सोचने की कोशिश करो तो देखोगे कि तुम अपने मृत शरीर को देखने के लिए वर्तमान हो ही।


# आइसक्रीम की एक डिश



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक छोटा सा लड़का एक होटल में गया। कुछ ही देर में वहां वेटर आया और उसने पूछा आपको क्या चाहिए सर? छोटे बच्चे ने उल्टा पुछा! वैनिला आइसक्रीम कितने रुपए का है ? उस वेटर वाले ने जवाब दिया 50 रुपए का । यह सुन कर उस छोटे लड़के ने अपने जेब में हाँथ डाल कर कुछ निकाला और हिसाब किया । उसने दूबारा पूछा कि संतरा फ्लेवर आइसक्रीम कितने का है। वेटर ने दूबारा जवाब दिया और कहा 35 रुपए का सर। यह सुनने के बाद उस लड़के ने कहा! मेरे लिए एक संतरा फ्लेवर आइसक्रीम ले आईये। कुछ ही देर में वेटर आइसक्रीम की प्लेट और साथ में बिल लेकर आया और उस बच्चे के टेबल पर रखकर चले गया। उस लड़के ने उस आइसक्रीम को खाने के बाद पैसे दिए और वह चले गया। जब वह वेटर वापस आया तो वह दंग रहे गया यह देखकर कि उस लड़के नें खाए हुए आइसक्रीम प्लेट के बगल में आइस-क्रीम के 35 रुपए के साथ उसके लिए 15 रुपए का टिप छोड़ गया था। उस लड़के पास 50 रुपए होने पर भी उसने उस वेटर के टिप के बारे में पहले सोचा न की अपने आइसक्रीम के बारे में । उसी प्रकार हमें अपने फायदे के बारे में सोचने से पहले दूसरों के बारे में भी सोचना चाहिए । हमारा ध्यान कभी दूसरो के भलाई की और नहीं जाता। हम पहले अपनी भलाई में ही लगे रहते हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### आधुनिक भारत के निर्माता जवाहर लाल नेहरु

भारत में निःसंदेह अंतर्निहित आधारभूत एकता विद्यमान रही है, जो इतनी गहरी है कि भौगोलिक या एकता रस, भाषा, आचार व्यवहार तथा सम्प्रदायों की विविधताओं से ऊपर है। विशाल समुद्र की भांति हजारों नदियां इसमें मिलती रही और अनेक तूफान आए जिससे सतह पर समुद्र ही बना रहा। यह देखकर आश्चर्य होता है कि भारत को आत्मसात करने की क्षमता तथा दूसरों के अनुरूप अपने आपको ढालने की प्रक्रिया किस तरह सतत विद्यमान रही। भारत यह सब केवल इसलिए कर सका क्योंकि स्वतंत्रता के बाद भारत को संवारने का काम नेहरु जी ने अपने हाथों में लिया। भारत के विकास में उनके योगदान के कारण ही वह आधुनिक भारत के निर्माता कहलाते हैं। - विवेक साहू, धमतरी

## ट्रेंड

### बिहार वासियों को नमन



'बिहार भूमि' की जनता को कोटि-कोटि नमन। बिहारवासियों द्वारा एनडीए को यह प्रचंड जनादेश, बिहार में विकास, महिलाओं की सुरक्षा, सुशासन और गरीब कल्याण की संकल्प सेवा पर जनता की मुहर है।
**- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### कोटि-कोटि नमन



'धरती आबा' भगवान बिरसा मुंडा का जीवन सम्मान, समानता और स्वाभिमान के लिए जनजागरण का प्रेरणास्रोत है। स्वाधीनता संग्राम के महानायक मुंडा की जयंती के पूर्व दिवस पर उन्हें कोटि-कोटि नमन एवं 'जनजातीय गौरव दिवस' की शुभकामनाएं।
**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### असम में हिंदू अल्पसंख्यक



दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में डॉक्टर जिहाद से जुड़े जो तथ्य सामने आ रहे हैं, उनकी असम से तुलना नहीं की जा सकती। यहाँ स्थिति और भी गंभीर है। कई ज़िलों और गाँवों में हिंदू अल्पसंख्यक हैं। अस्पताल, मीडिया और ऐसे कई क्षेत्रों पर उनका पूरा नियंत्रण है।
**- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### 'आप' पर भरोसा



तरन-तारन उपचुनाव में मिली इस ऐतिहासिक जीत ने साफ़ कर दिया है कि पंजाब की जनता को काम की राजनीति और भगवंत मान का ईमानदार नेतृत्व ही पसंद है। पंजाब ने एक बार फिर आप पर अपना भरोसा जताया है।
**- अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**

## करंट अफेयर

# बीबीसी ने भ्रामक संपादन को लेकर ट्रंप से माफी मांगी

ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से छह जनवरी 2021 को दिए गए उनके भाषण के भ्रामक संपादन के लिए बृहस्पतिवार को माफी मांगी, लेकिन यह भी कहा कि वह इस दलील से पूरी तरह असहमत है कि मानहानि के मुकदमे की ठोस वजह है। बीबीसी ने कहा कि इसके चेयरमैन समीर शाह ने अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस को व्यक्तिगत रूप से एक पत्र भेजकर कहा है कि वह और बीबीसी ट्रंप के उस भाषण के संपादन पर खेद जताते हैं, जो उन्होंने अपने समर्थकों द्वारा अमेरिकी संसद भवन पर धावा बोलने से पहले दिया था। बीबीसी ने यह भी कहा कि उस वृत्तचित्र को दोबारा प्रसारित करने की कोई योजना नहीं है, जिसमें ट्रंप के भाषण के लगभग एक घंटे के अंतराल के हिस्सों को जोड़कर प्रस्तुत किया गया था। ट्रंप के वकील ने बीबीसी को एक पत्र भेजकर माफी की मांग की थी और एक अरब डॉलर का हर्जाना देने के लिए मुकदमे की धमकी दी थी। बीबीसी के भारतीय मूल के अध्यक्ष समीर शाह ने ट्रंप के भाषण को एक वृत्तचित्र के लिए संपादित करने के तरीके में हुई 'निर्णय की त्रुटि' के लिए सोमवार को भी माफी मांगी थी।




## ऑफ बीट

# कुत्तों और इंसानों का रिश्ता 10 हजार साल से अधिक पुराना

गांव की गलियों में घूमने वाले आवारा कुत्तों से लेकर घरों में पाले जाने वाले टॉय पूडल और मास्टिफ तक, अलग-अलग रंग-रूप, आकार और व्यावहारिक गुणों वाली कुत्तों की सैकड़ों नस्लें पाई जाती हैं। मौजूदा समय में लगभग 70 करोड़ कुत्तों के इंसानों के साथ या उनके आसपास रहने का अनुमान है। हममें से कई लोगों के लिए कुत्ते एक वफादार साथी और परिवार के प्रिय सदस्य की तरह होते हैं। और इतिहास बताता है कि कुत्तों और इंसानों के बीच रिश्तों की जड़ें सदियों पुरानी हैं। इतनी बड़ी संख्या वाले ये जीव कब अस्तित्व में आए और इंसानों के साथ इनका रिश्ता कैसे कायम हुआ? 'साइंस' पत्रिका में शुक्रवार को प्रकाशित दो नये अध्ययन इन सवालों का जवाब देने की कोशिश करते हैं। मॉन्टपेलियर विश्वविद्यालय की एलोवेन एविन के नेतृत्व में किया गया पहला अध्ययन कुत्तों के प्राचीन अवशेषों पर आधारित है। वहीं, कुनमिंग इंस्टीट्यूट ऑफ जूलॉजी के शाओ-जी झांग की अगुवाई में हुए दूसरे अध्ययन में प्राचीन पूर्वी यूरेशियन कुत्तों के डीएनए को केंद्र में रखा गया है। कुल मिलाकर दोनों अध्ययनों से पता चलता है कि कुत्तों और इंसानों के साथ उनके संबंधों की कहानी अनुमान से कहीं अधिक पुरानी और जटिल है।



अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# बिहार चुनाव परिणाम से एनडीए में भारी उत्साह, लेकिन महागठबंधन हो गया 'तबाह'

इस बार इतिहास की दूसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज की

# राजग की आंधी में बुझ गई लालटेन, नीतीश के तीर ने तेजस्वी और राहुल को दे दी बड़ी 'पीर

जेडीयू और भाजपा के कार्यकर्ता जश्न में डूबे रहे। यह ऐसी जीत है जिसकी कल्पना खुद एनडीए के शीर्ष नेता भी नहीं कर रहे थे। एनडीए के शीर्ष नेताओं ने सार्वजनिक तौर पर इतनी सीटें जीतने का दावा नहीं किया था। लेकिन यह एक बहुत बड़ी जीत रही


राजद कार्यकर्ता बताते हुए कि लालटेन बुझ गई।

एजेंसी ▶▶ पटना/नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव की तस्वीर अब पूरी तरह सामने आ गई है। नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए शानदार जीत हासिल की है। एनडीए ने पूर्ण बहुमत क्या अब तक की तकरीबन सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। दूसरी तरह महागठबंधन का बुरी तरह सफाया हो गया है। वह पूरी तरह से सिमटता दिख रहा है। जेडीयू और भाजपा के कार्यकर्ता जश्न में डूबे रहे। यह ऐसी जीत है जिसकी कल्पना खुद एनडीए के शीर्ष नेता भी नहीं कर रहे थे। एनडीए के शीर्ष नेताओं ने सार्वजनिक तौर पर 160 तक सीटें जीतने का दावा किया था। ऐसे में इस जीत से कार्यकर्ताओं का उत्साहित होना लाजिमी है।

एक जेडीयू कार्यकर्ता ने अपनी खुशी का इजहार करते हुए एक बड़ा संदेश दे दिया। जेडीयू कार्यकर्ता ने एक हाथ में तीर लेकर लालटेन और कट्टे पर निशाना साधता दिखा। लालटेन राजद का चुनाव चिन्ह है जबकि पूरे चुनाव में एनडीए ने राजद पर कट्टा वाली पार्टी होने का आरोप मढ़ा था। इस तस्वीर में लालटेन का शीशा टूटा रहा। जेडीयू कार्यकर्ता यह संदेश देने की कोशिश कर रहा है कि तीर से वार से लालटेन का क्या हाल हो गया है? एनडीए की इस आंधी में राजद अपने इतिहास की दूसरी सबसे बुरी हार झेल ही है। इससे पहले 2010 के चुनाव में राजद केवल 22 सीटों पर सिमट गई थी।

## बिहार के नतीजे ने मुख्यमंत्री को बनाया दमदार

### सुशासन, बेदाग छवि और महिलाएं, नीतीश को बना दिया 'अजेय'

बिहार में एक बार फिर सत्ता का ताज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से सिर सजन गया है। एनडीए गठबंधन बिहार में निर्णायक जीत की ओर बढ़ रहा है। अभी तक के चुनाव परिणाम के मुताबिक भाजपा और जदयू गठबंधन ने बहुत बड़ी जीत दर्ज की है। महिला वोटरों की पहली पसंद रहे नीतीश कुमार एक बार फिर अपने परंपरागत मतदाताओं के दम पर सत्ता में दमदार वापसी की है। उनकी बेदाग और सुशासन बाबू की छवि महागठबंधन के मुद्दों पर भारी पड़ती दिख रही है। नीतीश की इस जीत के कई मायने हैं। मनीतीशने इस चुनाव से पहले बिहार में अपने परंपरागत मतदाताओं को साधने के लिए मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का ऐलान किया था। इसके तहत सरकार की ओर से 1.5 करोड़ से अधिक महिलाओं को 10 हजार रुपए की सहायता राशि भेजी गई थी। इससे पहले भी नीतीश महिला मतदाताओं के रिझाने के लिए कई योजना का एलान कर चुके हैं।




### नीतीश की शानदार छवि ने भी डाला असर

पूरे चुनाव प्रचार के दौरान एनडीए लालू यादव के कार्यकाल के 'जंगलराज' के मुद्दे को उठाता दिखा। जिसका असर चुनाव के परिणामों पर भी देखने को मिल रहा है। नीतीश कुमार और भाजपा चुनाव प्रचार के दौरान लालू यादव के कार्यकाल के दौरान कानून व्यवस्था के मुद्दे को लगातार उठाती दिखी। पीएम मोदी, अमित शाह अपनी रैलियों में नीतीश कुमार के सुशासन की जमकर तारीफ करते दिखे थे। नीतीश की शानदार छवि का असर चुनाव परिणामों के तौर पर सामने आया है। 20 साल के शासन के बाद भी नीतीश पर बिहार में मतदाताओं का भरोसा कायम है। इतने लंबे कार्यकाल के बाद भी नीतीश पर भ्रष्टाचार के आरोप नहीं हैं। वहीं राजनीतिक दलों पर लगने वाले परिवारवाद के आरोपों से भी नीतीश बचे रहे हैं। इसके अलावा शराबबंदी, महिलाओं के लिए रोजगार योजना जैसे कार्यक्रमों ने उनकी छवि को ओर मजबूत बनाया है।

**लंबे अरसे के बाद भी नीतीश पर भरोसा रहा कायम**

### नीतीश ने खेला ऐसा दांव कि टूट गया रिकॉर्ड

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के रिजल्ट ने सियासत की तस्वीर साफ हो गई। इस बार बिहार में एनडीए की सुनामी दिखी। नीतीश ने इस बार महिला प्लस युवा फैक्टर को ऐसा बूस्टर डोज दिया है कि महागठबंधन पूरी तरह फंस गया। जिस समीकरण पर लालू-तेजस्वी की राजनीति दशकों से टिकी है, उसी को नीतीश ने कन्वर्ट कर दिया और वो भी इतनी चालाकी से कि महागठबंधन समझ ही नहीं बाया। इस बार नीतीश कुमार ने इसे पूरी तरह बदल दिया और एक नया अर्थ दे दिया- महिला प्लस युवा। नीतीश की रणनीति बेहद सटीक और जमीन से जुड़ी रही। महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, शराबबंदी, सुरक्षा योजनाएं और लड़कियों की शिक्षा पर फोकस ने महिला वोटों को बड़ी संख्या में एनडीए के पक्ष में कर दिया। वहीं युवाओं को नौकरी, कौशल विकास और 'जंगलराज' की याद दिलाकर एनडीए ने युवा मतदाताओं को भी मजबूती से साधा।

## जीत का जश्न



चुनाव परिणाम के बाद खुशी का इजहार करते एनडीए के कार्यकर्ता


पटना : मां को खुशी का लड्डू खिलाते चिराग पासवान।


नई दिल्ली : एनडीए के लोगों ने इस तरह मनाई खुशी



मुंबई। मुंबई में राजग कार्यकर्ताओं ने ढोल-धमाकों के साथ मनाया जश्न



देहरादून। उत्तराखंड में जीत की खुशी पर झूमीं महिलाएं।

## बिहार नतीजों का राहुल फैक्टर

# हाइड्रोजन बम फुस्स, 'वोट चोरी' भी बेअसर बैकफुट पर आया महागठबंधन और 'आका'

बिहार में इस बार राजनीतिक पार्टियों ने चुनावी रण में अपने सारे धागे खोल कर रख दिए। कसभी राजनीतिक पार्टियों ने जमकर प्रचार-प्रसार और चुनावी वादे किए। इन सब के बीच ऊहापोह इस बात की तेज थी कि बिहार में इस बार महागठबंधन का 'राहुल फैक्टर' चुनावी नतीजे को प्रभावित कर सकता है। कारण है कि बीते कई महीनों से राहुल ने वोट चोरी का मुद्दा खूब उठाया है। पहले प्रेस वार्ता में कई दावे किए, फिर बिहार में खूब रैलियां की और अंत में 'हाइड्रोडन बम' के माध्यम से केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर जमकर निशाना साधा। हालांकि महागठबंधन और कांग्रेस के सभी चुनावी समीकरण बेअसर रहे। खासकर राहुल की तरफ से चुनाव आयोग और केंद्र सरकार पर लगाए गए आरोप भी धूमिल होते दिखा।

### राहुल और तेजस्वी का सपना चकनाचूर 18 नवंबर को शपथ का देख रहे थे सपना




चुनाव आयोग के परिणाम से ऐसे में ये भी कहना गलत नहीं होगा कि भाजपा और जदयू समर्थित एनडीए गठबंधन ने एकतरफा बढ़त हासिल कर बिहार में 'राहुल फैक्टर' पूरी तरह खत्म कर दिया। उनके साथ-साथ तेजस्वी यादव का इस बार मुख्यमंत्री बनने का सपना पर टूट गया है।

## तेजस्वी का वादा और इरादा दोनों विफल

# नौकरी का दावा और एंटी इनकन्बेंसी ने नहीं दिया साथ, और खा गए बड़ी मात

बिहार विधानसभा चुनाव के परिणाम अप्रत्याशित रहे। अभी तक के परिणामों में



एनडीए की डबल सेंचुरी लग गई है, जबकि महागठबंधन सिमट गया है। यहां भी राजद और कांग्रेस का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब इस बार महागठबंधन ने नौकरियों के इतने बड़े वादे किए, जब नीतीश कुमार के खिलाफ इतनी एंटी-इन्कंबेंसी का दावा किया गया, तो आखिर कैसे उन्हें करारी हार का सामना करना पड़ा? ऐसी कौन-सी गलतियां हुईं कि तेजस्वी यादव एक बार फिर सत्ता की कुर्सी से दूर रह गए। इस चुनाव में महागठबंधन की हार का सबसे बड़ा कारण उनके दलों के बीच तालमेल का अभाव रहा। शुरुआती समय में खबरें आईं कि राहुल गांधी, तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित नहीं करना चाहते। विरोधियों ने भी इस मुद्दे को जमकर उछाला। इसके बाद सीट बंटवारे में कई दिनों की देरी होती रही और आम सहमति नहीं बन सकी। हैरानी की बात यह रही कि नॉमिनेशन की अंतिम तिथि तक कई सीटों पर महागठबंधन के भीतर ही फ्रेंडली फाइट देखी गई।

## परिणामों पर दिग्गजों ने कहाः इंडी ब्लॉक परिणामों को नहीं पचा पा रहा, वो फिर अलाप रहे पुराना राग

### एक और चुनाव, एक और हार



भाजपा के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स पर एक पोस्ट कर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज कसा। उन्होंने कहा राहुल गांधी! एक और चुनाव, एक और हार! अगर चुनावी हार में निरंतरता के लिए कोई अवॉर्ड होता, तो वे सारे अवॉर्ड जीत जाते। शायद हार भी यह सोच रही होंगी कि वे उन्हें विश्वास से ढूंढ कैसे लेते हैं?

### बुरा जो देखन मैं चला...



भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस पर तंज कसने के लिए कबीर दास का एक दोहा पढ़ा और पार्टी से अपील की कि वे नतीजों की पुष्टि के लिए वोटर लिस्ट की जांच कर लें। मैं कांग्रेस को कबीर दास की एक पंक्ति याद दिलाना चाहता हूं कि बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिल्या कोई. जो मन खोजा आपना, मुझसे बुरा न कोई।

### एनडीए ने भारी मेहनत की



दिल्ली में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि जनता के चेहरों से ही साफ पता चल रहा था कि इस बार एनडीए को भारी जनादेश मिला। नीतीश कुमार, चिराग पासवान, जीतन राम मांझी, उपेंद्र कुशवाहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जेपी नड्डा, अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सभी नेताओं ने जबरदस्त मेहनत की है।

### अब बंगाल की होगी अगली बारी



केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि बिहार की जीत हमारी है। अब अगली बारी बंगाल की है, क्योंकि वहां से भी रोहिंग्या-बांग्लादेशी घुसपैठियों को निकालना जरूरी है। ये परिणाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मेहनत का परिणाम है।

### नीतीश का करिश्माई नेतृत्व दिखा



जदयू के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने एनडीए के बहुमत के रुझानों पर कहा कि चुनाव से पहले ही मैंने कहा था कि जदयू ने बड़ी जीत दर्ज की। यह नीतीश कुमार की करिश्माई नेतृत्व क्षमता का परिणाम है। तेजस्वी यादव के ईवीएम और चुनाव आयोग पर आरोपों पर त्यागी ने कहा कि हार के बाद अब वे इसे ईसी और ईवीएम पर थोप रहे हैं।

### जनता को डबल इंजन सरकार पर भरोसा



केंद्रीय मंत्री और हम (सेक्युलर) के संरक्षक जीतन राम मांझी ने कहा कि यह नतीजा अप्रत्याशित नहीं है। हम पहले से कह रहे थे कि एनडीए प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगा और नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री बनेंगे। महागठबंधन का पूरी तरह से सफाया हो गया है। जनता ने पीएम मोदी, नीतीश कुमार और एनडीए पर भरोसा जताया है।

### 'ज्ञान' ने आशीर्वाद की रसीद दे दी



बिहार भाजपा प्रभारी विनोद तावड़े ने कहा कि यह जो ऐतिहासिक जीत है। यह प्रधानमंत्री का जो आग्रह था कि ज्ञान का विकास यानी- गरीब, युवा, अन्नदाता किसान और नारी, इनके विकास के लिए आप (कार्यकर्ता) काम करते रहो और उसका आशीर्वाद जनता आपको देगी। जाति, धर्म न देखते हुए सभी लाभार्थियों को लाभ मिले।

### लोक कल्याणकारी नीतियों पर मुहर



सीएम योगी ने एक्स पर एनडीए की प्रचंड जीत पर कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। प्रचंड विजय की समर्पित कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं जनता का अभिनंदन करता हूं। यह ऐतिहासिक विजय प्रधानमंत्री के विकासोन्मुख मार्गदर्शन और लोक-कल्याणकारी नीतियों पर जनता के अटूट विश्वास की मुहर है।

### बिहार की जीत हमारी, बंगाल की बारी



पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के लीडर और भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा दिया कि एक ही नारा है- बिहार की जीत हमारी है, अब बंगाल की बारी है। इस खबर में समझिए कि बिहार में भाजपा के बेहतरीन प्रदर्शन और बंगाल में एसआईआर के बाद आगामी विधानसभा चुनाव में पिक्चर बदल सकती है।

### सिद्धारमैया ने अलापा 'वोट चोरी' का राग



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शुक्रवार को कहा कि चुनाव में भी 'वोट चोरी' हुई है। एनडीए आराम से बहुमत के पार निकल गई है। उन्होंने माना कि महागठबंधन (कांग्रेस-आरजेडी) को मिल रहे झटके की वजह उन्हें अभी साफ नहीं पता। सिद्धारमैया ने कहा कि 'जनता के फैसले को हमें स्वीकार करना ही है।

### कांग्रेस हार के कारणों की समीक्षा करेगी



चुनाव नतीजों पर बात करते हुए कांग्रेस नेता और तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर ने कहा कि उन्हें बिहार चुनाव में प्रचार के लिए आमंत्रित नहीं किया गया था। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस अपनी हार के कारणों की जांच करेगी।

### मुकाबला जनता और ईसी के बीच रहा



कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने आरोप लगाते हुए कहा कि मुकाबला भारत के चुनाव आयोग और बिहार की जनता के बीच है। उन्होंने कहा कि मैं राजनीतिक दलों की बात नहीं कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि मैं मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और बिहार की जनता के बीच सीधे मुकाबले की बात कर रहा हूं।

### जीत 20 साल की मेहनत का नतीजा



केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि चुनाव में भाजपा के शानदार प्रदर्शन की सबसे बड़ी वजह पार्टी और कार्यकर्ताओं द्वारा 20 साल में की गई मेहनत है। प्रधान को दिसंबर में प्रभारी बनाया गया था। पहले भी उनका बिहार से गहरा नाता था क्योंकि 2012 में उन्हें बिहार से ही राज्यसभा सदस्य चुना गया था। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने का काम किया और उनकी मेहनत आज रंग लाई।

### एसआईआर का खेल यूपी में नहीं होगा



बिहार के चुनाव परिणामों के रुझानों ने विपक्षी दलों के खेमे में हलचल पैदा कर दी है। एक तरफ जहां कांग्रेस दिल्ली कार्यालय के बाहर वोट चोरी के पोस्टरों के साथ प्रदर्शन कर रही है। उत्तर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एसआईआर पर फिर भाजपा पर हमला बोला है। एक्स पोस्ट में लिखा, बिहार में जो खेल एसआईआर ने किया है वो पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, यूपी और बाक़ी जगह पर अब नहीं हो पाएगा।

### ईसी और भाजपा ने की साठगांठ



शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के नेता संजय राउत ने कहा कि चुनाव नतीजे चौंकाने वाले नहीं हैं। उन्होंने दावा किया कि चुनाव आयोग और भाजपा ने मिलकर अपना 'राष्ट्रीय एजेंडा' पूरा किया है। राउत ने यह भी कहा कि बिहार के ये नतीजे 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तरह ही हैं, जहां सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन (भाजपा, शिवसेना और राकांपा) को बड़ी जीत मिली थी।

### नतीजों से दुखी हूं , कुछ नही कहूंगा



पूर्णिया के सांसद रह चुके पप्पू यादव भी दुखी नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा है कि ये नतीजे बिहार के लिए दुर्भाग्यपूर्ण हैं। रुझानों में स्थिति काफी हद तक स्पष्ट होने के बाद जन अधिकार पार्टी के प्रमुख ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि नतीजा स्वीकार करना पड़ेगा, लेकिन ये बिहार के लिए दुर्भाग्य होगा। उन्होंने कहा कि जनता को मैं कुछ नहीं कह सकता, लेकिन बिहार के लिए ये दुर्भाग्य होगा।

### जनादेश को स्वीकार करता हूं



वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने कहा हम इस जनादेश को स्वीकार करते हैं और जो जीते हैं उनको मैं बधाई देता हूं। माताओं-बहनों का वोट एनडीए के पक्ष में गिरा है, जिसके कारण उनकी इतनी बड़ी जीत हो रही है। मैं जनादेश का सम्मान करते हुए इसे (हार) स्वीकार करता हूं। आने वाले समय में हम और मंथन करेंगे ।

### जंगलराज खत्म, अब विकास की जीत



भाजपा नेता गौरव भाटिया ने बिहार विधानसभा चुनाव के परिणामों पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी, साथ ही कहा कि भाजपा और एनडीए नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए मुकाम पर पहुंच रहे हैं। उन्होंने बिहार की जनता की इस संदेश को अहम बताया कि वे जंगल राज से तंग आ चुकी हैं और विकास चाहती है।

## जनजातीय प्रतिभाओं को करेंगे सम्मानित, विकास कार्यों का होगा भूमिपूजन, लोकार्पण

# जनजाति गौरव दिवस पर सीएम डॉ. मोहन आज जबलपुर में करेंगे भव्य राज्य स्तरीय समारोह का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जबलपुर में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस का भव्य राज्य स्तरीय समारोह का शुभारंभ करेंगे। यहां जिलों से निकलने वाली जनजातीय गौरव रथ यात्राओं का समागम होगा। बड़ी संख्या में जनजातीय समुदायों के सदस्य पारंपरिक वेशभूषा और अपने पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ एकत्र होंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यक्रम को गुजरात के नर्मदा जिले से संबोधित करेंगे और विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। सभी राज्य इस कार्यक्रम से जुड़ेंगे। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. विजय शाह, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह सहित जनप्रतिनिधि एवं जनजातीय समुदाय के प्रतिनिधि विशेष रूप में मौजूद रहेंगे।

### जनजातीय समाज के सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव जनजातीय गौरव को दर्शाने वाली प्रदर्शनी का शुभारंभ करेंगे। प्रदर्शनी भगवान बिरसा मुंडा के जीवन और योगदान पर आधारित है। जनजातीय महानायकों में रानी दुर्गावती, शंकर शाह, रघुनाथ शाह, टंट्या भील के जीवन और योगदान को भी दर्शाया जाएगा। मुख्यमंत्री इस अवसर पर जनजातीय धर्म गुरुओं का सम्मान करेंगे और उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले जनजातीय समाज के सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेट खिलाड़ी सुश्री क्रांति गौड़, राज्य सरकार के सहयोग से लंदन में पढ़ाई कर रहे आसाराम पलवी और रवि मेडा और लिसेस्टर विश्वविद्यालय में अध्ययन कर रहे का भी सम्मान होगा।

**जनजाति कल्याण की योजनाओं और उपलब्धियां होंगी प्रदर्शित**

कार्यक्रम में भारत सरकार तथा मप्र सरकार की ओर से जनजाति कल्याण की योजनाओं और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा। जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और महानायकों के प्रति सम्मान प्रदर्शन करते हुए उनसे संबंधित पोस्टर, डिजिटल विषय वस्तु प्रदर्शित किया जाएगा। जनजातीय व्यंजनों के स्टॉल लगाए जाएंगे। 'एक जिला-एक उत्पाद' योजना में कृषि एवं उद्यानिकी विभाग, आजीविका मिशन के स्टॉल, जनजातीय युवा उद्यमियों के स्टार्टअप, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, प्राकृतिक खेती, श्रीअन्न, पशुपालन, मत्स्य पालन, वनोपज का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा बैगा, कोल, गोंड भारिया और सहरिया जनजाति के स्टाल भी लगाए जाएंगे।

### कक्षा 10वीं और 12वीं के जनजाति छात्र-छात्राओं का सम्मान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव जनजातीय समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल करने वाले प्रतिभाओं का सम्मान करेंगे। सम्मानित होने वालों में पद्मश्री अर्जुन सिंह धुर्वे, पद्मश्री भज्जू सिंह श्याम, फुलझरिया बाई, उजियारो बाई, सुश्री रागिनी मार्को, सुश्री सुष्टि सिंह शामिल है। कक्षा 10 वीं और 12वीं के जनजाति छात्र-छात्राओं को शंकर शाह, रानी दुर्गावती मेधावी विद्यार्थी पुरस्कार के लिए सम्मानित किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री करेंगे निर्माण कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव छिंदवाड़ा के हर्रई, खमारपानी और दमुआ में सांदीपनि विद्यालयों का लोकार्पण करेंगे। साथ ही जबलपुर की कुंडम तहसील में संयुक्त तहसील अनुभागीय अधिकारी कार्यालय का लोकार्पण करेंगे और 14 विभिन्न श्रेणी में विभागीय आवास का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री जिन विकास कार्यों का भूमि पूजन करेंगे, उसमें 100 सीटर बालक एवं 100 सीटर बालिका छात्रावास भवन हर्रई जिला छिंदवाड़ा, 100 सीटर बालक एवं 100 सीटर बालिका छात्रावास भवन अमरवाड़ा जिला छिंदवाड़ा, 50 सीटर बालक एवं 50 सीटर बालिका छात्रावास भवन मलाजखंड जिला छिंदवाड़ा और 50 सीटर बालक एवं 50 लीटर बालिका छात्रावास भवन परसवाड़ा जिला छिंदवाड़ा और संभागीय कार्यालय भवन का निर्माण शामिल है।

### यह प्रतिभाएं होंगी सम्मानित

डिंडोरी जिले के समनापुर विकासखंड के धुरकुटा गांव के पद्मश्री अर्जुन सिंह धुर्वे लोक गीतों और नृत्य को लोकप्रिय बनाने के लिए प्रसिद्ध है। डिंडोरी के करंजिया विकासखंड के पाटनगढ़ के पद्मश्री भज्जू सिंह श्याम गोंडी भित्ति चित्रकला के प्रचार-प्रसार और संरक्षण के लिए जनजातीय समुदाय में पारंपरिक रूप से प्रचलित चित्रकला को गांव-गांव और क्षेत्र से आगे बढ़ते हुए कैनवास पर गोंडी चित्रकला को नई पहचान दिलाई है। डिंडोरी के समनापुर विकासखंड के गौरा कन्हरी गांव की फुलझरिया बाई को देशज अनाज के बीजों के संग्रहण और उत्पादन में वृद्धि करने के लिए सम्मानित किया जाएगा। पौड़ी किवाड़ गांव की उजियारो भाई को जल संरक्षण के सराहनीय कार्य करने के लिए सम्मानित किया जाएगा। रागिनी मार्को को 2023-24 में आर्चरी खेल में अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर उच्च प्रदर्शन के लिए विक्रम अवार्ड से सम्मानित किया गया। सृष्टि सिंह को आर्चरी खेल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ग्रैंड प्रिक्स भूटान में एक स्वर्ण पदक एवं आश्चर्य वर्ल्ड कप स्टेज 4 में भाग लिया।

### भाजपा आज प्रदेश भर में मनाएगी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

भाजपा आज शनिवार को प्रदेश भर में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर शनिवार को जबलपुर एवं अलीराजपुर में आयोजित राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। आदिवासी बहुल जिलों में पहुंचेगे। मध्यप्रदेश के 24 जनजातीय बाहुल्य जिलों में आयोजित भगवान बिरसा मुंडा जयंती के जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश शासन के मंत्री, सांसद, विधायक व पार्टी पदाधिकारी पहुंचेंगे। प्रदेश शासन की मंत्री संपतियां उइके मंडला, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते सिवनी, मंत्री निर्मला भूरिया झाबुआ, नागर सिंह चौहान अलीराजपर, राधा सिंह सिंगरौली, पूर्व मंत्री प्रेम सिंह पटेल खरगोन, बैगा विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल अनूपपुर सहित अन्य मंत्री, सांसद जिला स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होंगे।

**खबर संक्षेप**

### नींद की गोलियों का ओवरडोज लेने से नव विवाहिता की मौत

**भोपाल।** अयोध्या नगर थाना क्षेत्र स्थित सागर एवेन्यू परिसर में रहने वाली एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बुधवार रात वह खाना खाने के बाद दवाइयां लेकर सोई थी। गुरुवार सुबह दस बजे तक वह सोकर नहीं उठी। पति उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया। पति ने बताया कि पत्नी डिप्रेशन में थी और उसका इलाज चल रहा था। डॉक्टर ने उन्हें नींद की गोलियां दी थी। अनुमान है कि नींद की गोली का ओवरडोज लेने से उनकी मौत हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार शिवांगी प्रजापति हिमांशु प्रजापति (32) सागर एवेन्यू परिसर में रहती थी। वह गृहणी थी, जबकि पति हिमाशुं प्राइवेट काम करते हैं। हिमांशु ने पुलिस को बताया कि शिवांगी डिप्रेशन में थी। उनका इलाज चल रहा था। डॉक्टर ने उन्हें नींद नहीं आने के कारण नींद की गोलियां दी थी। बुधवार रात शिवांगी ने नींद की गोलियां खा ली।

### खजूरी बायपास का होगा चौड़ीकरण, किसानों को नहीं मिला मुआवजा

**भोपाल।** शहर के खजूरी कलां बायपास के चौड़ीकरण का कार्य पीडब्ल्यूडी द्वारा किया जाना है। इसके लिए अधिकारियों ने पिपलानी से खजूरी कलां तक का सर्वे कर किसानों की जमीन को चिह्नित करने के साथ ही नोटिस तक थमा दिए हैं। अब किसानों की जमीन का अधिग्रहण कार्य शुरू किया जाना है, लेकिन अब तक किसानों को उनकी जमीन का मुआवजा नहीं मिला है। इससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है, जिन्होंने परेशान होकर शुक्रवार को एसडीएम एमपीनगर लक्ष्मीकांत खरे और कलेक्टोरेट में शिकायत दर्ज करवाई है। किसान कुबेर सिंह राजपूत,रवि गौड़, गोलू सिंह, कमल सिंह, चैन सिंह सहित किसानों ने बताया कि पिपलानी से खजूरी कलां तक चौड़ीकरण किया जाना है। इसके तहत पीडब्ल्यूडी ने कृषि भूमि को चिह्नित कर नोटिस थमा दिए गए हैं, लेकिन किसानों को मुआवजा नहीं मिला।

### विद्यार्थियों को पेन और नोटबुक किए वितरित



**भोपाल।** बाल दिवस पर अक्षय पात्र फ़ाउंडेशन ने विभिन्न विद्यालयों में केक तथा पेन, नोटबुक वितरित करने का कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत से डॉ. गुंजन सेन (टास्क मैनेजर), विशाखा श्रीवास्तव (क्वालिटी मॉनिटर), रुक्मणी मिश्रा (क्वालिटी मॉनिटर) की उपस्थिति रही। कार्यक्रम शासकीय प्राथमिक शाला, बैरागढ़ नंबर 32, तालीम उल इस्लाम मिडिल मदरसा, शासकीय प्राथमिक शाला गौरा, शासकीय प्राथमिक शाला बिशनखेड़ी, शासकीय माध्यमिक शाला भोईपुरा, शासकीय प्राथमिक शाला शाहपुरा में आयोजित हुआ।

## अगर प्रोजेक्ट को मंजूरी मिली तो आदमपुर खंती में कचरे का पहाड़ होगा खत्म

# निगम से एनएचएआई ने मांगा 10 लाख टन सॉलिड वेस्ट, बनेगी दस लेन सड़क

- 836.91 करोड़ रुपए की लागत से रत्नागिरी से आश्रम चौराहे तक करीब 16 किमी रोड का होना है निर्माण
- रोड पर बनना हैं करोंद, पीपुल्स मॉल और मीनाल के पास बड़े फ्लाईओवर



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अगर सबकुछ ठीक रहा तो राजधानी के रत्नागिरी तिराहे से आश्रम चौराहे तक करीब 16 किमी लंबा प्रस्तावित दस लेन रोड के निर्माण में सॉलिड वेस्ट का उपयोग होगा। ऐसा होने से निर्माण कार्य की लागत भी कम होगी।

नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने नगर निगम से 10 लाख टन सॉलिड वेस्ट की डिमांड की है। हालांकि मामला अभी एनजीटी में चल रहा है। इस मामले पर जल्द ही मीटिंग होना है, जिसमें मामले को मंजूरी मिलने की उम्मीद है। अगर मंजूरी मिलती है तो यह रोड मप्र का पहला रोड होगा जिसके निर्माण में सॉलिड वेस्ट का उपयोग होगा। इस सड़क निर्माण परियोजना की कुल लागत 836.91 करोड़ रुपए है। एनएचएआई ने साफ कहा है कि पेड काटने की अनुमति मिलने के तुरंत बाद परियोजना का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि यह सड़क न केवल राजधानी भोपाल में यातायात की समस्याओं को कम करेगी, बल्कि आसपास के क्षेत्रों के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। सॉलिड वेस्ट का इस्तेमाल करने से न केवल लागत में कमी आएगी, बल्कि पारंपरिक निर्माण सामग्री पर निर्भरता भी कम होगी। विशेषज्ञों का कहना है कि यह एक अभिनव मॉडल है जिसे भविष्य में अन्य राज्यों में भी अपनाया जा सकता है।

**पीपीपी मॉडल पर यह प्लांट होगा स्थापित**

### निगम बनाएगा बॉयो ब्रिकेट प्लांट, 10 टन कचरे का रोज हो सकेगा वैज्ञानिक ढंग से निष्पादन

राजधानी में बहुत जल्द ही बॉयो ब्रिकेट प्लांट स्थापित होगा। इसके बन जाने से रोजाना 10 टन कचरे का वैज्ञानिक ढंग से निष्पादन हो सकेगा। नगर निगम द्वारा पीपीपी मॉडल पर हार्डिकल्चर वेस्ट के निष्पादन के लिए लिए तैयारी तेज कर दी है। शुक्रवार को निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने प्लांट के मॉडल का अवलोकन करते हुए कहा कि भोपाल शहर की स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं वायु गुणवत्ता सुधार की दिशा में यह प्लांट एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। निगम आयुक्त श्रीमती जैन ने बॉयो ब्रिकेट प्लांट के मॉडल के अवलोकन के बाद पावर पाईंट प्रजेंटेशन के माध्यम से इसकी कार्य पद्धति के संबंध में जानकारी हासिल की। आईएसबीटी स्थित निगम कार्यालय में बॉयो ब्रिकेट प्लांट के मॉडल तैयार किया गया है। इसके माध्यम से हरित कचरे का वैज्ञानिक ढंग से निष्पादन हो सकेगा। इस प्लांट से लगने से निगम को राजस्व भी प्राप्त होगा। निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने बताया कि इस प्लांट की स्थापना के लिए कार्रवाई की जा रही है।

**बायो ब्रिकेट के यह होंगे लाभ**

यह पर्यावरण को अनुकूल बनाए रखता है। कोयले की तुलना में 80 फीसदी से अधिक कार्बनडाई ऑक्साइड उत्सर्जन को कम करता है और सल्फर रहित होता है। कृषि अपशिष्ट को उपयोगी ईंधन में बदलकर अपशिष्ट को कम करता है। औद्योगिक बॉयलरों में उपयोग किए जाने वाले कोयले के बराबर उच्च कैलोरी मान प्रदान कर सकता है।

**इंदौर में सड़क पर लूट के लिए हत्या का वीडियो वायरल**

## बुजुर्ग को पीटता रहा लुटेरा, पत्थर से हत्या की, लोग गुजरते रहे, पर मदद नहीं की

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

इंदौर में लुटेरे ने बीच सड़क पर बुजुर्ग को रोका। रुपए छीनने की कोशिश की। बुजुर्ग ने विरोध किया तो लुटेरों ने पत्थर मारकर हत्या कर दी। इस दौरान रास्ते से लोग गुजरते रहे, लेकिन किसी ने भी बुजुर्ग की मदद नहीं की। ये पूरी वारदात मौके पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है।

घटना खजराना इलाके में गुरुवार रात की है। 65 वर्षीय परमेश्वर बोरे को सड़क पर पड़ा देख, एक राहगीर ने उनके बेटे को इसकी जानकारी दी। बुजुर्ग के बेटे ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस में शिकायत दी। शुक्रवार को लूट और हत्या का सीसीटीवी फुटेज सामने आया। तब पुलिस ने जांच कर आरोपियों की गिरफ्तार की बात कही। फुटेज में दिखाई दे रहा है कि एक बदमाश लूट की नीयत से बुजुर्ग के पास पहुंचा और उनसे पैसे छीनने की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपी ने हत्या कर दी और भाग निकला।



## 13 संभागीय प्रभारी नियुक्तः तेजबहादुर को भोपाल, रणवीर को इंदौर का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र भाजपा संगठन विस्तार में जुट गई है। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने 3 नए संभाग बनाते हुए 13 संभागीय प्रभारी घोषित किए हैं। उनमें नागदा खाचरोद से विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह को भोपाल संभाग का प्रभारी बनाया है। प्रदेश उपाध्यक्ष रणवीर सिंह रावत इंदौर संभाग के प्रभारी बनाए गए हैं। सागर सांसद और प्रदेश महामंत्री लता वानखेड़े को उज्जैन, राज्यसभा सांसद और प्रदेश महामंत्री सुमेर सिंह सोलंकी को छिंदवाड़ा, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी को जबलपुर, प्रदेश महामंत्री गौरव रणदिवे को सागर, प्रदेश उपाध्यक्ष निशांत खरे को ग्वालियर, अभय यादव को चंबल, विजय दुबे को रीवा, गौरव सिरोठिया को शहडोल, प्रदेश उपाध्यक्ष कांत देव सिंह को नर्मदापुरम, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा को निमाड़ और सुरेश आर्य को मंदसौर संभाग का प्रभारी बनाया गया है। छिंदवाड़ा को जबलपुर संभाग से अलग कर भाजपा ने संगठनात्मक संभाग बनाया है। उज्जैन से मंदसौर को अलग किया गया है। इंदौर से निमाड़ को अलग कर नया संभाग बनाया है। भाजपा संगठन का तर्क है कि इससे कामकाज और निगरानी में आसानी होगी। भाजपा ने जिन 13 नेताओं को संभागीय प्रभारी बनाया है उनमें से चार नेता ऐसे हैं जो प्रदेश पदाधिकारी नहीं हैं। तेज बहादुर सिंह, अभय यादव, विजय दुबे, गौरव सिरोठिया और सुरेश आर्य प्रदेश पदाधिकारी नहीं हैं।

## व्यापारी ने चोरी करने पर अकाउंटेंट को हटाया, महिला कर्मचारी के साथ मिलकर फूंक दिया दो करोड़ के माल से भरा गोदाम

***निशातपुरा पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार, चोरी हुआ दो क्विंटल 78 किलो मखाना बरामद***

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

चोरी पकड़ी जाने के बाद नौकरी से हटाए जाने का बदला लेने के लिए अकाउंटेंट ने मखाना गोदाम में आग लगाई थी। साथ ही एक गोदाम में रखा मखाना चोरी कराया था। सीसीटीवी फुटेज में वह चेहरे पर कपड़ा बांधकर आग लगाते हुए कैद हुआ था। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

आगजनी में उसका साथ निभाने वाली महिला मित्र को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके घर से पुलिस ने 2 क्विंटल 78 किलो मखाना बरामद किया है। जिसे आरोपियों ने व्यापारी ने एक गोदाम से चोरी किया था। पुलिस के मुताबिक मूलतः बिहार निवासी 41 वर्षीय आशीष रंजन फार्चून कस्तूरी होशंगाबाद रोड में रहकर मखाना का व्यापार करते हैं। निशातपुरा इलाके में उनके दो गोदाम हैं। व्यापार का लेखा-जोखा रखने के लिए उन्होंने ग्राम खामखेड़ा निवासी 34 वर्षीय दीपक सिलावट को अकाउंटेंट रखा था। वहीं, गोदाम को बंद करने, खोलने के लिए छोला निवासी 40 वर्षीय संगीता राठौर पति मोहन राठौर को रखा था। हाल ही में आशीष रंजन को पता चला कि दीपक सिलावट उनके गोदाम से मखाना चोरी कर बाजार में बेच देता है। ऐसे में उन्होंने उसे नौकरी से हटा दिया। इसका बदला लेने के लिए अकाउंटेंट दीपक ने साजिश रची। उसने संगीता को अपने पाले में किया। 15 अक्टूबर को संगीता से दोनों गोदामों की चाबी ली। एक गोदाम से मखाना चोरी करा ऑटो में भराकर ईंटखेड़ी इलाके में संगीता के चाचा के घर रखा दिया। इसके बाद करीब दो करोड़ कीमती के मखाने से भरे गोदाम में पहुंचकर आग लगा दी।

### कैमरे का लाइव फीड मोबाइल पर लिया

अकाउंटेंट दीपक को हटाने के बाद आशीष ने दोनों गोदामों में सीसीटीवी कैमरे लगवाएं। कैमरों का लाइव फीड इंटरनेट के जरिए उन्होंने अपने मोबाइल से कनेक्ट कर लिया। वह लगातार निगराती करते रहे। कैमरे लगे होने की वजह से संगीता भी चोरी नहीं कर पाती थी। इसी बीच दीपक सिलावट ने उसे अपनी साजिश शेयर की। बताया कि गोदाम से मखाना चोरी कर आग लगा देते हैं। संगीता इसमें राजी हो गई। उसने दीपक को दोनों गोदाम की चाबी दे दी। 15 को दीपक कपड़े बांधकर गोदाम में पहुंचा और लगा दिया। दीपक आपराधिक प्रवृत्ति का है। उसके खिलाफ पूर्व के दो अपराध हैं।

### पति से अलग रह रही संगीता

पुलिस की जांच में सामने आया कि मूलतः बैतूल की रहने वाली संगीता अपने पति से पिछले 10 साल से अलग रह रही है। वह दीपक की करीबी है। गोदाम से चोरी किया गया मखाना संगीता के कहने पर ही ठिकाने लगाया गया था। उसने ही 1500 रुपए में ऑटो बुककर चोरी का मखाना ईंटखेड़ी इलाके में अपने चाचा के घर में रखाया था। कुछ मखाना दोनों आरोपी बेच चुके हैं। उनके पास से पुलिस को सिर्फ 2 क्विंटल मखाना ही बरामद हो सका है। हालांकि, संगीता के चाचा की अपराध में भूमिका नहीं थी। उन्हें आरोपियों ने अपनी करतूतों के बारे में नहीं बताया था।

**प्रदेश सरकार ने पुलिस कप्तानों और कमिश्नरों से मांगी अधिकारियों की सूची**

## 10 साल से जमे इंस्पेक्टर और डीएसपी के होंगे तबादले

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश में राज्य सरकार ने अहम कदम उठाने की तैयारी शुरू कर दी है। जून में प्रदेशभर में 5 दिन में 10 हजार पुलिसकर्मियों का तबादला किया गया था। जानकारी के अनुसार, अब एमपी के इंस्पेक्टर और डीएसपी की बारी है। जो 10 साल या उससे ज्यादा समय से एक ही जिले में जमे हुए हैं। इसमें 800 से 1000 अफसरों का तबादला हो सकता है।

इनमें से अधिकांश ऐसे अफसर होंगे जो एक ही जिले में 10 साल से पदस्थ हैं। प्रदेश सरकार ने पुलिस कप्तानों और कमिश्नरों से 10 साल से एक ही जिले में काम करने वाले अफसरों की सूची मांगी है। पुलिस विभाग की तबादला नीति के तहत 5 साल में अनिवार्य तबादला होता है, जबकि 10 साल तक एक ही जिले में रहना उल्लंघन माना जाता है। अधिकारियों का मानना है कि यह बदलाव पुलिस प्रशासन में अनुशासन और कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए आवश्यक है।

**पीएचक्यू ने तैयार किए चार अहम सवाल**

- इसके लिए कार्मिक शाखा ने चार अहम सवालों का प्रोफार्मा तैयार किया है। इनका जवाब अफसरों को देना होगा-
- क्या एक ही जिले में 10 साल से अधिक समय तक जमे हुए कई इंस्पेक्टर और उप-इंस्पेक्टर ने स्थानांतरण नीति का उल्लंघन किया है?
- यदि जवाब हां है, तो उन अधिकारियों के नाम और पदों की जानकारी दीजिए।
- इन अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई, उसका पूरा विवरण भी प्रस्तुत किया जाए।
- कितने अधिकारी हैं जो 10 साल से एक ही जिले में पदस्थ हैं?

### इसलिए हो रहा यह बदलाव

यह कदम विधानसभा में पूछे गए सवाल के जवाब में उठाया जा रहा है। वहीं, 2 दिसंबर को इस सवाल का जवाब देना है। इस दौरान प्रदेश सरकार ने सभी पुलिस कप्तानों और भोपाल-इंदौर पुलिस कमिश्नरों से ऐसे अफसरों की सूची मांगी है, जो 10 साल से अधिक समय से एक ही जिले में कार्यरत हैं।

**5 साल में अनिवार्य तबादला**

सरकार की तबादला नीति के तहत पुलिसकर्मियों को तीन साल में ट्रांसफर के लिए पात्र माना जाता है। पांच साल में यह अनिवार्य हो जाता है। विशेष परिस्थितियों में यह अवधि बढ़ाई जा सकती है। वहीं, 10 साल तक एक ही जिले में जमे रहना स्पष्ट रूप से उल्लंघन माना जाता है।

**रैन बसेरों में महापौर राय ने देखी व्यवस्थाएं**



शुक्रवार को महापौर मालती राय ने भोपाल में रैन बसेरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## 'गीता' और 'मेरा परिवार' विमर्श कार्यक्रम आज विवेकानंद केंद्र में

**भोपाल।** विवेकानन्द केन्द्र कन्याकुमारी शाखा भोपाल द्वारा 15 नवंबर की शाम 6 बजे गीता विषय पर विमर्श कार्यक्रम अयोजित होगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विवेकानन्द केन्द्र कन्याकुमारी के राष्ट्रीय उपाध्याय हनुमंतराव का मार्गदर्शन गीता और मेरे परिवार विषय पर प्राप्त होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भोपाल दक्षिण-पश्चिम विधानसभा के विधायक भगवानदास सबनानी एवं बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ.एसके जैन मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम विवेकानन्द केन्द्र भोपाल कार्यालय ई-32/45 बंगलो, उत्तर तात्या टोपे नगर के विवेकानन्द सभागार में होगा।

**आमजन की सुविधाओं के लिए किए जा रहे नवाचारों का किया अवलोकन**


# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एमजी रोड थाने का औचक निरीक्षण कर रोजनामचा रजिस्टर देखा, कहा- हर फरियादी की संवेदनशीलता के साथ करें सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को इंदौर भ्रमण के दौरान थाना एमजी रोड़ का आकस्मिक निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने थाने की व्यवस्थाओं को देखा तथा रजिस्टरों को चैक भी किया।

उन्होंने कार्रवाईयों की जानकारी ली। इंदौर पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने पुलिस की ओर से आमजन की सुविधाओं के लिए किए जा रहे नवाचारों की जानकारी भी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने थाना में हेड मोहर्रिर कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने एफआईआर दर्ज करने की कम्प्युटराईज्ड व्यवस्था को देखा। मौजूद स्टाफ से एफआईआर लिखने की प्रक्रिया की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने रोजनामचे का भी निरीक्षण किया। दोपहर 12 बजे किए गए निरीक्षण में पाया गया कि अंतिम एंट्री सुबह 11.38 बजे की थी। इस दौरान पाया गया कि एक आरक्षक रिंकू सिंह 8 नवम्बर से बगैर सूचना के अनुपस्थित है। मुख्यमंत्री ने पुलिस कमिश्नर को निर्देश दिए कि वे अनुपस्थिति का परीक्षण करें और नियमानुसार कार्रवाई करें।

**डॉ. मोहन ने अधिकारियों से आगन्तुक रजिस्टर का जानकारी ली**



पुलिस अधिकारी से चर्चा करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

मुख्यमंत्री ने आगन्तुक रजिस्टर का अवलोकन भी किया। पुलिस कमिश्नर सिंह ने बताया कि आमजन की सुविधा और उनके फीडबैक लेने के लिए हर थाने में आगन्तुक रजिस्टर रखा गया है। आगन्तुक अपने फीडबैक दर्ज कर सकते है। पुलिस कमिश्नर कार्यालय में इसके लिए एक अलग से फीडबैक सेक्शन बनाया गया है। इस सेक्शन से हर माह लगभग 5 हजार आगन्तुकों से फीडबैक फोन के माध्यम से लिया जाता है।

### पुलिस पूर्ण दक्षता से कार्य करें: सीएम

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि थानों में आने वाले प्रत्येक नागरिक की संवेदनशीलता के साथ सुनवाई हो। नागरिकों की सुविधाएं एवं हितों को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस पूर्ण दक्षता के साथ कार्य करें।

## खबर संक्षेप



### बोरवन के मंगल भवन का किया लोकार्पण

**संतनगर।** वार्ड क्रमांक 5 में हनुमान चालीस का पाठ कर शेड एवं मंगल भवन का लोकार्पण किया गया। वार्ड पार्षद अशोक मारण ने बताया कि वार्ड में भ्रमण के दौरान बोरवन में एक मंगल भवन काफी खराब हालत में था। आम जनता से बात करने के बाद सबकी सहमति से इस भवन को पार्षद निधि से पुनः मरम्मत का कार्य कराया गया एवं चादर का शेड का निर्माण कराया है।

### बैरागढ़ के कई क्षेत्रों में आज बंद रहेगी बिजली

**संतनगर।** नगर के कई क्षेत्रों में शनिवार को 33 / 11 केवी उपकेंद्र बुढाखेड़ा पर पावर ट्रांसफार्मर बदलना है, जिसके लिए उपकेंद्र से निर्गमित 11केवी फीडर निर्मल नर्सरी एवं वन ट्री हिल फीडर को बेकफीड सप्लाई दी जाएगी। उक्त फीडरो की सप्लाई प्रातः 10 से शाम 5 बजे तक बोरवन, श्रद्धा अपार्टमेंट, लक्ष्मण नगर ,ओल्ड डेरी फार्म, बुढाखेड़ा, एफ वार्ड , वन ट्री हिल्स, बैंक ऑफ़ बड़ोदा, शनि मंदिर, डॉक्टर ज्ञानचंदानी रोड, सुरेश जसवानी के आसपास का एरिया, मांझी नगर, राधा होम्स एवं कैलाश दूध डेयरी के आसपास विद्युत सप्लाई बंद हो सकता है।

### बिहार में एनडीए की जीत पर जताई प्रसन्नता

**तामोट।** बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत पर जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, जनपद सदस्य रूपेश चौहान ने खुशी जाहिर की। इस अवसर पर संजीव चौहान, बाबूलाल चौहान, रामकिशोर चौहान, सुरेश तिवारी, रामपाल, राधा कुशवाहा, वीरेंद्र परसाई, अरविंद जैन, अरुण जैन, लाला राम कुशवाहा, मनोज जैन, सुजीत चौहान आदि ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास और सुशासन की जीत है।

### स्व. सुंदरलाल पटवा के भाई का निधन

**औबेदुल्लागंज।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. सुन्दरलाल पटवा के अनुज, भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा के काका साहब संपत लाल पटवा का निःधन हो गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, भाजपा संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, वरिष्ठ नेता कन्हैया नंदवंशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ भूपेंद्र नागर, सुरजीत सिंह गिल,नरेंद्र शर्मा, पार्षद दीपू परमार, नरेश सेठी, मनोज चौरसिया, माधव यादव ,माखन परमार आदि ने श्रद्धांजलि दी।



**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 1736 | | |
| दिनः | 125 | 84 | 590 |
| रातः | 569 | 07 | 269 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 270 | 99 | 126 |
| रातः | 256 | 34 | 356 |

# प्रॉपर्टी के विवाद में किराना व्यापारी पर तलवार से जानलेवा हमला, कान कटकर हुआ अलग

**निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित पंचवटी फेस टू में हुई वारदात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित पंचवटी फेस टू में प्रॉपर्टी के विवाद में सगे भाई और उसकी पत्नी ने किराना व्यापारी पर तलवार से जानलेवा हमला कर दिया। उन्हें बचाने के प्रयास में उनकी पत्नी के हथैली कट गई, जबकि बेटी को माथे पर आंख के पास तलवार से चोट लगी है। घटना शुक्रवार रात 3 बजे के की है। तीनों का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने आरोपी और उसकी पत्नी पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार प्रताप सिंह विश्वकर्मा (54) पंचवटी फेस टू में रहते हैं और किराना दुकान का संचालन करते हैं। उनके मकान के एक हिस्से में उनका भाई दारा सिंह विश्वकर्मा परिवार के साथ रहता है। प्रताप और दारासिंह सहित तीन भाई और चार बहने हैं। उनकी करोंद खुर्द में भूमि थी। भूमि और वहां बने मकान में तीनों भाई का बंटवारा हो चुका है। पंचवटी फेस टू स्थित मकान में हिस्से को लेकर प्रताप और दारा सिंह का विवाद चल रहा है। दारा सिंह का कहना है कि मरने से पूर्व पिता वसीयत में उसका नाम लिखा चुके हैं। परिवार का कहना है कि गत वर्ष ही पिता की मौत हुई है और उन्होंने कब वसीयत करा दी, इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। बस इसी मकान को लेकर प्रताप सिंह और दारा में विवाद चल रहा था।

**बचाने के प्रयास में पत्नी और बेटी भी घायल**

गुरुवार देर रात शुरू हुआ विवाद शुक्रवार तड़के तीन बजे तक चलता रहा। सुबह तीन बजे गुस्से में दारा सिंह ने घर से तलवार निकाल ली और प्रताप पर जानलेवा हमला कर दिया। तलवार उसके सिर और कान के पास लगने से उसका कान कटकर अलग हो गया, जबकि प्रताप की पत्नी ने उसे बचाने का प्रयास किया तो उसकी हथैली कटी है। मां पिता पर हुए हमले में बचाव करने पहुंची 26 साल की बेटी पिंकी को भी सिर में आंख के पास तलवार लगी है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। इसके बाद घायल परिवार को अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने प्रताप की शिकायत पर दारा सिंह और उसकी पत्नी रचना विश्वकर्मा पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी अभी फरार है और उनकी तलाश की जा रही है।

# विकराल परिस्थितियों में पंडित नेहरू ने भारत को ऊंचाइयों तक पहुंचाया

**कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर



भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. पं.जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर कांग्रेस कार्यकर्ता पुष्पांजलि अर्पित करते हुए।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्व.पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर कांग्रेस कार्यकताओं ने माल्यार्पण कर याद किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक मारण, उप ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम लालवानी, पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता माधु चांदवानी, वरिष्ठ नेता तुलसी जोतवानी, नरेंद्र केवलानी, महेश गुरबानी, जगदीश सांवले, विशणु मारण, सुरेश सिंगरोली, गगन भार्गव, साहिल खान, किशनलाल जाटव, जगदीश विश्वकर्मा, राम स्वरूप यादव सहित अन्य कांग्रेस सदस्य उपस्थित थे।

इस अवसर पर अशोक मारण ने कहा की आजादी के बाद देश पंडित नेहरू के सामने देश को एकजुट रखना और देश का नया भविष्य बनाने की बहुत बड़ी चुनौती थी, पर पंडित नेहरू ने विकराल परस्थितियों में अपनी सूझबूझ से देश का नेतृत्व किया और भारत को ऊंचाइयों तक पहुंचाया। माधु चांदवानी ने कहा कि आजादी के बाद नेहरूजी ने देश की तस्वीर बदली उनके कार्यकाल में बड़े-बड़े उद्योग भारत में स्थापित हुए। जगदीश सांवले ने कहा कि नेहरू जी एक बड़े परिवार से आते थे, उसके बाद भी उन्होंने देश की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी और लम्बे समय तक जेल में रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता महेश गुरबानी ने किया तथा आभार उप ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम लालवानी ने व्यक्त किया।

## कमला नगर थाना क्षेत्र के पीसी नगर नया बसेरा में हुई वारदात

# धारदार हथियार से युवक का गला रेतकर की हत्या, बेड पर पड़ी मिली खून से लथपथ लाश

**बगल वाले कमरे में सो रहा था छोटा भाई, माता पिता और परिवार, घर में ही किसी पर हत्या का संदेह**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



धर्मेंद्र सिंह चौहान, मृतक

कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित पीसी नगर नया बसेरा में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसकी लाश कमरे में बेड पर खून से लतपथ अवस्था में पड़ी मां ने देखी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए मर्चूरी भेज दी थी। मृतक को सिर में पीछे की तरफ बांई और गहरा घाव मिला है, वहीं गला भी रेता हुआ है। अनुमान है कि किसी धारदार हथियार से उसकी हत्या की गई है। घर में आने जाने का एक ही रास्ता होने के कारण अनुमान है कि घर के ही किसी सदस्य ने उसकी हत्या की है। पुलिस ने अज्ञात पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस हत्यारे की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार धर्मेंद्र सिंह चौहान पिता धीरेंद्र सिंह चौहान (36) पीसी नगर, नया बसेरा, कोटरा सुल्तानाबाद में रहता था और होटल में वेटर का काम करता था। वह शादीशुदा है। उसके परिवार में पत्नी और चार बच्चें है। पत्नी डेढ़ साल से तीन बच्चियों को लेकर मायके में रह रही है। धर्मेंद्र यहां अपने आठ साल के बच्चे, माता-पिता और छोटे भाई राजू के परिवार के साथ रह रहा था। धर्मेंद्र का कमरा अलग था। गुरुवार रात करीब 8 बजे धर्मेंद्र शराब के नशे में घर पहुंचा और अपने कमरे में सो गया। शुक्रवार सुबह 9 बजे मां उसके कमरे में पहुंची तो उसका शव बेड पर खून से लथपथ पड़ा मिला।

**धारदार हथियार से हत्या और किसी को नहीं लगी भनक**

थाना प्रभारी निरूपा पांडे ने बताया कि मृतक का कमरा और परिवार का कमरा लगा हुआ है। धर्मेंद्र की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई और किसी को पता नहीं चल सका। संदेह जताया जा रहा है कि परिवार में ही किसी ने धर्मेंद्र की हत्या की है। पुलिस परिवार के सदस्यों से अलग-अलग पूछताछ कर रही है। जल्द ही हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### बाइक खंभे से टकराई युवक की मौत

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित समर्धा टोला के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंभे में जा घुसी। इस हादसे में बाइक सवार को गंभीर चोट आई थी। उसे एंबुलेंस मंडीदीप स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंची, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची मंडीदीप पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। घटनास्थल मिसरोद थाना क्षेत्र का होने के कारण मर्ग डायरी मिसरोद पुलिस को सौंपी गई है। पुलिस के अनुसार धर्मेश पाल पिता महेश पाल (28) ग्राम करोंदा, थाना उमरावगंज जिला रायसेन में रहता था और प्राइवेट काम करता था। गत 12 नवंबर की शाम वह अपनी बाइक से मंडीदीप से सतलापुर जाने के लिए निकला था। गांव दीपड़ी से निकलने के बाद वह समर्धा टोला गांव पहुंचा था, तभी शाम करीब सात बजे उसकी बाइक अनियंत्रित होकर खंभे से टकरा गई। इस हादसे में उसे गंभीर चोट आई थी। एंबुलेंस उसे मंडीदीप स्थित अस्पताल लेकर पहुंची, वहां देर रात उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

### दामाद के हमले से घायल एसएएफ के रिटायर्ड कर्मचारी की मौत, हत्या की धाराओं में इजाफा

**स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र स्थित कच्ची सराय इलाके का मामला**

स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र स्थित कच्ची सराय इलाके में गत सोमवार शाम दामाद ने एसएएफ से रिटायर्ड ससुर पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। हमीदिया अस्पताल में करीब तीन दिन चले इलाज के बाद गुरुवार रात उनकी मौत हो गई। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपी दामाद को गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी अभी जेल में है। पुलिस उसके खिलाफ हत्या की धारा बढ़ा रही है। पुलिस के अनुसार नासिर हुसैन (70) मकान नंबर-25, कच्ची सराय, स्टेशन बजरिया में रहते थे। वे एसएएफ में पदस्थ थे और वर्ष 2015 में रिटायर्ड हो गए। रिटायर्डमेंट के बाद वह कच्ची सराय में पत्नी के साथ रह रहे थे। उन्होंने अपनी बेटी का निकाह बाग दिलकुशा, ऐशबाग निवासी परवेज खान से कराया था। परवेज खान जनरेटर किराए पर देने का काम करता है। वह पत्नी को प्रताड़ित करता था। लिहाजा पत्नी कुछ दिन पहले ही मायके में आ गई थी। गत सोमवार 10 नवंबर की शाम वह पत्नी को लेने के लिए कच्ची सराय पहुंचा। उसने पत्नी को घर चलने का कहा। पत्नी ने उसे साथ जाने से इंकार कर दिया। इस पर वह पत्नी से विवाद करने लगा। नासिर ने आरोपी दामाद को समझाइश देने का प्रयास किया, लेकिन वह मानने को तैयार नहीं था। वह गुस्से में था और ससुर नासिर हुसैन के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। ससुर ने उसे गाली देने से मना किया। इस पर वह भड़क गया और अपने साथ लाए चाकू से नासिर के पेट पर हमला कर दिया। बेसुध अवस्था में परिजन उसे हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां नासिर का ऑपरेशन भी हो गया था, लेकिन गहरा घांव होने के कारण पेट में इंफेक्शन होने से नासिर की गुरुवार रात मौत हो गई।



जन सहयोग और आरोग्य हॉस्पिटल ने आहार किट वितरित किए।

# 10 कुपोषित बच्चों को लिया आरोग्य हॉस्पिटल ने गोद

**पोषण आहार से लेकर देखरेख का होगा जिम्मा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

स्वास्थ्य विभाग के द्वारा ब्लॉक में कुपोषित बच्चों को उनके स्वास्थ्य एवं देख-रेख की जिम्मेदारी के निर्वहन के लिए आरोग्य हॉस्पिटल ने कदम उठाया है, जिसमें 10 कुपोषित बच्चों को उनके जवाबदारी, जिसमें स्वास्थ्य से लेकर उनके खान पान, दवा से लेकर आवश्यक सामग्री मुहैया कराने का काम आरोग्य हॉस्पिटल के जिम्मे रहेगा।

हॉस्पिटल के प्रबंधक राजेंद्र नगर ने बताया कि इन बच्चों को कुपोषण संबंधित पूरी देख-रेख एवं समय-समय पर बच्चों का वजन नाप कर उसमें सुधार के लिए हर संभव मदद की जाएगी, जिससे बच्चे महिला बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित 'कुपोषण मुक्त अभियान' के अंतर्गत कुपोषित एवं कमजोर बच्चों को आरोग्य हॉस्पिटल सहित अन्य समाजसेवियों के सहयोग से पोषण आहार किट भी वितरण किया गया। इसी क्रम में हर बच्चा स्वस्थ - हर घर पोषित का लिया संकल्प भी लिया गया।

इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी चंद्रशेखर श्रीवास्तव, भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र नागर, पूर्व जिला महामंत्री रविंद्र विजयवर्गीय, स्वास्थ्य विभाग में विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र नागर, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ.अमृता जीवने, महिला बाल विकास ब्लॉक अधिकारी गिरीश चौहान, मंडल महामंत्री माधव यादव, पार्षद मनोज चौरसिया सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**8 लोगों पर प्रकरण दर्ज, 4 को मौके पर किया गिरफ्तार**

# आबकारी विभाग ने कार्रवाई कर बड़ी मात्रा में जब्त की अवैध शराब



आबकारी विभाग ने ढाबे पर कार्रवाई कर जब्त की अवैध शराब।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

आबकारी विभाग के अमले ने शुक्रवार को अवैध शराब के कारोबारियों पर कार्रवाई की। ग्राम दिवटीया, करमई-बमनई, केशल बाड़ा, सलकनपुर मार्ग स्थित ढाबों एवं अवैध शराब के अड्डों पर दबिश देकर कुल 8 प्रकरण दर्ज कर 4 लोगों को मौके पर गिरफ्तार किया।

कार्रवाई में 50 पाव प्लेन, 40 पाव मसाला, 17 केन बियर, 12 पाव अंग्रेजी शराब, 80 लीटर अवैध हाथभट्टी शराब जब्त की गई। वहीं 900 किलोग्राम महुआ लहान सैंपल लेकर मौके पर नष्ट किया, जिसका अनुमानित मूल्य 1,36,000 रुपए है। सहायक आयुक्त आबकारी दीपक अवस्थी ने बताया कि जिले में अवैध शराब के कारोबार में लिप्त व्यक्तियों पर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# बिहार में एनडीए की प्रचंड विजय पर पटवा ने माना जनता का आभार



**औबेदुल्लागंज।** बिहार में एनडीए की प्रचंड विजय पर विधायक सुरेंद्र पटवा ने कहा देवतुल्य जनता को हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा विकास और सुशासन की यह जीत, बिहार के जन-जन की ऐतिहासिक विजय है। आपके भरोसे ने इस जनादेश को और सशक्त बनाया है, अब रफ्तार और तेज होगी, बिहार और मज़बूत बनेगा। औबेदुल्लागंज में बिहार की प्रचंड जीत पर भाजपा के वरिष्ठ नेता कन्हैया नंदवंशी, डॉक्टर कैलाश विनय, अशोक यादव, मंडल अध्यक्ष डॉ भूपेंद्र नागर, नपा उपाध्यक्ष नमिता बागिश अग्रवाल, नरेंद्र शर्मा, पंकज कोठारी, दीपू परमार, वचन लोधी, आरती यादव, माया राय, रेखा कपूर, सपना रैकवार, कांता पटेल, देवेंद्र सिंह राजू, सुरजीत सिंह बिल्ले, माधव यादव, नंदू शर्मा, पार्षद सुजीत यादव, सोनू राय, पवन जोत सिंह, राजेंद्र गुड्डु साहू, मनोज चौरसिया, लखविंदर सिंह, धर्मेंद्र चौरसिया, राहुल प्रजापति, पदम चौहान, युवा नेता राहुल नागर, जीतू नंदवंशी, नरेश सेठी, भूपेंद्र नंदवंशी, रामकिशोर नंदवंशी आदि ने जीत की बधाई दी।

# साईं चांडूराम साहिब की अस्थि कलश दर्शन एवं श्रद्धांजलि सभा कल

**संतनगर।** सिंधी समाज के महान संत, समाज सुधारक, मानव सेवा एवं अध्यात्म की अनन्य धारा के प्रवर्तक, तथा शिव शांति आश्रम, लखनऊ के संचालक 'साईं चांडूराम साहिब' का विगत दिवस निधन हो गया। उनके दिव्य विछोह ने सिंधी समाज सहित संत प्रेमियों, भक्तजनों एवं अध्यात्म-जिज्ञासुओं को गहन शोक में डुबो दिया है। उनकी पुण्य अस्थि कलश दर्शन एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन 16 नवंबर रविवार शाम 5 से 7 बजे तक संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज परिसर स्थित संत हिरदाराम ऑडिटोरियम में किया जाएगा।

संत बाबा आसुदाराम सेवा समिति, भोपाल ने बताया कि पुण्य अस्थि कलश यात्रा का शुभारंभ संत हिरदाराम साहिब की पावन कुटिया पर माथा टेककर शाम 4 बजे से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, एफ-वार्ड, गंगाधाम, विद्यासागर स्कूल मार्ग से होती हुई संत हिरदाराम ऑडिटोरियम पहुंचेगी। समिति ने सभी भक्तजनों से करबद्ध अपील की है कि वे इस पावन, पुण्य एवं भावपूर्ण अवसर पर उपस्थित होकर अस्थि कलश पर श्रद्धा-सुमन अर्पित करें।

## कुपोषित बच्चों को पोषण आहार किट बांटी



**औबेदुल्लागंज।** कुपोषण मुक्त अभियान के अंतर्गत शासकीय अस्पताल औबेदुल्लागंज में कुपोषित बच्चों को पोषण आहार का किट वितरण किया गया। ब्लॉक में करीब 240 बच्चे कुपोषित चिन्हित किए गए। उनका प्रत्येक माह जांच के साथ पोषण आहार दिया जाएगा। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी चंद्रशेखर श्रीवास्तव, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, महिला बाल विकास अधिकारी गिरीश चौहान, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. अमृता जीवने, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र नागर, माधव यादव, पार्षद मनोज चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

### एर्नाकुलम से बरौनी वनवे स्पेशल ट्रेन चलेगी

**भोपाल।** रेलवे द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु एवं उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से भोपाल मंडल के इटारसी होकर एरणाकुलम से बरौनी वनवे स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह विशेष ट्रेन 15 नवम्बर को एक ट्रिप के रूप में चलाई जाएगी।

**चाणक्य स्कूल के प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बाल दिवस**

# विज्ञान और कला प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने बनाए मॉडल, बच्चों के लगाए गए स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल्स ने लोगों को लुभाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



बाल दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ करते युवा मोर्चा अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, संस्था के संचालक सीएस सिंह और विद्यालय की प्राचार्या भूपेंद्र कौर व अन्य।

भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म दिवस शुक्रवार को चाणक्य स्कूल में बाल दिवस के रूप में युवा मोर्चा अध्यक्ष डॉ. भूपेन्द्र नागर के मुख्य आतिथ्य में हार्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान विज्ञान और कला प्रदर्शनी एवं चील्ड्रेनफन फेयर का आयोजन किया गया।

प्रायमरी, मिडिल, हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी स्तर के छात-छात्राओं ने भिन्न-भिन्न प्रकार के क्रियाशील साइंस माडल बनाए। इसी तरह प्रायमरी से हायर सेकंडरी स्तर के छात्र-छात्राओं ने स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल लगाए। मिडिल क्लास के रागनी जैन एवं प्रिंसी पाल ने पानी पुरी एवं फ्रूट चाट की दुकान लगाई।

**इन बच्चों ने लगाए स्टॉल्स**

हाईस्कूल के शिव ओड़ तथा यश ओड़ ने भाजी बड़ा की दुकान लगाई। हायर सेकंडरी के मयंक, हेमन्त, अरजान, सलोनी, सृष्टि, मानवी फैजान, क्रिश साहू आदि ने स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल लगाए। इसी तरह साइंस माडलों में प्रायमरी कक्षा की हर्षिता प्रजापति, कनक प्रजापति, अमित बाडिबा, शिवम उइके, मिडिल क्लास के अंशिका गोंड, सालिनी जैन, बीर चौहान, हाईस्कूल सेक्सन से दिव्यांश वामनिया ,जोया, काजल, फेहमिन जेनब, श्रेयांशी नागर, तमन्ना यादव, प्राची नागर और हायर सेकंडरी कक्षा की मुस्कान चौहान, पलक गुजरे, हनु नंदवंशी, आरती राजपूत आयुशी सिलावट अंशु कुशवाहा, नमामी यादव, नम्रता सिरोठिया, कृतिका राजपूत, अंशिका यादव, अदिति कहार, अनुष्का उइके, कीर्ति साहू आदि ने प्रेरणादायक साइंस माडल बनाए। एआई तकनीक के माध्यम से शिवम बामनिया कक्षा 12वीं ने स्वचलित रोबोट बनाया, जो सर्वाधिक आकर्षण का केंद्र रहा। विद्यालय संचालक एवं शाला प्राचार्य ने सभी पालकों का आभार व्यक्त किया।

# शिक्षाप्रद नाटय मंचन पर बच्चों के साथ शिक्षकों ने किए नृत्य

**स्कूलों में धूमधाम से मनाया बाल दिवस, चाचा नेहरू को दी पुष्पांजलि**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर




बच्चों के साथ शिक्षिकाओं ने भी बाल दिवस पर कार्यक्रम में लिया भाग।

विद्यासागर पब्लिक स्कूल, राधीबाई हासोमल ख्यांतानी फाउंडेशन स्कूल एवं अर्जन हाथीरामानी प्ले स्कूल में शुक्रवार को बाल दिवस मनाया। इस अवसर पर प्री- प्राइमरी कक्षाओं के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने अपने नन्हें कदमों की ताल से खूब मस्ती और धमाल किया। कार्यक्रम का शुभारंभ नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा चाचा नेहरू को पुष्पांजलि अर्पित कर हुआ।

स्कूल प्रधानाध्यापिका मिष्ठी वासवानी ने बच्चों से कहा कि हम सभी बहुत सौभाग्यशाली हैं कि हम पर सदा संत सिद्ध भाऊ का आशीर्वाद है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास व सामाजिक जुड़ाव को मजबूत बनाते हैं। इसके बाद बच्चों ने रंग-बिरंगी गतिविधियों, खेल-कूद तथा नृत्य के माध्यम से अपने उत्साह और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय परिसर बाल-सुलभ मुस्कान, रचनात्मकता और ऊर्जा से पूरी तरह सराबोर रहा। बच्चों के मनोरंजन के लिए मनमोहक एवं शिक्षाप्रद नाटिका का मंचन किया जिसे देखकर बच्चे भी अपनी शिक्षिकाओं के साथ खुशी से झूम उठे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती दीपा भागवानी (कोऑर्डिनेटर) द्वारा किया गया।

### आलमी तब्लीगी इज्तिमा में शादियों का फिजूलखर्च बचाने और बेटियों को बोझ से बचाने की पहल

# न सेहरा न हार, सादगी से लाइन में बैठे दूल्हों की कराई शादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में पिछले 78 साल से हो रहे आलमी तब्लीगी इज्तिमा में प्रत्येक वर्ष सामुहिक निकाह भी पढ़ाए जाते हैं, जिसमें अब तादाद बढ़कर तीन सौ से अधिक पहुंच गई है, जिसके लिए कजियात में पहले ही इन शादियों का रजिस्ट्रेशन कर लिया जाता है। इज्तिमा के पहले दिन सभी दूल्हों को एक साथ बुलाकर निकाह पढ़ाया जाता है। शुक्रवार को असिर की नमाज के बाद इज्तिमाह गाह के स्टेज के पास लकड़ी के तखत पर दूल्हों को बैठाया गया। न तो उनके सिर पर सेहरा था न ही गले में हार। मौलाना युसुफ ने एक साथ इन दूल्हों के निकाह पढ़ाकर उन्हें शादी से जुड़ी जरूरी नसीहत भी दीं।

इस दौरान दुल्हनों के परिजन भी मौके पर मौजूद थे। जैसे ही निकाह की रस्म पूरी हुई, मौके पर मौजूद परिजनों व अकीदतमंदों ने इन युवकों को मुबारकबाद दी। खुशी में छुहारे तकसीम किए गए। इज्तिमा में उलेमा ने भी कहा शादी और फिजूल खर्ची का चोली दामन का साथ है। समाज में शादी ही ऐसा मौका है, जब व्यक्ति अपनी शान ओ शौकत दिखाने के लिए पानी की तरह पैसा बहाता है। हजारों लोगों की मौजूदगी और शाही खानों के साथ ही दुल्हन के साथ दहेज के रूप में घर-संसार का सारा सामान भी जरूरी है। ये सब अरेंज करने के लिए व्यक्ति कर्ज लेने से भी नहीं चूकता और बाद में उम्र भर पछताता रहता है। इस गलत परंपरा को रोकने के लिए ही निकाह के आयोजन इज्तिमा के मौके पर किए जाते हैं। लोगों से भी आह्वान किया शादी को आसान बनाया जाए, ताकि लोग बेटी को बोझ न समझें। उलेमा ने बेटी को अच्छी तालीम व तरबियत देने की भी ताकीद की।


आलमी तब्लीगी इज्तिमा में शामिल होने बाहर आती जमातें।

## इज्तिमा की झलकियां


ऑटो में सवार होकर इज्तिमा जाते लोग।

- रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर जमातियों के लिए स्वागत कैंप लगाए गए हैं। इज्तिमागाह तक जमातों को पहुंचाने वाहनों की फ्री सेवा
- भोपाल टॉकीज चौराहा, काजी कैंप, डीआईजी बंगला, करोंद पर भी कैंप लगाए गए हैं। जहां जमातियों के लिए फ्री चाय और सर्दी से बचने के लिए अलाव जलाए गए
- सिंधी कॉलोनी से इज्तिमागाह तक यातायात व्यवस्था वोलेंटियर्स ने संभाली। यातायात पुलिस इनको दे रही सहयोग
- इज्तिमागाह में पहले ही दिन पहुंचे बड़ी तादाद में लोगों की वजह से यहां मोबाइल नेटवर्क जाम
- मोबाइल चार्ज करने के लिए नगर निगम फायर ब्रिगेड के कैंप पर एक बड़ा चार्जिंग बोर्ड लगाया गया है, जिसमें एक साथ कई मोबाइल चार्ज किए जा सकते हैं
- इज्तिमागाह के अंदर के एरिया में फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी प्रतिबंधित रखी गई है
- इज्तिमागाह के आसपास स्थित खेतों से अमरूद, खीरा ककड़ी, टमाटर, भाजी, मूली की लगी दुकानें

### इज्तिमा स्थल पर नमाज का समय

- फजिर सुबह 6:00 बजे
- जोहर दोपहर 2.00 बजे
- असर 4:20 बजे
- मगरिब 5:45 बजे
- ईशा की नमाज बाद बयान

### पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए इज्तिमा का दो करोड़ लीटर गंदा पानी होगा ट्रीट, फसलों की होगी सिंचाई

ईंटखेड़ी में 14 नवंबर से आलिमी तब्लीगी इज्तिमा का आगाज हो गया है। पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए इस बार भी 600 एकड़ में होने वाले आयोजन स्थल पर कचरा उठाने के लिए नगर निगम कर्मचारियों के साथ 300 से अधिक वालेंटियर भी तैनात किए गए हैं। गीले कचरे से खाद बनाया जाएगा, तो वहीं सूखे कचरे को सीधे रीसाइकिलिंग के लिए भेजा जाएगा। वहीं दो करोड़ लीटर गंदे पानी को ट्रीट कर खेतों में सिंचाई योग्य बनाया जाएगा। इज्तिमा में इस बार लगभग 15 लाख लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। इनके लिए यहां पांच हजार शौचालय, करीब दो हजार वुजू करने के लिए नल और नहाने के लिए 600 अस्थायी बाथरूम बनाए जा रहे हैं। यहां से निकलने वाले लगभग दो करोड़ लीटर गंदे पानी को पूरी तरह से ट्रीट कर स्थानीय नदियों में छोड़ा जाएगा। जिससे कि यह खेतों में सिंचाई के काम आ सके। इसके अलावा गीले कचरा का संग्रहण कर इससे खाद बनाया जाएगा और कृषि अनुसंधान केंद्र को यह खाद उपलब्ध कराया जाएगा। मीडिया कार्डिनेटर डॉ. उमर हाफिज खान ने बताया कि इज्तिमा स्थल पर नाश्ता और खाने के लिए स्टील के बर्तनों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

### कभी किसी की मजबूरी का न उठाएं फायदा : मौलाना साअद


बाइक पर अपना सामान लेकर इज्तिमा में जाते हुए।

इज्तिमा में फजिर, जोहर, असिर और मगरिब के बाद देश के नामचीन उलेमाओं के बयान हुए। इस दौरान यहां आने वाले लाखों लोगों ने उलेमाओं के बयान सुने। मगरिब के बाद हुए बयान में मौलाना साअद ने कहा कि कभी किसी की मजबूरी से फायदा नहीं उठाना चाहिए। ऐसा करना गैरमुनासिब है। जिंदगी इंसान के लिए कीमती तौहफा है। लोगों की खिदमत करने वाला अल्लाह का दोस्त बन जाता है। अल्लाह से मांगकर ही हम अपने काम कराएंगे। हमें अपने अखलात को मामलात को बेहतर रखना है। हम लोगों के काम आ सकें। इस किरदार को बनाने के लिए हमें अल्लाह के रास्ते में निकलना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हर मुल्क की एक करंसी होती है। तो हम वहां कुछ नहीं कर सकते। आखिरत की करंसी नेक आमाल है। इसलिए हम अपनी जिंदगी में ही नेक आमाल कर लें, जिससे आखिरत हमारी आसान रहेगी।

## खबर संक्षेप

### आम्रपाली बौद्ध विहार परिषद अध्यक्ष ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन

**भोपाल।** निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने बाणगंगा स्थित आम्रपाली बौद्ध विहार क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों का शुक्रवार को भूमिपूजन किया। क्षेत्र में पांच लाख रुपए से कई विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इस अवसर पर सूर्यवंशी ने कहा कि पूर्व में भी अपनी निधि से करीब 10 लाख रूपए से सीसी सड़क एवं शेड निर्माण सहित अन्य जनसुविधा एवं विकास कार्यों के लिए उपलब्ध कराई है जिसके कार्य भी शुरू हो गए हैं।

### मप्र भोज मुक्त विवि में नवाचार पर व्याख्यान का किया आयोजन

**भोपाल।** मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय में संस्थानिक नवाचार प्रकोष्ठ द्वारा माय स्टोरी शीर्षक के तहत सफल उद्यमी और नवाचार पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाशक्ति सेवा केंद्र भोपाल, की अध्यक्ष पूजा आयंगर ने व्याख्यान दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. मिलिंद दांडेकर ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. मिलिंद दांडेकर ने कहा कि, वास्तव में उद्यमिता और नवाचार हमारे शैक्षिक जीवन का अभिन्न अंग होना चाहिए। हमारे विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों से जो छात्र निकलते हैं, उनमें से अधिकतर नौकरी ढूंढने वाले होते हैं।

### वन्दे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर डीआरएम ने किया पौधरोपण



**भोपाल।** वन्दे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में शुक्रवार को रेलवे कॉलोनी हबीबगंज स्थित झूला घर प्रांगण में विशेष पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पौधरोपण कार्यक्रम में डीआरएम पंकज त्यागी एवं एडीआरएम अभिराम खरे सहित अन्य अधिकारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण जागरुकता सन्देश दिया। मंडल रेल प्रबंधक ने इस अवसर पर वन्दे मातरम के अमर संदेश को याद करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं हरित क्षेत्र का विस्तार राष्ट्र निर्माण की महत्वपूर्ण कड़ी है।

### उत्पन्ना एकादशी आज

## श्रद्धालु व्रत रख कर भगवान विष्णु से संतान प्राप्ति के लिए करेंगे कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मार्गशीर्ष मास के शुक्लपक्ष की उत्पन्ना एकादशी शनिवार को रहेगी। इस दौरान राजधानी में मंदिरों पर विशेष पूजा-पाठ की जाएगी। तो वहीं लोगों ने व्रत रखकर भगवान विष्णु व श्रीकृष्ण से संतान प्राप्ति का आशीर्वाद मांगें। मां चामुण्डा दरबार के पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि उत्पन्ना एकादशी शनिवार को है। एकादशी का व्रत आरोग्य, संतान प्राप्ति और मोक्ष के लिए किया जाता है। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा करने से हर मनोकामना पूरी होती। साथ ही घर में सुख समृद्धि आती है। मान्यता है कि उत्पन्ना एकादशी से व्रत की शुरूआत होती है।



#### महिलाएं करेंगी सामूहिक दीपदान

मार्गशीर्ष कृष्ण उत्पन्ना एकादशी उत्सव के अवसर पर शीतला माता मंदिर, श्री बांके बिहारी लाल जी मार्कण्डेय महाराज मंदिर तलैया चोबदारपुरा में उत्पन्ना एकादशी उत्सव मनाया जाएगा। इस मौके पर ठाकुर जी का उत्पन्न कन्या के स्वरूप का श्रृंगार किया जाएगा। इस दौरान महिलाओं द्वारा सामूहिक दीपदान किया जाएगा। वहीं मां वैष्णो धाम आदर्श नवदुर्गा मंदिर में बाबा खाटू श्याम मंदिर विशेष श्रृंगार किया जाएगा।

### इस बार चाइनीज के बजाय कम तेल-मसालों वाले पारंपरिक व्यंजनों पर समाज का फोकस

## अगले सप्ताह से गूंजेंगी शहनाई... वाटिकाओं भवनों, डीजे बैंड व कैटर्स की हो चुकी हैं बुकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देवउठनी एकादशी के साथ ही देव उठ गए। इसके साथ ही शुभ काम शुरू हो गए है, लेकिन अभी शादियों के लिए शुभ मुहूर्त नहीं थे, लेकिन 21 नवंबर से मुहूर्त शुरू हो रहे है। इसके साथ ही शादियां शुरू हो जाएगी। मां चामुंडा दरबार भोपाल पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि देवउठनी एकादशी 1 नवंबर को मनाने के साथ ही भगवान विष्णु योग निद्रा से जाग गए हैं। इसके बाद से शुभ काम शुरू हो गए। अगले सप्ताह यानी 21 नवंबर से विवाह के शुभ मुहुर्त शुरू हो जाएंगे। राजधानी में वाटिकाओं, विवाह भवनों, डीजे बैंड वालों और कैटर्स की पहले ही बुकिंग हो चुकी है।

- लगातार बढ़ रही बीमारियों को लेकर लोग सतर्क, कई समाज कर रहे जागरूक


शादी का फाइल फोटो

#### माहेश्वरी समाज ने लिया निर्णय

शादियों में पारंपरिक और सीमित व्यंजनों को लेकर माहेश्वरी समाज ने पहल की है। समाज की ओर से रिसेप्शन में बनने वाले व्यंजनों की संख्या अचार, पापड़, सलाद सहित मिलाकर 21 कर दी गई है। पहले ये संख्या 30 से 35 हो जाती थी माहेश्वरी समाज कार्यकारिणी सदस्य केके बागड़ ने बताया कि हलवाई को कम तेल, मसाले डालने का पहले ही बोल देते हैं। इसके अलावा खाने में भारतीय खाना ही रखा जा रहा है। जनवरी में जोधपुर में बैठक होने जा रही है। इस संदर्भ में समाज के लोगों से अनुरोध करेंगे वे सीमित और पारंपरिक व्यंजन ही रिसेप्शन, शादी समारोह में रखे।

#### खान पान का बदलने लगा ट्रेंड

शादी-विवाह का सीजन शुरू हो चुका है पर लगातार बढ़ रहीं बीमारियों को लेकर लोग खान-पान को लेकर अवेयर होने लगे हैं। इसी का नतीजा है कि शादियों में भी अब खान पान का ट्रेंड बदलने लगा है। विवाह समारोह में हेल्दी और पारंपरिक खाना लोगों को पसंद आ रहा है। शादियों में फिजूलखर्ची रोकने कई सामाजिक संगठन भी पारंपरिक खाने की ओर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं।

#### गुजराती समाज ने कम किए व्यंजन

गुजराती समाज के अध्यक्ष संजय पटेल ने बताया कि शादियों में फिजूलखर्ची और अन्न की बबार्दी रोकने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। सामाजिक कार्यक्रम में भी झूठन छोड़ने पर 200 रुपए फाइन लगाया जाता है, ताकि खाना व्यर्थ ने फेंके। खाना में कम-तेल घी का इस्तेमाल किया जा रहा है।

#### ज्यादा तेल-घी कर रहा नुकसान

हेल्दी फिट रहने के लिए खान-पान का बहुत ख्याल रखना पड़ता है। ब्लेड-प्रेशर, शुगर जैसी बीमारियों में खान-पान का बहुत परहेज रखना पड़ता है। शादी-विवाह में ज्यादा तेल और घी का इस्तेमाल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

डॉ. योगेंद्र श्रीवास्तव
पूर्व अधीक्षक,जेपी अस्पताल

### श्रीदेवी, भूदेवी के साथ बालाजी महाराज का कल्याणम, भगवान बालाजी का विवाह उत्सव हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रायसेन रोड पटेल नगर स्थित एनआरआई संस्थान में लक्ष्मी पद्मावती वेंकटेंश बालाजी हनुमान एवं गरूण मंदिर के प्रांगण में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले ब्रह्मोत्सव के तीसरे दिन बालाजी का कल्याणम हुआ। पूजा की शुरुआत में प्रांत काल 6 बजे सुप्रभात सेवा से बालाजी भगवान को जगााया गया। उसके पश्चात भगवान बालाजी के सामने यज्ञशाला मे मूलमंत्र हवन किया गया। द्वारतोरण में चारों द्वारों की पूजा की गई। वेंकटेंश बालाजी की महाकुंभ आराधना की गई जिसमें बालाजी की चारों रूपो बिंब, अग्नि, जल व मंडल रूप में पूजा की गई। माता गोदा देवी का दुध, दही, मक्खन, शक्कर, शहद व धी से अभिषेक किया गया।

अभिषेक के बाद गोदामाता का आर्कषक श्रृंगार किया गया। उसके बाद पुर्णाहुति आयोजित की गई व तीर्थप्रसाद वितरण किया गया। पूरे कार्यकम के द्धौरान दक्षिणभारत कें विशेष बाजा नादास्वरम का किर्तन कराया गया। शाम को माता श्रीदेवी, भूदेवी माता के साथ बालाजी महाराज का कल्याणम अर्थात विवाह संपन हुआ। इस विवाह समारोह में दक्षिण भारतीय परंपराओं की सभी प्रमुख रस्मों का पालन किया गया। मंदिर परिसर में इन रस्मों के लिए एक रंग बिरंगी लाइटों से सजा भव्य मंडप तैयार किया गया।

### जीएमसी में शिशु रोग विभाग में बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन

## दिल्ली सरकार के कौशल विकास एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्रालय से किया गया एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल के गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) के शिशु रोग विभाग में बाल दिवस कार्यक्रम के दौरान जीएमसी और दिल्ली सरकार के कौशल विकास एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्रालय के अंतर्गत संचालित कंपोजिट रीजनल सेंटर भोपाल के बीच महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। इस करार के जरिए दोनों संस्थान अब संसाधन, विशेषज्ञता और सुविधाओं का आदान-प्रदान करेंगे। इससे मानसिक और शारीरिक रूप से दिव्यांग बच्चों को मॉडर्न थेरेपी, बेहतर निदान और रिसर्च आधारित इलाज मिलेगा।

जीएमसी की डीन डॉ. कविता एन सिंह और सीआरसी भोपाल के डायरेक्टर डॉ. नरेंद्र कुमार ने औपचारिक रूप से एमओयू पर हस्ताक्षर किए। वर्तमान में जीएमसीएच के शिशु रोग विभाग की ओपीडी में कई विशेषज्ञ थेरेपिस्ट शामिल हैं।

#### 10 में एक बच्चा डिसऑर्डर से प्रभावित

डब्ल्यूएचओ के अनुसार हर 10 में से 1 बच्चा किसी न किसी न्यूरो-डेवलपमेंट डिसऑर्डर से प्रभावित होता है। ऐसे में योग्य थेरेपिस्ट, समय पर निदान और वैज्ञानिक थेरेपी बच्चों के भविष्य के लिए बेहद अहम है। एमओयू इन सभी पहलुओं को मजबूत करेगा।

**बाल दिवस पर हुई प्रतियोगिता:** कार्यक्रम में बच्चों को कार्टून फिल्म दिखाई गई और ड्राइंग पेंटिंग प्रतियोगिता भी कराई गई। डॉक्टरों और थेरेपिस्ट ने बच्चों को प्रोत्साहित किया कि वे बिना झिझक अपनी क्षमताओं को व्यक्त करें।

## बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल मेमोरियल अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (बीएमएचआरसी) की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव को 13 नवंबर को ओरिएंटल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स, भोपाल द्वारा आयोजित 'स्मृति दिवस-2025' कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। यह आयोजन स्व. शकुंतला देवी ठकराल की पुण्य स्मृति में किया गया, जिनका जीवन सेवा और समाज उत्थान का प्रतीक है। उनके व्यक्तित्व से प्रेरणा लेते हुए प्रतिवर्ष उन महिलाओं को सम्मानित करने के लिए आयोजित किया जाता है, जिन्होंने समाज में उल्लेखनीय योगदान दिया है।


सम्मान प्रप्त करते डॉ. मनीषा श्रीवास्तव।

### मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी का तृतीय दीक्षांत समारोह आयोजित

## उद्यमिता के लिए मार्गदर्शन प्रदान करने वाली हो शिक्षा: राज्यपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सिर पर साफा, हाथों में उपाधि और गर्व की अनुभूति से लबरेज विद्यार्थी केसरिया रंग की पोशाक में अपनी मेहनत, समर्पण और सफलता का जश्न मनाते नजर आ रहे थे। अवसर था मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के तृतीय दीक्षांत समारोह का, जहां राज्यपाल द्वारा करीब 250 विद्यार्थियों और शोधार्थियों ने उपाधि प्राप्त की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्यपाल मंगूभाई पटेल, विशिष्ट अतिथि मप्र निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष प्रोफेसर खेम सिंह डहेरिया ने किया। मानसरोवर ग्लोबल विवि की कुलाधिपति मंजुला तिवारी, प्रतिकुलाधिपति इंजी. गौरव तिवारी, प्रो-चांसलर डॉ. अरुण कुमार पाण्डेय, कुलपति डॉ. ए.एस. यादव, प्रति कुलपति कर्नल एच.आर. रूहील और कुलसचिव डॉ. पुष्पेन्द्र तिवारी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। प्रति कुलाधिपति इंजी. गौरव तिवारी ने अतिथियों का स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए सर्वप्रथम मानसरोवर समूह के संस्थापक ब्रह्मलीन कमलाकांत तिवारी का स्मरण किया।


केसरिया रंग की पोशाक में शपथ लेते विद्यार्थी।


तृतीय दीक्षांत समारोह का शुभारंभ करते राज्यपालमंगूभाई पटेल व अन्य।

#### यहां से प्राप्त उपाधि और दीक्षा महत्वपूर्ण है...

राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने विभिन्न संकाय के पाठ्यक्रमों सहित चिकित्सा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शोध का वातावरण निर्मित करने के लिए मानसरोवर विश्वविद्यालय को शुभकामनाएं दीं। प्रो. खेम सिंह डहेरिया ने कहा कि यहां से प्राप्त उपाधि और दीक्षा महत्वपूर्ण है। इस दीक्षा सहित अपने राज्य और देश का मान सम्मान रखते हुए विकसित भारत के पुनर्निर्माण में अपना सहयोग दें।

### मंत्री सारंग ने वृद्धजनों के पैर पखार कर किया सम्मान

## कैलाश सारंग की पुण्यतिथि एवं स्व. प्रसून सारंग की जयंती पर मनाया मातृ-पितृ भक्ति दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व राज्यसभा सांसद स्व. कैलाश नारायण सारंग की पुण्यतिथि तथा उनकी धर्मपत्नी स्व. प्रसून सारंग की जयंती मातृ-पितृ भक्ति दिवस के रूप में मनाई गई।

मंत्री विश्वास कैलाश सारंग के आवाहन पर विधानसभा के सभी 17 वार्डों में विभिन्न सेवा एवं वृद्धजनों के सम्मान कार्यक्रम संपन्न हुए। मंत्री सारंग ने भोपाल में विभिन्न स्थानों पर वृद्धजनों के चरण पखारे, आरती उतारी तथा उन्हें शॉल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, सामाजिक संगठन एवं कार्यकर्ता मौजूद थे। मातृ-पितृ भक्ति दिवस के पर मध्यप्रदेश एवं देश के विभिन्न नगरों में भाजपा कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों एवं कायस्थ समाज द्वारा वृद्धजनों के सम्मान किया।


वृद्धजनों के पैर पखारते मंत्री सारंग।

#### मातृ-पितृ भक्ति दिवस का उद्देश्य

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि स्व. कैलाश नारायण सारंग तथा स्व. प्रसून सारंग के जीवन मूल्य समाजसेवा और संस्कार पर आधारित रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में माता-पिता की सेवा सर्वोच्च कर्तव्य मानी गई है, तथा समाज को इस मूल भावना के प्रति पुनः जागरूक करना समय की आवश्यकता है।


मेला स्थल पर चर्चा करतीं पदाधिकारी।

# स्वदेशी मेले में संस्कृति, संकल्प और सृजन का संगम

## राज्यपाल ने दिया स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वदेशी मेला भोपाल में रविवार का दिन संस्कृति, राष्ट्रभावना और बच्चों की रचनात्मकता का अद्भुत संगम बनकर उभरा। राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को दैनिक जीवन की आदत बनाने का सार्थक संदेश दिया। राज्यपाल ने कहा कि आज भी कई लोग यह समझ ही नहीं पाते कि वे जिन वस्तुओं का उपयोग कर रहे हैं, वे स्वदेशी हैं या विदेशी। उन्होंने स्वदेशी जागरण मंच द्वारा जनजागरूकता के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और 'लोकल फॉर वोकल' को जीवन में अपनाने की बात कही।

**बच्चों की कला ने खींचा सबका ध्यान**


मेले में शिव स्तुति की प्रस्तुति देती कलाकार।


मेले में प्रदेश के अनेक लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी।


प्रतियोगी को पुरस्कृत करते राज्यपाल व अतिथि।

### इनकी रही मुख्य भूमिका

पूरे आयोजन को सफल बनाने में स्वदेशी जागरण मंच की प्रांत प्रमुख एवं मेला संयोजक सीमा भारद्वाज, मंच की ही महिला सह समन्वयक मध्य भारत प्रांत प्रतिभा शुक्ला, आशा साहू, संध्या अग्रवाल, साधना, प्रिया, कृष्णा, मनीषा, प्रीति, मोनिका, प्रज्ञा और राखी सहित कई बहनों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।


चित्रकला प्रतियोगिता में शीट पर अपनी कल्पना के रंग भरते बच्चे।

### बच्चों की चित्रकला ने मेले में भरी रंगों की छटा

मेले में शुक्रवार को आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता ने बच्चों के उत्साह और प्रतिभा को एक नया मंच दिया। लगभग 30 बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता और कलात्मकता से दर्शकों का मन मोह लिया।

---

## खबर संक्षेप

### भोपाल ब्रांड स्टोरीः राइज़ अप कार्यक्रम आज

**भोपाल।** कल 15 नवंबर को भोपाल के विकास के लिए अग्रसर रूप से काम कर रही बेस्ट(भोपाल एक साथ टीम) नागरिक फोरम द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेशन सेंटर, में भोपाल ब्रांड स्टोरीः राइज़ अप कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें भोपाल के विकास को लेकर विभिन्न विषयों पर परिचर्चाएं होंगी एवं जीएसटी रिफॉर्म के लिए सरकार को धन्यवाद प्रेषित किया जाएगा। इसके अलावा लाइफ वेलनेस स्टूडियो का प्रिव्यू एवं विभिन्न क्षेत्रों में भोपाल का नाम राष्ट्रीय अंतराष्ट्रीय पटल पर स्थापित करने वाले 12 लोगों को सम्मानित भी किया जाएगा।

### आज गूंजेंगी वायलिन, गजल व लोकगीतों की स्वर लहरियां

**भोपाल।** प्रसार भारती एवं संस्कृति मंत्रालय द्वारा शनिवार को 67वां आकाशवाणी संगीत सम्मेलन का आयोजन भोपाल केन्द्र पर किया जा रहा है। यह सम्मेलन देशभर के 24 शहरों में एक साथ मनाया जा रहा है। शनिवार को शाम 6.30 बजे यह आयोजन समन्वय भवन में किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में शास्त्रीय संगीत के अंतर्गत वायलिन वादक पंडित संतोष नाहर (दिल्ली) वादन प्रस्तुत करेंगे, जिनके साथ संगत पर होंगे प्रसिद्ध तबला वादक उस्ताद सलीम अल्लाहवाले। लाइट म्यूजिक श्रेणी में जम्मू की सुप्रसिद्ध गजल गायिका डॉ. दीपाली वात्तल अपनी मधुर गजलों से श्रोताओं को रसास्वादन कराएंगी। साथ ही कश्मीर के लोकगीतों की प्रस्तुति भी देंगी।

### भोपाल की हेमलता सिंह को मिला प्राइड ऑफ नेशन अवॉर्ड

**भोपाल।** राजधानी दिल्ली स्थित एम.पी. के मानस भवन में



आयोजित भव्य प्राइड ऑफ नेशन अवॉर्ड समारोह में भोपाल की समाजसेविका हेमलता सिंह को समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु सम्मानित किया गया। इस समारोह में देशभर के 17 राज्यों से आई प्रतिभाशाली एवं प्रेरणादायक हस्तियों को महिला सशक्तिकरण, सामाजिक उत्थान, कला, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया। भोपाल की हेमलता सिंह लंबे समय से समाज सेवा, सांस्कृतिक संरक्षण और पर्यावरण के क्षेत्र में सक्रिय हैं।

---

केरल उत्सव 2025 में नजर आया शास्त्रीय कला और लोक रंगों का संगम

# बैलन, पैरी, अहीर और कर्मा नृत्य के रूप में जनजातीय नृत्य की प्रस्तुति...

## कोरकू जनजातीय नृत्य प्रदर्शन रहा प्रमुख आकर्षण का केंद्र


शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिट्टन मार्केट में जारी केरल उत्सव 2025 का दूसरा दिन उत्साह और उमंग के नाम रहा, जहां फेस्ट में जगह जगह कई आकर्षक हैंडीक्राफ्ट आयटम के स्टॉल दर्शकों के बीच आकर्षण का केंद्र रहे तो वहीं दूसरी ओर केरल के स्वादिष्ट व्यंजन का लुत्फ भी राजधानीवासियों ने बखूबी उठाया। शाम होते होते फेस्ट की शाम रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के नाम हो गई। यूनाइटेड मलयाली एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस मेले में एक ओर मध्य प्रदेश की शास्त्रीय, लोक, जनजातीय और सांस्कृतिक कलाओं का जीवंत मिश्रण देखने को मिला।

वहीं शाम की बेला का मुख्य आकर्षण का केंद्र कोरकू जनजातीय नृत्य प्रदर्शन रहा, जिसमें गड़ली, बैलन, पैरी, अहीर और कर्मा नृत्य को शामिल करते हुए मनभावन नृत्य की प्रस्तुति दी गई। ये पारंपरिक नृत्य प्रकृति, आध्यात्म और सामुदायिक जीवन से जुड़े सांस्कृतिक भावनाओं को दर्शाते हैं। रंग-बिरंगे परिधान और पारंपरिक तालवाद्य के साथ प्रस्तुत इन नृत्यों ने दर्शकों को कोरकू समुदाय की जीवंत सांस्कृतिक विरासत का सजीव अनुभव कराया।


केरल फेस्ट में कोरकू जनजाति के नृत्य की प्रस्तुति देते लोक कलाकार।

### डॉ. मंजू मणि के निर्देशन में भरतनाट्यम और गायन से सजी संध्या

शाम की शुरूआत हुई प्रतीभालय कला अकादमी द्वारा शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुति से, जिसका निर्देशन प्रसिद्ध डॉ. मंजू मणि हतवलने ने किया। इसके बाद उनके कलाकार समूह द्वारा शास्त्रीय और लोक नृत्यों की श्रृंखला प्रस्तुत की गई। विभिन्न गायकों के मधुर संगीत ने महोत्सव के वातावरण में और रंग और उत्साह जोड़ दिया।


शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति।


मंत्रमुग्ध कर देने वाला मुडियेट्टु प्रदर्शन देख दर्शक खुश हुए।


अहीर नृत्य की प्रस्तुति देती कलाकार।

### जनता की विशेष मांग पर मुडियेट्टु और कलारीपयट्टु की प्रस्तुति

वहीं जनप्रिय मांग पर, मुडियेट्टु और कलारीपयट्टु को नए कथानक और प्रस्तुतियों के साथ फिर से पेश किया गया। मंत्रमुग्ध कर देने वाला मुडियेट्टु प्रदर्शन देवी काली और राक्षस दरिका के पौराणिक युद्ध को जीवंत करता है, जबकि कलारीपयट्टु केरल के जयसिंह कलारी द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसमें मार्शल आर्ट की उत्कृष्ट कुशलता, अनुशासन और गतिशीलता दिखाई गई।

---

# हम वेलनेस को जीवनशैली बनाएं तो प्रदेश वेलनेस राजधानी बन सकता है...

*वेलनेस को जीवनशैली बनाने वाली मिसेज इंडिया एशिया 2025 की फर्स्ट रनर-अप डॉ. श्वेता मिश्रा ने कहा*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यदि आप योग को अपने जीवन का अहम हिस्सा बना लें अपनी डाइट को संतुलित करें, मेडिसिन के रूप में यदि सोच समझकर डाइट लेंगे तो जीवनभर मेडिसिन लेने की जरुरत भी नहीं पड़ेगी। मैंने अपने जीवन में योग के साथ साथ संतुलित डाइट को प्रमुख आधार बनाया और बन गई मिसेज इंडिया एशिया 2025 की फर्स्ट रनर-अप डॉ. श्वेता मिश्रा का। वेलनेस को जीवनशैली बनाने वाली श्वेता ने कहा कि मप्र में प्रकृति, संस्कृति और शांति का अद्भुत मेल है। अगर हम यहां वेलनेस को जीवनशैली का हिस्सा बनाएं, तो यह प्रदेश भारत की वेलनेस राजधानी बन सकता है। श्वेता बुधवार को अपने गृह नगर भोपाल लौटीं और निजी होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने अपने अनुभव, तैयारी के कठिन सफर और आने वाले समय की योजनाओं को साझा किया।

### प्रतियोगिता में भाग लेना मेरे लिए रही आत्म-खोज की यात्रा

डॉ. श्वेता ने कहा कि इस प्रतियोगिता में भाग लेना मेरे लिए आत्म-अनुशासन और आत्म-खोज की यात्रा रही। मंच पर मिलने वाली मुस्कान के पीछे महीनों की तैयारी, कड़ी मेहनत और मानसिक मजबूती थी। मैंने फिटनेस, योग, माइंडफुलनेस और कम्युनिकेशन हर क्षेत्र में खुद को नए सिरे से तैयार किया। इस दौरान मैंने सीखा कि असली सफलता वही है, जो आत्म-विश्वास से चमकती है।

**अब मेरा लक्ष्य वेलनेस को जीवनशैली बनाना है...**

फाइनैन्स विषय में डॉक्टरेट कर चुकी डॉ. श्वेता मिश्रा ने पिछले एक दशक तक जर्मनी में अपने पति के साथ रहते हुए भारतीय योग और आयुर्वेद की समझ को गहराई से अध्ययन किया। वह अब भारत में रह रही हैं उन्होंने कहा कि उनका वैश्विक अनुभव उन्हें वेलनेस के अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य से जोड़े रखता है। डॉ. श्वेता ने कहा कि अब मेरा लक्ष्य वेलनेस को जीवनशैली बनाना है। उन्होंने अपने उद्यम ह्वछत्रऋए८ रँश्री *ह्व के बारे में बताया कि वे इसके माध्यम से योग, माइंडफुल ईटिंग, डीटॉक्स, स्किन रिजुविनेशन और मेंटल हेल्थ के क्षेत्र में कार्य कर रही हैं। इस पहल के माध्यम से वे मध्य प्रदेश में समुदाय आधारित वेलनेस एजुकेशन शुरू करने की भी योजना बना रही हैं।

### भोपाल से है मेरा गहरा नाता

भोपाल की यादों को साझा करते हुए डॉ. श्वेता ने मुस्कराकर कहा भोपाल मेरे जीवन का आरंभ है और अब यहां से मैं एक नए मिशन की शुरुआत कर रही हूं। मेरी इच्छा है कि इस शहर की हर महिला और हर युवा अपने भीतर की ऊर्जा को पहचाने और सेहत, संतुलन और खुशी को अपना लक्ष्य बनाए।

---

# पहले नट्स भिगोकर रखे जाते हैं फिर इससे क्रिसमस पर केक बनाते हैं...

## आईएचएम भोपाल में केक मैसेरेशन सेरेमनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट ने शुक्रवार को बाल दिवस के मौके पर अपनी वार्षिक केक मैसेरेशन सेरेमनी आयोजित की, जो संस्थान में क्रिसमस केक उत्पादन की औपचारिक शुरूआत का प्रतीक है। केक मैसेरेशन में सूखे मेवे और नट्स को भिगोकर रखा जाता है और इससे क्रिसमस के दिन केक बनाया जाता है। कार्यक्रम में प्रिंसिपल डॉ. रोहित सारिन, फैकल्टी सदस्यों और विभिन्न विभागों के छात्रों की उपस्थिति रही, जिससे शैक्षणिक सहभागिता और प्रायोगिक अनुभव दोनों सुनिश्चित हुए।


केक बनाने के बाद उनका प्रस्तुतिकरण करते शैफ।



इस तरह क्रिसमस केक के साथ होता है सेलिब्रेशन।


गर्ल्स में शिक्षा की अलख जगाते ट्रस्ट के पदाधिकारी।

**ट्रस्ट के वार्षिक गर्ल्स एजुकेशन प्रोग्राम का शुभारंभ**

## प्रदेश के 70 से अधिक स्कूलों तक पहुंचेगी जागरुकता की पहल

**भोपाल।** शिक्षा और सशक्तिकरण की नई रोशनी लिए शुक्रवार को राजधानी में फाइनेंशियल लिटरेसी ऑन व्हील्स कार्यक्रम की शुरूआत हुई। सुदूर अंचलों में रहने वाली उन बच्चियों तक शिक्षा पहुंचाने के उद्देश्य से यह पहल शुरू की गई है, जिनकी संभावनाएं अक्सर दूरी और संसाधनों की कमी में खो जाती हैं। रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट के वार्षिक गर्ल्स एजुकेशन प्रोग्राम 2025 के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन भोपाल संभाग के उप संचालक कनक प्रसाद और संभागीय क्रीड़ा अधिकारी शर्मिला बारीक ने किया। शुभारंभ के साथ ही ने एक संदेश दिया कि शिक्षा केवल पुस्तकों का संसार नहीं, बल्कि जीवन के हर मोड़ पर फैसला लेने की शक्ति भी है।

# विज्ञान केवल सूत्रों का खेल ही नहीं बल्कि यह सुंदरता का भी संसार है

## साइंस सेंटर में वैज्ञानिक खिलौना कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शुक्रवार को विज्ञान उत्सव न सिर्फ सीखने का माध्यम बना, बल्कि बच्चों की कल्पनाशक्ति, जिज्ञासा और रचनात्मकता को एक नए आयाम तक ले गया। साइंस सेंटर में वैज्ञानिक खिलौना कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 6वीं से 9वीं तक के 28 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यशाला में बच्चों ने गुरुत्वाकर्षण से लेकर ऊर्जा संरक्षण तक हर प्रयोग से खिलौनों को बनाया, जिससे उनकी वैज्ञानिक सोच को नया प्रकाश मिला। कक्षा 3 से 5 तक के बच्चों ने हमारा सौर मंडल को अपनी कल्पना के आकाश में उड़ान देते हुए कागज पर उकेरा। किसी ने शनि के वलयों को चमकाया, तो किसी ने पृथ्वी को नीलेझहरे रंगों से जीवन्त बनाया। नन्हें कलाकारों की कलाकृतियों ने दर्शाया कि विज्ञान केवल सूत्रों का खेल नहीं, बल्कि सुंदरता का भी संसार है।


वैज्ञानिक प्रयोग कर बच्चों को समझाते हुए।


वैज्ञानिक प्रयोग देख बच्चे भी खुश नजर आए।

---

**रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में आदर्श नाट्य समारोह का शुभारंभ**

# अमेरिकी समाज की पृष्ठभूमि पर प्रहार करता 'द रिस्पेक्टफुल प्रोस्टिट्यूट'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में आदर्श नाट्य समारोह का शुभारंभ शुक्रवार से हुआ। चौथे आदर्श नाट्य समारोह के शुभारंभ अवसर पर ज्यां पॉल सार्त्र का प्रसिद्ध नाटक 'द रिस्पेक्टफुल प्रोस्टिट्यूट' का शानदार मंचन हुआ। एकजुट थियेटर एण्ड वेलफेयर समिति के कलाकारों द्वारा खुशबू चौबिटकर के निर्देशन में तैयार इस नाटक में एक संभ्रांत वैश्या की कथा को बेहद ही मार्मिक ढंग से दर्शाया गया।

संभ्रांत वैश्या, एक राजनीतिक नाटक है, जो अमेरिका में नस्लवाद और भ्रष्टाचार के मुद्दों पर केंद्रित है। नाटक की कहानी एक श्वेत महिला, लिजी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक अश्वेत व्यक्ति फ्रेडी के साथ अपने संबंधों के कारण मुसीबत में पड़ जाती है। सार्त्र ने इस नाटक में अमेरिकी समाज की कड़ी आलोचना की है, जहां श्वेत लोगों का अश्वेत लोगों पर दबदबा है। नाटक में दिखाया गया है कि कैसे शक्तिशाली लोग अपने स्वार्थ के लिए दूसरों का शोषण करते हैं और कैसे समाज में भ्रष्टाचार और नस्लवाद व्याप्त है।


नाटक 'द रिस्पेक्टफुल प्रोस्टिट्यूट' में प्रस्तुति देते कलाकार।


कलाकारों के अभिनय ने प्रस्तुति को जीवंत कर दिया।

### शक्तिशाली और विचारोत्तेजक नाटक....

नाटक की भाषा सरल और प्रभावशाली है, जो दर्शकों को आकर्षित करती है। नाटक के पात्र जीवंत और वास्तविक हैं, जो दर्शकों को अपने अनुभवों से जोड़ते हैं। संभ्रांत वैश्या, एक शक्तिशाली और विचारोत्तेजक नाटक है, जो दर्शकों को समाज की कठोर वास्तविकताओं का सामना करने के लिए मजबूर करता है। सार्त्र की दृष्टि और लेखन शैली इस नाटक को एक क्लासिक बनाती है।

## झूले, मैजिक शो के नाम रहा कैम्पियन स्कूल का बाल मेला

**भोपाल।** कैम्पियन स्कूल प्रांगण में शुक्रवार को बाल दिवस बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। खेल मैदान में सजे भव्य बाल-मेले में स्कूल प्रांगण में लगे स्टॉल और स्वादिष्ट व्यंजनों, आइसक्रीम, पेंटिंग, टैलेंट हंट, फोटो स्टूडियो, सरप्राइज गिफ्ट व तरह-तरह के खेलों ने बच्चों का दिन यादगार बना दिया। ऊंट की सवारी, झूले और जादूगर का जादुई मैजिक शो बच्चों की विशेष पसंद रहे, वहीं लाइव आर्केस्ट्रा, रॉक-बैंड और डीजे की धुनों पर छात्रों ने मन भरकर नृत्य किया।

## बिरसा मुंडा जयंती पर संस्कृत विवि में नाटक उलगुलान का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय संस्कृत विवि में भगवान बिरसा मुंडा जयंती के उपलक्ष्य में नाटक उलगुलान का मंचन किया गया, जिसमें अंग्रेजों का जनजातीय समाज के शोषण एवं उसके खिलाफ बिरसा मुंडा के विद्रोह को कलाकारों ने अपने अभिनय से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समन्वय परिसर के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ.राकेश कुमार वर्मा द्वारा किया गया। नाटक का निर्देशन विवि के नाट्य अनुसंधान केन्द्र के प्रशिक्षक डॉ. चन्नवसवस्वामि



हिरेमठ ने किया। नाटक का संयोजन डॉ.संगीता गुंदेचा ने और संगीत डॉ संजय द्विवेदी, नृत्य निर्देशन कल्याणी फागरे का रहा। नाटक के माध्यम से भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान की गाथा को बड़े ही मनभावन ढंग से बताया गया।



# अक्षय ने बजाई बांसुरी डांस करती दिखीं दिशा

**मुंबई।** अक्षय कुमार इन दिनों फिल्म 'वेलकम टू द जंगल'की शूटिंग कर रहे हैं। इस फिल्म के सेट से अक्षय कुमार और को-स्टार्स का एक वीडियो वायरल है, जिसमें सभी डांस रिहर्सल कर रहे हैं। इस मौके पर अक्षय कुमार काफी मस्ती के मूड में दिखे। वह बांसुरी हाथ में लिए नजर आए। बांसुरी बजाने की रिहर्सल भी करते दिखे। अक्षय के अलावा वीडियो में परेश रावल, सुनील शेट्टी, जॉनी लीवर, तुषार कपूर और दिशा पाटनी जैसे सेलेब्स नजर आ रहे हैं। सभी मस्ती भरे अंदाज में डांस की प्रैक्टिस करते दिख रहे हैं। अक्षय ने जहां बांसुरी बजाई। वहीं, अरशद वासरी ड्रम बजाते दिखे। साथ ही दिशा पाटनी डांस करती नजर आईं। परेश रावल, सुनील शेट्टी, जॉनी लीवर भी इस प्रैक्टिस में शामिल होकर काफी एंज्वॉय कर रहे हैं। फिल्म सेट पर ही अक्षय मस्ती-मजाक नहीं करते हैं।

लाइफ Style

# स्वरा
## कोई भी रिश्ता परफेक्ट नहीं होता



स्वरा भास्कर ने दो साल पहले फहाद अहमद से शादी की। वह अपनी शादीशुदा लाइफ को एन्जॉय कर रही हैं। इस बीच उन्होंने रियलिटी शो 'पति, पत्नी और पंगा' में बतौर फहाद संग पार्टिसिपेट किया। अब उन्होंने रिश्तों के बारे में बात की और कहा कि कोई भी रिश्ता परफेक्ट नहीं होता।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

स्वरा भास्कर ने पॉलिटिशियन फहाद अहमद से साल 2023 में शादी की। पति के साथ टीवी रियलिटी शो 'पति, पत्नी और पंगा' में पार्टिसिपेट किया। इस शो का फिनाले 16 नवंबर को है। स्वरा ने कहा कि टीवी और रियलिटी शो की दुनिया में कई बार हम सिर्फ मनोरंजन के लिए कुछ देखते हैं, लेकिन कभी-कभी वही एक्सपीरिएंस हमारे जीवन को गहराई से बदल देता है। उन्होंने कहा कि कोई भी रिश्ता परफेक्ट नहीं होता है। रिश्ते बनाने के लिए पैशेंस चाहिए होता है। स्वरा भास्कर ने बातचीत में बताया कि यह शो उनके दिल के बहुत करीब हो गया है। उन्होंने कहा, 'जब मैंने शो के लिए हां कहा था, तो मुझे लगा कि यह सिर्फ मनोरंजन होगा। लेकिन, शो के दौरान एहसास हुआ कि यह अनुभव असली और भावनाओं से भरा हुआ है। इस शो ने मेरा रिश्ते को देखने का नजरिया बदल दिया और मुझे पति के साथ अपने संबंधों को गहराई से समझने का मौका मिला।' स्वरा भास्कर ने बताया, मैंने शो से समझा कि कोई भी रिश्ता परफेक्ट नहीं होता। रिश्ते को बनाए रखने के लिए प्यार और धैर्य जरूरी होते हैं। यह शो प्रतिस्पर्धा के बारे में नहीं था, बल्कि एक-दूसरे के साथ संबंध मजबूत करने के बारे में था।' स्वरा भास्कर ने सेट के माहौल के बारे में बताया कि वहां की एनर्जी बहुत उत्साह और भावनाओं से भरी हुई थी। सभी कपल्स बहुत ईमानदार और असली थे।

## हॉलीवुड मसाला



# कार्डी बी ने दिया बेटे को जन्म

**लॉस एंजिल्स।** कार्डी बी ने अपने जीवन का नया अध्याय शुरू किया है, जिसमें संगीत, प्यार और अब परिवार में एक नन्हा मेहमान भी शामिल हो गया है। 33 साल की रैपर कार्डी बी चार बच्चों की मां बन गई हैं। उन्होंने अपने चौथे बच्चे, एक बेटे, को जन्म दिया है, जिसकी पुष्टि उनके प्रतिनिधि ने की। प्रतिनिधि ने बताया कि कार्डी स्वस्थ और खुश हैं। यह बच्चा उनके प्रेमी, एनएफएल स्टार स्टीफन डिग्स के साथ उनका पहला बच्चा है। कार्डी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर कर इस खुशखबरी की घोषणा की, जिसमें वह अपने नए एल्बम 'एम आई द ड्रामा?' के गाने 'हैलो' पर लिप-सिंक कर रही थीं। उन्होंने कैप्शन में लिखा कि यह नया दौर उनके लिए चुनौतीपूर्ण, लेकिन बहुत खास रहा।



# करोड़ों रुपए खर्च किए, फिर डिलीट कर दिया सीन

**नई दिल्ली।** क्या आपने कभी उन फिल्मी सीन के बारे में सोचा है जो एडिटिंग टेबल से आगे नहीं बढ़ पाते? हालांकि कई सीन को स्पीड या क्रिएटिव फैसलों के चलते काट दिया जाता है, लेकिन कुछ सीन को हटाने की कुछ ज्यादा ही कीमत चुकानी पड़ती है। लेकिन, क्या हो अगर उन हटाए गए सीन में से किसी एक को बनाने में बहुत ज्यादा खर्च आए? 2006 की सुपरहीरो फिल्म सुपरमैन रिटर्न्स के साथ भी ठीक यही हुआ था। छह मिनट के एक सीन को जिसे फाइनल कट से हटा दिया गया। बताया जाता है कि इस सीन को बनाने में 10 मिलियन डॉलर यानी लगभग 90 करोड़ रुपए का भारी-भरकम बजट लगा था। यह हॉलीवुड के इतिहास का सबसे महंगा डिलीटेड सीन बन गया। ब्रायन सिंगर की सुपरमैन रिटर्न्स 28 जून, 2006 को भारी प्रमोशन और हाई होप्स के साथ सिनेमाघरों में रिलीज किया गया। डीसी सुपरहीरो के तौर पर ब्रैंडन राउथ, लोइस लेन के रूप में केट बोसवर्थ और विलेन लेक्स लूथर के रूप में केविन स्पेसी के लीड रोल वाली इस फिल्म का बजट 270 मिलियन डॉलर था। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म नहीं किया और 390 मिलियन डॉलर की कमाई की।



# 'दिल्ली क्राइम सीजन 3' में दमदार रोल में दिखीं

**मुंबई।** वेब सीरीज 'दिल्ली क्राइम' सीजन 3 रिलीज हो गई है। दर्शकों ने इसके दो सीजन काफी पसंद किए। अब इसका तीसरा सीजन आया है। इस सीरीज की कहानी बाकी दो सीरीज से अलग होगी। सीरीज में लीड रोल शेफाली शाह ने निभाया है। 'दिल्ली क्राइम' सीजन 3 में शेफाली शाह ने डीआईजी वर्तिका चतुर्वेदी का दमदार किरदार निभाया है। वह सीरीज में केस की जांच पड़ताल करती हुई नजर आती हैं। सीरीज में उन्होंने अपनी पर्सनल लाइफ और प्रोफेशनल लाइफ को बैलेंस किया है। सीरीज में हुमा कुरैशी ने बड़ी दीदी का किरदार निभाया है। यह एक नेगेटिव किरदार है। उनके किरदार ने 'दिल्ली क्राइम 3' की अहमियत बढ़ा दी है। रसिका दुग्गल ने शुरु से ही 'दिल्ली क्राइम' में अहम किरदार निभाया है। उन्होंने सीरीज में एसीपी नीति सिंह का किरदार निभाया है।



# दबंग टूर पर सलमान, कतर में शानदार स्वागत

**नई दिल्ली।** सलमान खान की फैन फॉलोइंग देश ही नहीं, विदेशों में भी अच्छी-खासी है। वह जहां जाते हैं, फैंस की भीड़ उन्हें देखने के लिए जमा हो जाती है। हाल ही में सलमान खान कतर पहुंचे। वह अपने दबंग टूर के लिए कतर गए हैं। कतर पहुंचने पर फैंस ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस स्वागत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। साथ ही भाईजान ने भी अपने फैंस को निराश नहीं किया, एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उनके अलग अंदाज ने सबका दिल जीत लिया। वायरल वीडियो में सलमान खान जब फैंस के बीच पहुंचे तो उनका शानदार स्वागत हुआ। कई फैंस के साथ हाथ में भारत का झड़ा था। साथ ही कई लोगों ने उन्हें फूलों का गुलदस्ता भी दिया। सलमान खान भी इस स्वागत से काफी खुश नजर आए। इस पूरे इवेंट में उनकी सुरक्षा में कोई चूक नहीं दिखी।

## टीवी मसाला



# कौन बनेगा करोड़पति में इन 4 कॉमेडियंस की मस्ती ने खूब हंसाया

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन के फेमस शो 'कौन बनेगा करोड़पति'में कॉमेडी का तड़का लगाते हुए कमीडियन रवि गुप्ता, अनुभव सिंह बस्सी, अभिषेक उपमन्यु और हर्ष गुजराल को देखा गया। चारों की कॉमेडी से अमिताभ बच्चन खूब हंसने को मजबूर हो गए, लेकिन सबसे ज्यादा मजेदार उन्हें रवि गुप्ता के कॅरियर की संघर्ष भरी और कॉमेडी से भरपूर कहानी लगी, जिसे सुनते वक्त एक्टर हर वाक्य पर हंसते दिखे हैं। रवि गुप्ता कहते हैं, 'जब मैंने कॉमेडी कॅरियर की शुरुआत की थी, तो मेरे माता और पिता ने इसका विरोध किया था। पापा ने कहा कि लड़का नालायक है और मां कहती थी, 'सही कह रहे हो, रवि के पापा.' बहुत गालियां पड़ती थीं, तब मैंने माता-पिता को पैसे देने शुरू कर दिए, जिसके बाद उन्हें सबकुछ ठीक लगने लगा।' रवि बताते हैं कि उन्होंने माता-पिता से कहा कि अब कॉमेडी करना रिस्की हो गया है। माता-पिता ने कहा कि कोई नहीं, हेलमेट पहनकर करो, करो जरूर. ये सुनकर अमिताभ बच्चन खिलखिलाकर हंस पड़ते हैं। एक्टर को रवि की हर एक लाइन पर हंसते हुए देखा गया। इसके अलावा, खुद अमिताभ बच्चन ने चारों को टक्कर दी और सेट पर कॉमेडी करते हुए चूहे का किस्सा सुनाया। उन्होंने कहा कि हमारे सेट के कमरे में एक बार चूहा आ गया और हमने उससे कहा कि बिना ऑडिशन के कैसे आ गए, तब चूहे ने जवाब दिया, 'सर, ऑडियंस पोल।'

## गौरव पहली बार बने कैप्टन, रो पड़े शहबाज

**मुंबई।** बिग बॉस ने घरवालों के लिए राशन के साथ-साथ कैप्टेंसी का टास्क रखा। इस टास्क में गौरव खन्ना घर के कैप्टन बन गए। वहीं, मौका नहीं मिलने की वजह से शहबाज बदेशा भावुक हो गए और रो पड़े। उन्होंने बिग बॉस अनफेयर गेम का आरोप लगाया।



'बिग बॉस 19' लेटेस्ट एपिसोड की शुरुआत अजनबी के गाने 'महबूबा महबूबा'से होती है। अमाल, तान्या की जर्नी पर तंज कसते हैं। वह कहते हैं कि तान्या ने दोस्त की पीठ पर खंजर घोंप दिया। अब क्या बचा है। कुनिका दोनों को एक-दूसरे से ऑब्सेस्ड बताती हैं। फिर अमाल और कुनिका, गौरव या शहबाज में कैप्टन बनाने की बात करते हैं। अमाल, शहबाज को सपोर्ट करने के बात कहते हैं। वहीं, फरहाना और गौरव की हल्की नोंक-झोंक होती है। अमाल ने भी सोशल मीडिया फॉलोवर्स चुना। फरहाना ने भी फॉलोवर्स चुना। तान्या ने भी फॉलोवर्स चुना। तान्या और फरहाना दोनों बहुत खुश होते हैं। इसके बाद गौरव ऐप रूम में जाते हैं। उन्हें अलग ऑप्शन मिलते हैं। बिग बॉस स्क्रीन पर उनकी और शहबाज की तस्वीर में किसी एक को चुनने को बोलते हैं। अगर गौरव अपनी तस्वीर चुनते हैं, तो घर का कमाया हुआ 30 पर्सेंट कट हो जाएगा।

# 24 फिल्मों में सुनाई दी एक जैसी सुरीली ट्यून

**नई दिल्ली।** फिल्मों का बैकग्राउंड स्कोर रोमांच को बढ़ा देता है। कई फिल्में अपने दमदार बैकग्राउंड स्कोर के लिए जानी जाती हैं। 50 साल पहले एक ऐसी ब्लॉकबस्टर फिल्म आई थी, जिसके टाइटल ट्रैक म्यूजिक ने धूम मचा दी थी। इस फिल्म के टाइटल ट्रैक का म्यूजिक आगे चलकर 23 फिल्मों में सुनाई दिया। कई फिल्मों में तो इसे ज्यों का त्यों ले लिया गया। 22 साल के दौरान संगीतकार बदले, लेकिन म्यूजिक नहीं बदला।

दीवार फिल्म की सफलता ने इसके म्यूजिक को पॉप्युलर बनाया। आगे चलकर उजाला ही उजाला, अतिथि, दीवार, कानून का शिकार, अनपढ़, चोर के घर चोर, भूख, मेहरबानी, हमारा संसार, कशिश, राख और चिंगारी, गंगा मेरी मां, नाम ओ निशां, बहुरानी, हीरालाल पन्नालाल, शायद, याराना, वक्त की दीवार, जान-ए-बहार, झूठी शान, दानवीर, लोरी, गोपाला इत्यादि फिल्म में दीवार फिल्म का टाइटल म्यूजिक जस का तस इस्तेमाल हुआ है।

### गंगा मेरी मां

1983 में आई शत्रुघ्न सिन्हा-नीतू सिंह की फिल्म 'गंगा मेरी मां' में भी यही म्यूजिक सुनाई देता है। गंगा मेरी मां ने आरडी बर्मन ने म्यूजिक दिया था। गंगा मेरी मां में स्क्रीन पर जैसे ही फिल्म का नाम आता है, दीवार फिल्म का टाइटल ट्रैक म्यूजिक सुनाई देता है।



### गोपाला


1994 में चंकी पांडे-शिल्पा शिरोडकर की फिल्म 'गोपाला' आई थी। इस फिल्म के डायरेक्टर आकाश जैन थे। इकबाल दुर्रानी फिल्म के राइटर थे। फिल्म का म्यूजिक अनु मलिक ने दिया था। फिल्म तो बॉक्स ऑफिस पर डिजास्टर साबित हुई थी। दिलचस्प बात यह है कि फिल्म का टाइटल म्यूजिक दीवार फिल्म से लिया गया था। साफ है कि 1973 से 1994 के बीच 24 फिल्मों में एक जैसा टाइटल म्यूजिक ट्रैक इस्तेमाल किया गया। हिंदी सिनेमा में ऐसा दूसरा उदाहरण शायद ही हो।

### याराना

दीवार फिल्म में जहां से अमिताभ बच्चन-शशि कपूर का नाम स्क्रीन पर आना शुरू होता है, वहां पर बैकग्राउंड में जो म्यूजिक बजता है, वही म्यूजिक 1981 में आई याराना फिल्म में सुनाई देता है। यारान फिल्म का म्यूजिक राजेश रोशन ने दिया था, लेकिन फिल्म का ओपनिंग म्यूजिक उन्होंने दीवार फिल्म से ही उठाया था। याराना फिल्म में स्क्रीन पर जहां से तनूजा, अरुणा ईरानी, जीवन, कादर खान का नाम दिखाई देता है, वहां पर दीवार का म्यूजिक सुनाई देता है।

# किस किसको प्यार करूं का पहला गाना फुर्र रिलीज

**मुंबई।** कॉमेडियन कपिल शर्मा जल्द ही फिल्म 'किस किस को प्यार करूं 2' में नजर आने वाले हैं। निर्माताओं ने फिल्म का प्रचार पहले गाने 'फुर्र' की रिलीज के साथ शुरू कर दिया है। फिल्म के पहले गाने 'फुर्र' को यो यो हनी सिंह ने गाया है। कपिल शर्मा 2015 में रिलीज हुई फिल्म 'किस किस को प्यार करूं' के सीक्वल 'किस किस को प्यार करूं 2' के साथ बड़े पर्दे पर कमबैक करने जा रहे हैं। आज फिल्म का पहला गाना 'फुर्र' रिलीज हो चुका है। जिसमें कपिल के साथ यो यो हनी सिंह का स्वैग नजर आया। कपिल शर्मा ने भी अपनी आगामी फिल्म 'किस किस को प्यार करूं' का पहला गाना 'फुर्र' इंस्टाग्राम पर शेयर किया।



### 12 दिसंबर को हो रही रिलीज

इस वीडियो के साथ कपिल ने कैप्शन में लिखा, 'नाचने, झूमने और फुर्र होने के लिए तैयार हो जाइए। किस किसको प्यार करू 2, 12 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। कपिल की इस पोस्ट पर रणबीर कपूर की बहन रिद्धिमा कपूर साहनी ने क्लैप इमोजी बनाए हैं। इस फिल्म की एक्ट्रेस त्रिधा चौधरी ने लिखा, 'चलो अब हुक स्टेप करो इंडिया।' वहीं, कपिल के फैंस उनके इस वीडियो पर फायर और दिल वाले इमोजी बना रहे हैं। कपिल के अलावा इस फिल्म में हीरा वारिना, त्रिधा चौधरी, पारुल गुलाटी और आयशा खान मुख्य भूमिकाओं में हैं।

## कान फिल्म अवॉर्ड जीतने वाली पहली इंडियन एक्ट्रेस

# दिलीप कुमार संग अधूरी रह गई कामिनी कौशल की मोहब्बत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

हिंदी सिनेमा के स्वर्णिम दौर की दिग्गज अभिनेत्री कामिनी कौशल 98 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह गईं। कामिनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रही थीं। कामिनी कौशल ने अपने अभिनय से इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बनाई थी। बतौर हीरोइन काम करने के बाद, उन्होंने कई फिल्मों में मां के भी यादगार किरदार निभाए थे।

### 3 दशक तक सबसे महंगी एक्ट्रेस रहीं

कामिनी कौशल 1940 के दशक और उसके बाद 60 के दशक तक, बॉलीवुड की सबसे महंगी एक्ट्रेस रही हैं। साल 1956 में उन्हें 'बिराज बहू' के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला। जबकि 2015 में फिल्मफेयर ने लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया। साल 2020 में आई शाहिद कपूर की 'कबीर सिंह' के लिए कामिनी कौशल को बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का फिल्मफेयर नॉमिनेशन भी मिला था।

### शाहरुख और आमिर के साथ किया काम

हालांकि नब्बे के दशक और उसके बाद वह बहुत ज्यादा एक्टिव नहीं रहीं। फिर भी हाल के कुछ वर्षों में वह लागा चुनरी में दाग, चेन्नई एक्सप्रेस, कबीर सिंह और लाल सिंह चड्ढा में नजर आई थीं।



### राजेश संग 3, संजीव संग 2, मनोज संग 8 फिल्में

*उन्होंने राजेश खन्ना की तीन फिल्मों, दो रास्ते (1969), प्रेम नगर (1974), महा चोर (1976) में काम किया। जबकि संजीव कुमार के साथ अनहोनी (1973) और मनोज कुमार के साथ आठ फिल्मों शहीद, उपकार (1967), पूरब और पश्चिम (1970), शोर (1972), रोटी कपड़ा और मकान (1974), संन्यासी (1975), दस नंबरी (1976) और संतोष (1989) में दिखाई दीं।*

### दिलीप कुमार संग रिश्ता

शहीद, नदिया के पार, शबनम और अर्जू जैसी फिल्मों में कामिनी और दिलीप साहब की जोड़ी को दर्शकों ने हमेशा पसंद किया। शूटिंग के दौरान दिलीप कुमार उनसे बेहद प्रभावित हुए और दोनों एक-दूसरे के करीब आए। लेकिन, किस्मत ने उन्हें साथ नहीं आने दिया। कामिनी पहले ही अपनी दिवंगत बहन के पति से शादी कर चुकी थीं ताकि अपनी बहन के बच्चे की परवरिश हो सके। ऐसे में अपने घर-परिवार को छोड़ना उनके लिए संभव नहीं था। रिश्ते के खिलाफ उनके भाई का सख्त रुख भी बड़ा कारण बना। कहा जाता है कि कामिनी के भाई ने दिलीप साहब से साफ कह दिया था कि यह रिश्ता आगे नहीं बढ़ सकता। यह मोहब्बत अधूरी ही रह गई, लेकिन एक-दूसरे के लिए सम्मान कभी कम नहीं हुआ।

### 'नीचा नगर' से बॉलीवुड में कदम रखा

*कामिनी कौशल का जन्म 24 फरवरी, 1927 को ब्रिटिश भारत के लाहौर में हुआ था। वह दो भाइयों और तीन बहनों में सबसे छोटी थीं। उनके पिता लाहौर स्थित पंजाब विश्वविद्यालय में बॉटनी के प्रोफेसर थे। वह प्रोफेसर शिव राम कश्यप की पुत्री थीं, जिनहें भारतीय वनस्पति विज्ञान का जनक माना जाता है। कामिनी कौशल ने साल 1946 में फिल्म 'नीचा नगर' से बॉलीवुड में कदम रखा था। यह पहली भारतीय फिल्म बनी, जिसने कान फिल्म समारोह में बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड जीता और पाल्मे डी'ओर पुरस्कार जीतने वाली एकमात्र भारतीय फिल्म बनी रही।*

### उनकी चर्चित फिल्में

*कामिनी कौशल की सबसे चर्चित फिल्मों की बात करें तो दो भाई (1947), शहीद (1948), नदिया के पार (1948), जिद्दी (1948), शबनम (1949), पारस (1949), नमूना (1949), आरजू (1950), झांझर (1953), आबरू (1956), बड़े सरकार (1957), जेलर (1958), नाइट क्लब (1958) और गोदान (1963) उनके कॅरियर की सबसे बेहतरीन फिल्में मानी जाती हैं। साल 1965 में आई शहीद में उनके किरदार की खूब तारीफ हुई।*

## खबर संक्षेप



### रथिका ने जीता बोंडी ओपन स्क्वाश का खिताब

**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त रथिका सुथांथिरा सीलन ने सिडनी में बॉन्डी ओपन के फाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त मेडन ली कोए को 3-0 से हराकर अपने कॅरियर का दूसरा पीएसए खिताब जीता। रथिका ने न्यूजीलैंड की मेडन ली के खिलाफ एक भी गेम नहीं गंवाया और 11-7, 11-6, 11-7 से जीत हासिल कर खिताब अपने नाम किया। तमिलनाडु की इस 24 वर्षीय खिलाड़ी का यह साल का तीसरा चैलेंजर फाइनल था। एनएसडब्ल्यू ओपन में उपविजेता रहने के बाद यह उनका इस हफ्ते का दूसरा टूर्नामेंट था।

### बांग्लादेश ने आयरलैंड को पारी और 47 रन से हराया



**सिलहट।** सलामी बल्लेबाज महमूदुल हसन जॉय (171 रन) और कप्तान नजमुल हुसैन शांटो (100 रन) के शतकों की बदौलत बांग्लादेश ने पहले क्रिकेट टेस्ट में आयरलैंड को पारी और 47 रन से हरा दिया। जॉय के करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी और शांटो के सैकड़े की बदौलत बांग्लादेश ने आठ विकेट पर 587 रन के स्कोर पर पहली पारी घोषित की। आयरलैंड पहली पारी में 286 रन पर ढेर हो गया। बांग्लादेश को दूसरी बार बल्लेबाजी के लिए उतारने के लिए के लिए आयरलैंड को 301 रन बनाने थे। लेकिन आयरलैंड की टीम चौथे दिन दूसरे सत्र में दूसरी पारी में 254 रन पर आउट हो गई, जिसमें उसके लिए एंडी मैकब्राइन ने 52 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। आयरलैंड ने पहली पारी में कप्तान एंडी बालबर्नी के शून्य पर आउट होने के बाद पॉल स्ट्रिलिंग और कैड कारमाइकल के अर्धशतकों से पहली पारी में 286 रन बनाए। दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला का दूसरा टेस्ट अगले बुधवार से ढाका में शुरू होगा।

### पीसीबी ने ठुकराया बांग्लादेश बोर्ड का निमंत्रण

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने दिसंबर में श्रीलंका के साथ त्रिकोणीय टी20 श्रृंखला में हिस्सा लेने के बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के निमंत्रण को ठुकरा दिया है। पीसीबी के एक अधिकारी ने बताया कि बीसीबी अगले साल की शुरुआत में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ त्रिकोणीय श्रृंखला की मेजबानी करना चाहता था, लेकिन खिलाड़ियों के कार्यभार को नियंत्रित करने के लिए पीसीबी को इस प्रस्ताव को ठुकराना पड़ा। अधिकारी ने कहा, 'हमने पहले ही बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान, शाहीन शाह अफरीदी हारिस रऊफ, शादाब खान को दिसंबर-जनवरी में ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग में भाग लेने के लिए एनओसी की अनुमति दे दी है।

### जूनियर हॉकी विश्व कप के लिए रोहित बने कप्तान

**नई दिल्ली।** ड्रैग-फ्लिकर रोहित को तमिलनाडु में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक होने वाले एफआईएच जूनियर विश्व कप के लिए घोषित भारत की 20 सदस्यीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम का कप्तान बनाया गया। दिग्गज पीआर श्रीजेश की कोचिंग में अभ्यास कर रही भारतीय टीम को पूल बी में चिली, स्विट्जरलैंड और ओमान के साथ रखा गया है। ओमान को पाकिस्तान के हटने के बाद विश्व कप में शामिल किया गया है। कोच श्रीजेश ने कहा, 'हमने काफी जांच परख कर टीम का चयन किया है। इसके अधिकांश खिलाड़ियों को इस बड़े टूर्नामेंट में खेलने का अनुभव है।'

# आयरलैंड के खिलाफ रोनाल्डो को रेड कार्ड, विश्व कप खेलने पर मंडराया प्रतिबंध का खतरा




एजेंसी ▶▶| डबलिन

पुर्तगाल के लंबे समय के करिश्माई खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो को फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर के दूसरे हाफ में आयरलैंड के डिफेंडर दारा ओशे को कोहनी मारने के लिए रेड कार्ड दिखाए जाने के बाद मैदान से बाहर जाने को कहा गया।

इसके परिणामस्वरूप, अगर पुर्तगाल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर भी लेता है, तो 40 वर्षीय रोनाल्डो पर विश्व कप के पहले मैच के लिए प्रतिबंध लगने का गंभीर खतरा मंडरा रहा है। इस मैच में पुर्तगाल को 2-0 से हार का सामना करना पड़ा था।

### फ्रांस ने किया फीफा विश्व कप के लिए क्वालिफाई



### हिंसक आचरण के लिए लग सकता है तीन मैचों का बैन

पुर्तगाल और आर्मेनिया के बीच रविवार को होने वाले मैच को रोनाल्डो नहीं खेल सकेंगे। इस मैच में जीत से पुर्तगाल के पास अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको की मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने का मौका होगा। फीफा के अनुशासनात्मक नियमों के अनुसार, इसके जज से समूह को 'गंभीर बेईमानी' के लिए कम से कम दो मैचों का प्रतिबंध लगाना आवश्यक है। 'हिंसक आचरण' के लिए कम से कम तीन मैचों का प्रतिबंध शामिल है। कोहनी मारने को अगर हिंसक माना गया तो रोनाल्डो पर तीन मैचों का प्रतिबंध लग सकता है।

### रेफरी ने दिखाया था पहले पीला कार्ड

फीफा का प्रतिबंध प्रतिस्पर्धी मैचों पर लागू होगा और टूर्नामेंट से पहले के अभ्यास मैचों में नहीं लगाया जा सकता। अवीवा स्टेडियम में लगभग एक घंटे के खेल के बाद जब आयरलैंड 2-0 की आश्चर्यजनक बढ़त बनाए हुए था तब रोनाल्डो ने अपनी दाहिनी कोहनी ओशे की पीठ पर मार दी। रेफरी ने पहले पीला कार्ड दिखाया, लेकिन वीडियो समीक्षा के बाद उसे रेड कार्ड में बदल दिया। आयरलैंड के प्रशंसकों के हूटिंग किए जाने के बाद रोनाल्डो ने मैदान से बाहर जाते समय कुछ पल के लिए रुके और प्रशंसकों की ओर देखा। उन्होंने कटाक्ष भरे लहजे में ताली बजाई और व्यंग्यात्मक अंदाज में दोनों हाथों के अंगूठे दिखा। रोनाल्डो फरवरी में 41 साल के हो जाएंगे और उनका लक्ष्य रिकॉर्ड छठे विश्व कप टूर्नामेंट में खेलने का है।

## कोलकाता टेस्ट पहला दिन : भारत ने की अपनी स्थिति मजबूत

# बुमराह की धारदार गेंदबाजी, द.अफ्रीका को पहली पारी में 159 रन पर समेटा

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

जसप्रीत बुमराह की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका की पारी को 159 रन पर समेटने के बाद भारतीय टीम ने दो मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट के शुरुआती दिन शुक्रवार को अपनी पहली पारी में एक विकेट पर 37 रन बनाकर साथ अपनी स्थिति मजबूत कर ली। अपना 51वां टेस्ट खेल रहे बुमराह ने पारी में 16वीं बार पांच विकेट झटक कर दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों को क्रीज पर ज्यादा समय बिताने का मौका नहीं दिया। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के सर्वोच्च स्कोरर एडेन मारक्रम (31) और रियान रिकेलटन (23) को चलता कर शुरुआती झटके देने के बाद शानदार लय में चल रहे टोनी डि जोर्जी (24) को पगबाधा किया। बुमराह ने चाय के विश्राम के बाद साइमन हार्मर (पांच) और केशव महाराज को पवेलियन की राह दिखाकर अपने पांच विकेट पूरे किए। बुमराह को कुलदीप यादव (36 रन पर दो विकेट) और मोहम्मद सिराज (47 रन पर दो विकेट) को अच्छा साथ मिला जबकि अक्षर पटेल (21 रन पर एक विकेट) ने भी एक सफलता हासिल की।

## 51वां टेस्ट खेल रहे बुमराह ने 16वीं बार झटके पांच विकेट



### घरेलू सरजमीं पर जसप्रीत ने पूरे किए 150 अंतरराष्ट्रीय विकेट

2016 में बुमराह के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के बाद से भारत में तेज गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस अवधि में बुमराह सबसे आगे हैं, जिन्होंने घरेलू मैदान पर 151 अंतरराष्ट्रीय विकेट झटके हैं। मोहम्मद शमी 132 विकेट के साथ दूसरे स्थान पर हैं। अनुभवी उमेश यादव ने 96 विकेट हासिल किए, जबकि मोहम्मद सिराज ने 79 विकेट चटकाए हैं।

### पहले दिन बुमराह ने किया कमाल

दक्षिण अफ्रीका का खिलाफ बुमराह ने अपने स्पेल में 27 रन दिए और आधी टीम को अकेले आउट कर दिया। इस तरह वो पिछले 17 सालों में किसी टेस्ट मैच के पहले दिन 5 बैटर्स को आउट करने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बने हैं। आखिरी बार किसी टेस्ट मैच के पहले दिन किसी गेंदबाज ने 5 विकेट लिए थे, तो वो डेल स्टेन थे। स्टेन ने 8 ओवरों में 23 रन दिए थे और साल 2008 में अहमदाबाद में भारत के खिलाफ 5 विकेट लिए थे।

### इन गेंदबाजों ने बुमराह से पहले लिए थे 5 विकेट

बता दें कि 22 नवंबर साल 2019 में इशांत शर्मा ने 12 ओवरों में 22 रन देकर 5 विकेट लिए थे। ये टेस्ट कोलकाता में पिंक बॉल से खेला गया था। वहीं अक्टूबर 2024 में न्यूजीलैंड के मैट हेनरी ने बेंगलुरु टेस्ट में भारत के 5 बैट्रस को आउट किया था। वहीं बुमराह के 5 विकेट उनके टेस्ट करियर का 16वां 5 विकेट हॉल है। अब तक सिर्फ 4 गेंदबाजों ने बुमराह से ज्यादा टेस्ट में 5 विकेट हॉल लिए हैं। भारत- साउथ अफ्रीका टेस्ट में जिन सबसे ज्यादा 5 विकेट हॉल लेने वाले गेंदबाजों में फिलहाल डेल स्टेन सबसे आगे हैं।

### मारक्रम ने 23 गेंद खेलने के बाद खोला खाता

*दक्षिण अफ्रीका ने इससे टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया और मारक्रम ने रिकेलटन के साथ टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। मारक्रम को खाता खोलने में 23 गेंद लग गए लेकिन उन्होंने शानदार स्ट्रेट ड्राइव और कवर ड्राइव के साथ शुरुआत की और फिर अक्षर पटेल के खिलाफ बैकवर्ड पॉइंट के ऊपर से शानदार लेट कट खेला। उन्होंने इस वामहस्त गेंदबाज के खिलाफ कलाई का इस्तेमाल करते हुए मिड-विकेट पर शानदार छक्का जड़ा। दूसरी तरफ रियान रिकेलटन ने 22 गेंदों पर चार चौकों और 23 रन की आक्रामक पारी के साथ भारत परेशान करना शुरू कर दिया था।*

## एशियाई चैंपियनशिप

# भारत का बोलबाला, अंकिता और धीरज ने जीता गोल्ड



एजेंसी ▶▶| ढाका

भारतीय तीरंदाज अंकिता भकत ने एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप में पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता दक्षिण कोरिया की सुहयोन को हराकर उलटफेर करते हुए स्वर्ण पदक जीता जबकि धीरज बोम्मादेवरा ने भी पुरुष रिकर्व स्पर्धा का खिताब जीत लिया।

अंकिता ने पांच सेट के चुनौतीपूर्ण फाइनल में 7-3 से हराकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज करते हुए महिला रिकर्व स्पर्धा जीती तो वहीं पुरुष वर्ग में धीरज ने हमवतन राहुल को फाइनल में 6-2 से हराकर पहला स्थान हासिल किया। भारतीय दल ने अपने अभियान का समापन 10 पदकों के साथ किया, जिसमें छह स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक शामिल रहे। इससे भारत तालिका में शीर्ष पर रहा।

### अंकिता ने सेमीफाइनल में दीपिका कुमारी को हराया

अंकिता ने इससे पहले सेमीफाइनल में सीनियर साथी और दुनिया की पूर्व नंबर एक तीरंदाज दीपिका कुमारी को हराया था। दोनों 5-5 से बराबरी पर थीं और शूट-ऑफ में भी दोनों तीरंदाजों ने नौ-नौ अंक बनाए। लेकिन अंकिता का तीर केंद्र के करीब था, जिससे वह खिताबी मुकाबले में पहुंच गईं। अंकिता ने फाइनल में पहला सेट 29-27 से अपने नाम कर लिया। दूसरा सेट 27-27 से बराबरी पर रहा। नाम तीसरा सेट 28-26 से जीतकर बराबरी पर आ गईं। लेकिन चौथे सेट में भारतीय तीरंदाज ने शानदार वापसी की और 29-28 के शानदार प्रयास से 5-3 की बढ़त बना ली। इस भारतीय ने निर्णायक सेट में भी दमखम दिखाते हुए स्वर्ण पदक जीत लिया।

■ अंकिता ने उलटफेर करते हुए सुहयोन को हराया


### धीरज ने चैहवान को हराया

पुरुषों के वर्ग में धीरज ने 33 वर्षीय अनुभवी जंग चैहवान को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में धीरज ने पहला सेट एक अंक से गंवाने के बाद जबरदस्त वापसी की और दूसरा सेट जीतकर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। उन्होंने तीसरा सेट 29-27 से जीतकर स्कोर 4-2 कर दिया। फिर 10 अंक की एक और हैट्रिक लगाकर स्वर्ण पदक पक्का किया।

## एटीपी फाइनल्स

# अल्काराज का दबदबा कायम मुसेट्टी को 6-4, 6-1 से हराया

एजेंसी ▶▶| तूरिन




कार्लोस अल्काराज ने एटीपी फाइनल्स के ग्रुप मुकाबले में इटली के लोरोंजो मुसेट्टी को हराकर साल का अंत शीर्ष रैंकिंग के साथ करने को पक्का कर लिया।

स्पेन के अल्काराज ने सत्र के आखिरी टूर्नामेंट के अपने मुकाबले को एकतरफा अंदाज में 6-4, 6-1 जीतकर दबदबा कायम किया। अल्काराज को शीर्ष आठ खिलाड़ियों के टूर्नामेंट एटीपी फाइनल्स के ग्रुप चरण के इस मैच से पहले यानिस सिनर को शीर्ष रैंकिंग से हटाने जीत की जरूरत थी और उन्होंने ऐसा करने के लिए 90 मिनट से भी कम का समय लिया। बाईस बरस का यह खिलाड़ी 2022 में 19 साल की उम्र में शीर्ष रैंकिंग हासिल करने वाला सबसे युवा खिलाड़ी बना था। अल्काराज के सामने अब सेमीफाइनल में अलेक्जेंडर ज्वेरेव और फेलिक्स ऑगर-एलियासेम के बीच होने वाले मैच के विजेता की चुनौती होगी। अल्काराज की इस जीत से 'जिम्मी कॉर्नर' ग्रुप से एलेक्स डि मिनौर का सेमीफाइनल में पहुंचना भी तय हो गया। डी मिनौर ने टेलर फ्रिट्ज को 7-6, 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में सिनर के साथ मुकाबला तय किया।

### केकेआर के गेंदबाजी कोच बने साउथी

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र के लिए न्यूजीलैंड के दिग्गज क्रिकेटर टिम साउथी को टीम का गेंदबाजी कोच नियुक्त करने की घोषणा की। साउथी ने 107 टेस्ट मैचों, 161 वनडे और 126 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में अपने देश का प्रतिनिधित्व किया और 776 विकेट लिए हैं। साउथी अपने खेल करियर के दौरान आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स टीम (2021, 2022, 2023) का हिस्सा रहे हैं। न्यूजीलैंड के इस खिलाड़ी ने कहा, 'केकेआर मुझे हमेशा घर जैसा लगा है और इस नई भूमिका में वापसी करना मेरे लिए सम्मान की बात है। इस फ्रैंचाइज़ी की संस्कृति अद्भुत है, प्रशंसक जुनूनी हैं और खिलाड़ियों का एक बेहतरीन समूह है।



# शतरंज विश्व कप में एरिगैसी अरोनियन की हाई-वोल्टेज भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| पणजी

ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी का सामना फिडे विश्व कप के प्री-क्वार्टर फाइनल में शानदार फॉर्म में चल रहे आर्मेनिया के लेवोन अरोनियन से होगा, जबकि पी हरिकृष्णा कुछ दिग्गज खिलाड़ियों को शिकस्त देने वाले मैक्सिको जोस एडुआर्डो मार्टिनेज अल्कांतारा से भिड़ेंगे। टाई-ब्रेक के पहले मुकाबले में हंगरी के पीटर लेको को 2-0 से हराने वाले एरिगैसी की अच्छी रेटिंग के बावजूद आरोनियन के खिलाफ उनका मुकाबला बराबरी को होगा क्योंकि आर्मेनिया का यह खिलाड़ी शानदार लय में चल रहा है। हरिकृष्णा के सामने जोस मार्टिनेज की कड़ी चुनौती होगी। मार्टिनेज ने टूर्नामेंट में अपने से उच्च रैंकिंग वाले कई खिलाड़ियों को मात दी है।

■ हरिकृष्णा के सामने मार्टिनेज की कड़ी चुनौती



### हरिकृष्णा ने मार्टिनेज के खिलाफ नहीं खेला क्लासिकल प्रारुप

हरिकृष्णा ने बताया कि उन्होंने मैक्सिको के इस खिलाड़ी के खिलाफ क्लासिकल प्रारुप में कभी नहीं खेला है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि शायद कुछ ब्लिट्ज मुकाबलों में मैंने उनका सामना किया है लेकिन मुझे नहीं लगता कि मैंने पहले कभी उसके साथ खेला (क्लासिकल प्रारुप में) है। चौथे चरण के टाईब्रेकर में डेनियल दुबई के हाथों आर प्रज्ञानानंदा के भी बाहर हो जाने के बाद अब हरिकृष्णा और एरिगैसी पर भारतीय चुनौती बनाए रखने का दारोमदार है। इस टूर्नामेंट से अगले कैंडिडेट्स के लिए शीर्ष तीन स्थान आरक्षित हैं और प्रज्ञानानंदा के अलावा कोई अन्य भारतीय अभी तक अगले कैंडिडेट्स में जगह नहीं बना पाया है।



### विवाह बंधन में बंधी पहलवान पूजा ढांडा

**हिसार।** अर्जुन पुरस्कार विजेता पहलवान पूजा ढांडा ने एक निजी रिसॉर्ट में विवाह के बंधन में बंध गईं। हिसार के सुंदर नगर निवासी पूजा ने जिले के घिराय गांव के व्यवसायी अभिषेक बूरा से शादी की। बुडापेस्ट में 2018 विश्व चैंपियनशिप में 57 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक विजेता, पूजा ने 2010 युवा ओलंपिक और 2018 गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक के अलावा 2014 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक भी जीता था। वह वर्तमान में हिसार के महावीर स्टेडियम में हरियाणा खेल विभाग में वरिष्ठ कुश्ती कोच के रूप में कार्यरत हैं।

### अब हर प्लेयर के पास होगा अपना कोच

**नई दिल्ली।** आज टेक्नोलॉजी सिर्फ जिंदगी नहीं, खेल भी बदल रही है। अब कोई प्लेयर चाहे अपने क्षेत्र का हो या फिर ग्राउंड का, उसे कोचिंग के लिए किसी बड़ी एकेडमी या ट्रेनर की जरूरत नहीं पड़ेगी। ऐसा इसलिए, क्योंकि यूके की एआई और स्पोर्ट्स टेक कंपनी, काबुनी ने भारतीयों के लिए लॉन्च किया है एक ऐसा प्लेटफॉर्म, जो प्लेयर्स की प्रैक्टिस को रिकॉर्ड कर उनके हर मूवमेंट का रियल टाइम एनालिसिस करता है। यह दशकों पुराने क्रिकेट डेटा, प्लेयर्स की मूवमेंट और कोचिंग नॉलेज के आधार पर आपके फोन या काबुनी डिवाइस के जरिए हर यूज़र को पर्सनलाइज्ड, डेटा-बेस्ड कोचिंग देता है। काबुनी हर मूवमेंट को, चाहे वो कवर ड्राइव हो या बॉलिंग एक्शन, ध्यान से देखकर उसका पूरा एनालिसिस करता है और तुरंत बताता है कि कहाँ सुधार की जरूरत है। यह फीडबैक वीडियो, फोटो, टेक्स्ट या आवाज़ के जरिए दिया जाता है। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और काबुनी के ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर सौरव गांगुली ने कहा, "क्वालिटी कोचिंग बच्चों को बेहतर और तेजी से सीखने में मदद करती है, जिससे उनकी सेहत भी बनी रहती है। पहले इस लेवल की कोचिंग सिर्फ प्रोफेशनल प्लेयर्स के लिए थी, लेकिन अब यह सबके लिए है।



## जापान मास्टर्स में सिंगापुर के कीन को 21-13, 21-17 से हराया

# लक्ष्य ने किया उलटफेर, सेमीफाइनल में मारी एंट्री

एजेंसी ▶▶| कुमामोतो

शीर्ष भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने पूर्व विश्व चैंपियन सिंगापुर के लोह कीन यू पर उलटफेर भरी जीत दर्ज करते हुए कुमामोटो मास्टर्स जापान के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन और सातवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य ने 475,000 डॉलर इनामी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी लोह को 40 मिनट में 21-13, 21-17 से हराया। लक्ष्य ने दोनों खिलाड़ियों के बीच 10 मुकाबलों में सातवीं जीत के साथ अपना दबदबा कायम किया।

### सेन का 4 लाख 75 हजार डॉलर की इनामी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन



### सिंगापुर खिलाड़ी पर बनाया दबदबा

लोह ने दूसरे गेम में अच्छी वापसी की और शुरुआत में सेन के साथ 9-9 की बराबरी पर रहे। भारतीय खिलाड़ी ने दबदबा कायम करते हुए स्कोर को 15-9 कर ली। सिंगापुर के खिलाड़ी ने अंतर को 17-18 कर दिया लेकिन लक्ष्य ने अपनी पकड़ बनाए रखते हुए गेम के साथ मुकाबला अपने नाम कर लिया।

### अब निशिमोतो से मुकाबला

इस साल सितंबर में हांगकांग ओपन में उपविजेता रहने के अलावा डेनमार्क और हाइलो ओपन के अंतिम आठ में पहुंचे दुनिया के 15वें नंबर के इस खिलाड़ी के सामने अंतिम चार में जापान के छठे वरीय और दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी केंटा निशिमोतो की चुनौती होगी। पिछले कुछ समय से संघर्ष कर रहे लक्ष्य ने इस दौरान अपने खेल में शानदार नियंत्रण दिखाकर दबदबा कायम किया। शुरुआती गेम में दोनों 4-4 से बराबरी पर थे, लेकिन लक्ष्य ने ब्रेक के समय 11-8 की बढ़त बना ली। ब्रेक के बाद उन्होंने लगातार छह अंक हासिल किए और 18-9 की बढ़त बनाने के बाद आसानी से यह गेम अपने नाम कर लिया।




### अंडर-22 इंटर क्लब/ अकादमी बॉयज क्रिकेट टूर्नामेंट

# प्रेसिडेंट इलेवन, राजगढ़ और मयंक अकादमी की जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल डिवीज़न क्रिकेट एसोसिएशन(बीडीसीए) द्वारा आयोजित अंडर-22 बॉयज क्रिकेट टूर्नामेंट में बाबे अली मैदान पर राजगढ़ और फ़ेथ क्रिकेट क्लब के मध्य मैच खेला गया। राजगढ़ ने 49.5 ओवरों में 266 रन बनाए,जिसमें किंशुक श्रीवास ने शानदार 139 रनों की पारी खेली और दिव्यांश साहू ने 47 रन बनाए । फ़ैथ क्लब से आदर्श यादव ने 6, अनंत और अक्षत ने 1-1 विकेट लिया । जवाब में फ़ेथ क्लब 40.4 ओवरों में 230 रन ही बना सकी, जिसमे ऋषि रैकवार ने 100 रन की शतकीय पारी खेली, वरुण तिवारी ने 58 रन बनाए । राजगढ़ से हर्षित और हरीश दांगी ने 3-3 विकेट,राजेश ने 1 विकेट लिया ।इस तरह राजगढ़ ने फ़ेथ क्लब को 36 रन से हराया ।



किंशुक श्रीवास 139 रन, राजगढ़

### प्रेसिडेंट इलेवन ने वी एस अकादमी को 9 विकेट से हराया

अंडर-22 बॉयज का दूसरा मैच फ़ेथ क्रिकेट मैदान रातीबड़ पर वी एस क्रिकेट अकादमी और प्रेसिडेंट इलेवन के मध्य खेला गया। वी एस अकादमी ने 14.4 ओवर में 31 रन बनाए, जिसमे मोहम्मद आसिफ ने 14 रन बनाए । प्रेसिडेंट इलेवन से शिवांश चतुर्वेदी ने 7 और नीरज ग्रोवर ने 2 विकेट लिए । जवाब में प्रेसिडेंट इलेवन ने 5 ओवरों में 1 विकेट पर 34 रन बनाये, जिसमें आदित्य राज तोमर ने नाबाद 18 रन बनाए। वी एस अकादमी से सनी गुप्ता ने 1 विकेट लिया । इस तरह प्रेसिडेंट इलेवन ने वी एस अकादमी को 9 विकेट से हराया ।



शिवांश चतुर्वेदी 7 विकेट, प्रेसिडेंट इलेवन

### मयंक चतुर्वेदी अकादमी ने अंकुर अकादमी को 4 विकेट से हराया

बीडीसीए अंडर-22 बॉयज का तीसरा मैच ओल्ड फ्रेंड्स मैदान पर मयंक चतुर्वेदी अकादमी और अंकुर क्रिकेट अकादमी के मध्य मैच खेला गया। अंकुर अकादमी ने 45 ओवर में 9 विकेट पर 152 रन बनाए, जिसमें रूद्र प्रताप सिंह तोमर ने नाबाद 39 और अमित शुक्ला ने 30 रन बनाए । मयंक अकादमी से हर्ष और मोनू सिंह ने 2-2 विकेट, ऋषभ, अर्णव और निश्चय ने 1-1 विकेट लिए । जवाब में मयंक अकादमी 42 ओवर में 6 विकेट पर 155 रन बनाकर मैच जीत गई, जिसमें अदम्य पचौरी ने नाबाद 34, अक्षत बाजपेई ने 30 रन बनाए । अंकुर अकादमी से तन्मय पाण्डेय और रूद्र प्रताप सिंह ने 2-2 और रबजीत सिंह ने 1 विकेट लिया । इस तरह मयंक चतुर्वेदी अकादमी ने अंकुर अकादमी को 4 विकेट से हराया ।



मोनू सिंह 22 रन और 2 विकेट, मयंक चतुर्वेदी अकादमी

### सारंग लीग बीडीसीए अंडर 13 क्रिकेट टूर्नामेंट

# यंगस्टर क्रिकेट अकादमी ने विदिशा को हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सारंग लीग बीडीसीए अंडर 13 क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत शुक्रवार से गौतम नगर के खेल मैदान में हो गई। टूर्नामेंट का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक एवं खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने किया। पहला मैच विदिशा और यंगस्टर क्रिकेट अकादमी का मैच खेला गया, जिसमें यंगस्टर क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और विदिशा के टीम को 130 पर ऑल आउट कर दिया।

अंश परमार ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिए और अरनव ने 2 विकेट लिए। विदिशा की ओर से यश ने सर्वाधिक 37 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी यंगस्टर क्रिकेट अकादमी ने यह लक्ष्य 3 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया, जिसमें पुष्पक ने सर्वाधिक 46 रन बनाए। हितयांश ने 2 विकेट लिए। अंश परमार को शानदार गेंदबाजी करने के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया मैन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने दिया।



मैन ऑफ द मैच को पुरस्कृत करते मंत्री सारंग।

# सिख प्रीमियर लीग-2 का भव्य उद्घाटन



टूर्नामेंट का शुभारंभ करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सिख प्रीमियर लीग-2 का शुभारंभ शुक्रवार को दिलीप बिल्डिंकॉन के चेयरमैन दिलीप सूर्यवंशी द्वारा किया गया।

उद्घाटन अवसर पर अरदास के पश्चात राष्ट्रीय गान गाया गया एवं आतिशबाजी की गई, जिससे पूरे कार्यक्रम में देशभक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में 14 टीमों ने प्रतिभाग किया है। टूर्नामेंट का आयोजन 3 दिनों तक लगातार किया जाएगा। उद्घाटन के बाद पहला रोमांचक मुकाबला सिंह टाइटन्स बनाम शेर-ए-पंजाब के बीच खेला गया। इस आयोजन के प्रमुख आयोजक अमनदीप सिंह (डिम्पी), सिख यूनिटी ग्रुप ने सभी टीमों और समर्थकों का उत्साहवर्धन किया और सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।

# भोपाल क्रिकेट अकादमी ने रेल्वे यूथ क्लब को 4 विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल संभाग क्रिकेट संघ एवं पब्लिक वाणी ग्रुप द्वारा आयोजित स्वर्गीय ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति अखिल भारतीय ग्रीन पैराडाइस कप क्रिकेट प्रतियोगिता में शुक्रवार को भोपाल क्रिकेट अकादमी ने रेलवे यूथ क्लब को 4 विकेट से हराया। रेलवे यूथ क्लब ने 49.3 ओवर में 183 /10 रन बनाए। आदित्य अहिरवार ने 56 रन की पारी खेली। अंजेश पाल ने 27, आदिब खान ने 36 रन जोड़े। अनुराग यादव ने 16, संस्कार सिंह ने 15 रन बनाए। भोपाल क्रिकेट अकादमी ओर से सरजन ने चार, दिनेश ने दो, सूरज, अमन शुक्ला, प्रथू और हर्ष तिवारी ने एक-एक विकेट लिए। 184 रन के लक्ष्य के जवाब में भोपाल क्रिकेट अकादमी ने शुरुआत धीमी रखी, लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने टीम को मजबूती दी। प्रथू चतुर्वेदी ने 66 रन बनाए। सचिन ने 51 रन की पारी खेली। रोशन और सरजन ने 17-17 रन बनाए।

भोपाल क्रिकेट अकादमी ने यह मुकाबला 45 ओवर में आकर चार विकेट से अपने नाम किया। रेलवे यूथ की ओर से संस्कार ने तीन विकेट लिए। अंजेश पाल, दिव्यांश और ओम ठाकुर ने एक-एक विकेट लिया। प्रथू चतुर्वेदी को शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया ।

### मंत्री सारंग और फादर पॉलसन की मौजूदगी में वार्षिक खेल समारोह

# 'इग्नाइट 2025': सेंट पॉल को-एड स्कूल में खेल भावना और उत्साह का अद्भुत संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सेंट पॉल को-एड स्कूल, भोपाल में वार्षिक खेल समारोह 'इग्नाइट 2025' का आयोजन सेंट पॉल स्कूल ग्राउंड में बड़े उत्साह, जोश और खेल भावना के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता फादर पॉलसन सीएमआई, कोषाध्यक्ष, सेंट पॉल प्रोविंस ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय निदेशक,साई अभिषेक एस. चौहान,ने उद्घाटन किया। समारोह के समापन सत्र में कैबिनेट मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मुख्य अतिथि थे।

इस अवसर पर मिस रीना गुर्जर, वर्ल्ड पुलिस फायर गेम्स विजेता, विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। समारोह का शुभारंभ चारों सदनों के आकर्षक मार्च पास्ट से हुआ, जिसमें छात्रों ने अनुशासन और गौरव का शानदार प्रदर्शन किया। खेल शपथ के साथ समारोह का आधिकारिक उद्घाटन हुआ, जिसके बाद आसमान में उड़ते रंग-बिरंगे गुब्बारों ने वातावरण में उत्सव का जोश भर दिया। दिनभर चले खेल आयोजनों में दौड़, टग ऑफ वॉर, योग प्रदर्शन, ड्रिल, फैंसी रेस, फ्यूजन डांस, रिले रेस तथा नन्हें-मुन्नों के विशेष खेल शामिल थे, जिन्होंने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। पुरस्कार वितरण समारोह में विजेताओं को स्मृति चिन्ह और ट्रॉफियां प्रदान की गईं।



मंत्री सारंग का अभिवादन।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930